हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

शुक्ल पक्ष, अश्लेषा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • सोमवार • 05 अगस्त 2024 • वर्ष 26 • अंक 236 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00



Page 11

खेल



नीरज चोपड़ा ने ओलंपिक्स में जीता गोल्ड तो सभी को मिलेगा मुफ्त वीजा

Page 10

देश



सत्ता जिहाद कर रही है बीजेपी, अमित शाह पर बरसे उद्धव ठाकरे


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹70,580 | ₹85,500 |

## आज का इतिहास

- **1763 :** पोंटियाक का युद्धः जंगली भागो की लड़ाई- हेनरी गुलदस्ता की अगुआई वाली ब्रिटिश सेना ने बुश चलाने में मुख्य पोंटिक के भारतीयों को हराया।
- **1852 :** बतलिंगित भारतीयों ने फोर्ट सेलकर्क, युकोन क्षेत्र को नष्ट किया

## न्यूज बाइट्स

### सीएम ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी

**पटना (नि.सं.)।** बिहार के मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। वो भी ई-मेल के जरिए। धमकी भरा ई-मेल सीधे तौर पर सीएमओ के आधिकारिक ई-मेल आईडी पर भेजा गया था। धमकी भरे ई-मेल में चौंकाने वाली बात यह है कि उसमें सीएमओ को बम से उड़ाने की बात लिखने के साथ ही 'अलकायदा ग्रुप' लिखा हुआ था। पटना। बिहार के मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। वो भी ई-मेल के जरिए। धमकी भरा ई-मेल सीधे तौर पर सीएमओ के आधिकारिक ई-मेल आईडी पर भेजा गया था। धमकी भरे ई-मेल में चौंकाने वाली बात यह है कि उसमें सीएमओ को बम से उड़ाने की बात लिखने के साथ ही 'अलकायदा ग्रुप' लिखा हुआ था।

### सीबीएसई सप्लीमेंट्री रिजल्ट से असंतुष्ट स्टूडेंट्स करें अप्लाई

**पटना (नि.सं.)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 2024 के 12वीं सप्लीमेंट्री एग्जाम का रिजल्ट जारी हो चुका है। अपने रिजल्ट से असंतुष्ट परीक्षार्थी मार्क्स वेरिफिकेशन के लिए 6 और 7 अगस्त को ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए सबकुछ ऑनलाइन के माध्यम से किया जाएगा। सीबीएसई ने 12वीं के सभी विषयों की सप्लीमेंट्री परीक्षा एक ही दिन यानी 15 जुलाई को आयोजित की थी। इस संबंध में सीबीएसई ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

### जनरल चौहान सेनाओं के वित्तीय सम्मेलन को करेंगे करेंगे संबोधित

**नई दिल्ली (ए.)।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान सोमवार को यहां तीनों सेनाओं एक शीर्ष वित्तीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। मानेकशॉ सेंटर में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन का उद्देश्य सशस्त्र बलों के वित्तीय मुद्दों में एकीकरण और तालमेल बढ़ाना है। इसमें रक्षा मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय (वित्त), रक्षा लेखा महानियंत्रक, सेवाओं के एकीकृत वित्तीय सलाहकार, सरकारी ई-मार्केटप्लेस, भारतीय तटरक्षक मुख्यालय और सेवा मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे। जनरल चौहान इस मौके पर अधिकारियों को संबोधित भी करेंगे। यह सम्मेलन सशस्त्र बलों में एकीकरण और संयुक्तता पर चल रहे अभियान के लिए निर्धारित उद्देश्यों के अनुरूप, सहयोग बढ़ाने और वित्तीय मुद्दों पर अधिक तालमेल बनाने के लिए मुख्यालय आईडीएस द्वारा किया जा रहा है। इसमें रक्षा वित्त में विभिन्न हितधारकों के परिप्रेक्ष्य को समझने और रक्षा खरीद में आने वाली चुनौतियों का समाधान खोजने के पहलुओं पर चर्चा निर्धारित है।

नए आपराधिक कानूनों के लिए ई-साक्ष्य, न्याय सेतु और ई- समन ऐप का हुआ लोकार्पण, शाह ने कहा :

# सदी का सबसे बड़ा सुधार है नया कानून

- ई-साक्ष्य के तहत घटनास्थल की सभी वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी, और गवाही को तुरंत कोर्ट में उपलब्ध कराया जाएगा।
- ई-समन के तहत कोर्ट से पुलिस स्टेशन और संबंधित व्यक्ति को इलेक्ट्रॉनिक तरीके से समन भेजा जाएगा।

**एजेंसी | चंडीगढ**



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को यहां कहा कि तीन नये आपराधिक कानून और आपराधिक न्याय प्रणाली 21वीं सदी का सबसे बड़ा सुधार साबित होगा। श्री शाह ने एक कार्यक्रम में नए आपराधिक कानूनों के लिए ई-साक्ष्य, न्याय सेतु, न्याय श्रुति और ई- समन ऐप का लोकार्पण किया। इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया और केन्द्रीय गृह सचिव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। गृह मंत्री ने कहा कि यहां उपस्थित सभी लोग 21वीं सदी के सबसे बड़े सुधार के लागू होने के साक्षी बने हैं। उन्होंने कहा कि तीन नये कानूनों – भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) - में भारत की मिट्टी की सुगंध और न्याय के संस्कार हैं। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को न्याय देना संविधान का दायित्व है और संविधान की इस भावना को ज़मीन पर उतारने का माध्यम न्यायिक प्रणाली है। श्री शाह ने कहा कि 150 साल पहले बने कानून प्रासंगिक नहीं रह सकते। आज के भारत और उस वक्त के शासकों के उद्देश्य और आज हमारे संविधान के उद्देश्यों में बहुत अंतर है लेकिन क्रियान्वयन की मशीनरी वही है। उन्होंने कहा कि वर्षों तक लोगों को न्याय नहीं मिलता था और तारीख पर तारीख मिलती थी। धीरे-धीरे लोगों का विश्वास सिस्टम पर से उठता जा रहा था। इसीलिए मोदी सरकार ने नय कानून बनाये हैं। उन्होंने कहा कि इन कानूनों में दंड का कोई प्रावधान नहीं है बल्कि इनका उद्देश्य लोगों को न्याय देना है इसीलिए ये दंड संहिता नहीं बल्कि न्याय संहिता है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि इन कानूनों के पूर्ण क्रियान्वयन के बाद पूरी दुनिया में सबसे आधुनिक और तकनीक से युक्त आपराधिक न्याय प्रणाली भारत की होगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए गृह मंत्रालय ने अनेक स्तरों पर प्रशिक्षण और कौशल विकास की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि इन्हें ज़मीन पर उतारने के लिए पूरे तंत्र की तकनीकी क्षमता बढ़ानी होगी। उन्होंने कहा कि आज ई-साक्ष्य, ई-समन, न्याय सेतु और न्याय श्रुति ऐप का लोकार्पण हुआ है। उन्होंने कहा कि ई- साक्ष्य के तहत घटनास्थल की सभी वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी और गवाही ई-साक्ष्य सर्वर पर सेव की जाएगी, जो तुरंत ही कोर्ट में भी उपलब्ध होगी। ई-समन के तहत कोर्ट से पुलिस स्टेशन तक और जिसे समन भेजा जाना है उस तक भी इसे इलेक्ट्रॉनिक तरीके से भेजा जाएगा। न्याय सेतु डैशबोर्ड पर पुलिस, मेडिकल, फॉरेन्सिक, प्रॉसीक्यूशन और प्रिज़न एकसाथ इंटरलिंक्ड हैं, जिससे पुलिस को जांच से संबंधित सभी जानकारी मात्र एक क्लिक पर उपलब्ध होगी। न्याय श्रुति के माध्यम से न्यायालय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गवाहों की सुनवाई कर सकेगा। इससे समय और पैसे की बचत होगी और मामले का निपटारा भी जल्दी हो सकेगा।

श्री शाह ने कहा कि नशे की लत के खिलाफ अभियान मात्र एक सरकारी अभियान नहीं है बल्कि ये नई पीढ़ी को नशे की लत से बाहर निकालने का अभियान है। उन्होंने कहा कि जो लोग नशे की गिरफ्त में हैं उनकी और उनके परिवारजनों की हीनभावना दूर कर हमें इस बीमारी का इलाज करना चाहिए और इसके प्रति जागरुकता फैलानी चाहिए। श्री शाह ने कहा कि तीनों नए कानून और इनके माध्यम से भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली 21वीं सदी का सबसे बड़ा सुधार है। उन्होंने कहा कि इन कानूनों में तकनीक को इस प्रकार से शामिल किया गया है कि आने वाले 50 साल तक ईजाद होने वाली सारी तकनीक को इसमें समाहित कर लिया गया है।

जल्द रिजल्ट निकालने की तैयारी में जुटा आयोग

# अगस्त के अंत तक आएगा टीयर-3 का रिजल्ट आरक्षण का हिस्सा 50 फीसदी ही हुआ तय

**निज संवाददाता | पटना**

शिक्षक भर्ती परीक्षा के तीसरे चरण का रिजल्ट इसी अगस्त महीने के अंत तक निकलने की संभावना है। राज्य सरकार द्वारा शिक्षक भर्ती परीक्षा में दिए जाने वाले आरक्षण का हिस्सा 50 फीसदी तय करने के बाद अब बिहार लोक सेवा आयोग जल्द रिजल्ट निकालने की तैयारी में जुट गया है।

वहीं, आयोग से मिली जानकारी के अनुसार ओएमआर शीट की स्कैनिंग आखिरी दौर में चल रही है। मंगलवार तक यह काम पूरा हो जायेगा। उसके बाद इसे वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा, जिसे अभ्यर्थी डाउनलोड कर सकेंगे। अगस्त के दूसरे हफ्ते में अंत तक आयोग आंसर की के विशेषज्ञ समिति का गठन कर देगा जो अलग-अलग विषयों के लिए प्रोविजनल आंसर की बना रही है। ओएमआर शीट अपलोड करने के अगले दिन से प्रोविजनल आंसर-की निकलनी शुरू हो जाएगी। इसके बाद अभ्यर्थियों को उन पर आपत्ति दर्ज करने का समय दिया जाएगा। फिर विशेषज्ञ समिति की ओर से उन पर विचार और आपत्ति से सहमत होने की स्थिति में आंसर-की में अपेक्षित संशोधन के बाद दूसरी प्रोविजनल आंसर-की जारी की जाएगी।

आंसर की के आधार पर ही अलग-अलग शिक्षक श्रेणियां और विषयों के अभ्यर्थियों के लिए ओएमआर शीट का मूल्यांकन किया जाएगा। इसके बाद रिजल्ट निकालने के लिए आरक्षण कोटिवार रिक्तियों की जरूरत पड़ेगी। वहीं, इसको लेकर आयोग के अध्यक्ष परमार रवि मनु भाई ने कहा कि अब तक आयोग को इस संबंध में औपचारिक सूचना और आरक्षण रोस्टर क्लियरेंस के बाद वैकेंसी नहीं मिली है। सामान्य प्रशासन विभाग से यह आनी है। लेकिन जल्द ही इसके मिल जाने की उम्मीद में वे अपनी तैयारी जारी रखेंगे।

## सक्षमता परीक्षा पास शिक्षकों की सात अगस्त की काउंसिलिंग स्थगित

**निज संवाददाता | पटना**

सक्षमता परीक्षा पास शिक्षक अभ्यर्थियों की 7 अगस्त को होने वाली काउंसिलिंग को स्थगित कर दी गई है। अगली तिथि बाद में जारी की जाएगी। 7 अगस्त को सिपाही भर्ती की परीक्षा है। इसकी वजह से काउंसिलिंग स्थगित कर दी गई है। इस बीच सक्षमता पास शिक्षकों की काउंसिलिंग बाकी सभी दिन अपने समय अनुसार होती रहेगी।

वहीं, शनिवार को तीसरे दिन भी काउंसलिंग पटना डीआरसीसी कार्यालय में हुई। तीसरे दिन काउंसिलिंग के लिए 248 शिक्षक अभ्यर्थियों को बुलाया गया था। इनमें 246 शिक्षकों की काउंसिलिंग के दौरान मूल कागजातों की जांच की गई। थंब इंप्रेशन लिया गया। बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा 7 अगस्त से 28 अगस्त के बीच होगी। परीक्षा का आयोजन एक ही पाली में दोपहर 12 बजे से लेकर 2 बजे तक किया जायेगा। इस परीक्षा के लिए 17 लाख 81 हजार 720 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। यह परीक्षा राज्य के सभी 38 जिलों में 545 सेंटर्स पर इसका आयोजन किया जाएगा। सिपाही भर्ती परीक्षा 1 अक्टूबर 2023 को हुआ था।

# मध्य प्रदेश में दीवार गिरने से 9 बच्चों की मौत

**निज संवाददाता | सागर (मध्य प्रदेश)**



मध्य प्रदेश के सागर जिले में रविवार को दर्दनाक हादसा हुआ है। जिले के शाहपुर में दीवार गिरने से नौ बच्चों की मौत हो गई है। छोटे बच्चों की मौत के बाद से पूरा क्षेत्र गम में डूब गया है।

दरअसल, शाहपुर में हरदौल मंदिर में शिवलिंग निर्माण एवं भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। सावन के महीने में मंदिर में सुबह से शिवलिंग बनाने का काम चल रहा था। शिवलिंग बनाने के लिए आठ से 14 साल के बच्चे भी पहुंचे थे। बच्चे जब शिवलिंग बना रहे थे, तभी मंदिर परिसर के बगल वाली कच्ची दीवार भरभराकर गिर गई। दीवार करीब पचास साल पुरानी थी। यह दीवार शिवलिंग बना रहे बच्चों के ऊपर सीधी गिरी, जिससे एक साथ नौ बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर चीख-पुकार मच गई। वहां मौजूद लोगों ने तत्काल मलबे को हटाने का काम शुरूकर दिया, जिसके बाद नीचे दबे बच्चों को निकाला गया। नगर परिषद और पुलिस राहत कार्य में लगे हुए हैं। जानकारी के मुताबिक मंदिर परिसर के बराबर में पचास साल पुरानी दीवार जर्जर हो चुकी थी। इसके बाद भी दीवार को गिराया नहीं गया। सागर में इन दिनों भारी बारिश हो रही है। 24 घंटे के अंदर ही यहां 104 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। ऐसे में बारिश से कच्चे व जर्जर मकानों को खतरा बना हुआ है।

# आरजेडी के कई नेताओं ने जेडीयू का थामा दामन

**निज संवाददाता | पटना**



बिहार विधानसभा चुनाव से पहले नेताओं का पाला बदलने के खेल शुरू हो गया है। आज रविवार को लालू यादव की पार्टी आरजेडी के कई नेता एक साथ जेडीयू में शामिल हुए। ये सभी समस्तीपुर जिले के हैं। जदयू के पार्टी दफ्तर में संसदीय मंत्री और जेडीयू के वरिष्ठ नेता विजय चौधरी ने सभी को सदस्यता दिलाई गई। इस मौके पर जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, मंत्री अशोक चौधरी समेत कई पार्टी पदाधिकारी शामिल रहे। इस मौके पर सभी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति विश्वास जताया।

इस मौके पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि बिहार में हुई जातीय गणना व आरक्षण सीमा बढ़ाने के फैसले का श्रेय लेने की होड़ में राजद अकबाकहट में है। जबकि, बिहार की जनता इसका सच जानती है। उन्होंने कहा कि दोनों फैसलों का श्रेय सिर्फ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जाता है। चौधरी ने कहा कि हम लोग तो बिहार आरक्षण कानून बनने के लिए अगले दिन से ही 9वीं सूची में शामिल करने की मांग भारत सरकार से कर रहे थे। रविवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे। वहीं जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि नए लोगों के जुड़ने से संगठन को मजबूती मिलेगी। साल 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव को बेहतर बनाना है। जो लोग कह रहे थे कि जेडीयू खत्म हो जाएगी, उन्हें लोकसभा चुनाव 2024 में जवाब मिल चुका है।

# पटना में डेंगू के दो पीड़ित मिले

**पटना (नि.सं.)।** पटना में डेंगू के दो पीड़ित रविवार को मिले। इनमें से एक पटना के बांकीपुर इलाके का है जबकि दूसरा समस्तीपुर का है। नों की जांच एनएमसीएच में की गई थी। जिला संक्रामक रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र प्रसाद ने बताया कि बारिश के बाद जलजमाव से प्रभावित इलाके में डेंगू का प्रकोप और बढ़ने की आशंका है। इसको देखते हुए निगम की मदद से जलजमाव वाले इलाके में लार्वासाइड का छिड़काव और फॉगिंग की जा रही है।

# कौन होगा बिहार का अगला मुख्य सचिव ? चर्चा तेज

31 अगस्त को रिटायर हो रहे हैं वर्तमान मुख्य सचिव

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार का अगला मुख्य सचिव कौन होगा इस पर सत्ता के गलियारे में आधा दर्जन नामों पर कयास चल रहा। वर्तमान मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा इसी महीने की 31 तारीख को रिटायर होने वाले हैं।

अगले वर्ष बिहार में विधानसभा का चुनाव होना है। ऐसे में सरकार चाहती है कि किसी तेज-तर्रार अधिकारी को मुख्य सचिव बनाया जाए जो चुनाव के पहले उन कार्यों का निष्पादन तेजी से करा सके जो आम लोगों से सीधे-सीधे जुड़ी है। अगले मुख्य सचिव के रूप में जिन अधिकारियों के नाम की चर्चा है उनमें 1989 बैच से लेकर 1991 बैच तक के अधिकारी का नाम है।

# मुख्यमंत्री लघु उद्यमी योजना : प्रशिक्षण के तीन-चार दिन बाद दी जाएगी दूसरी किस्त

**निज संवाददाता | पटना**

मुख्यमंत्री लघु उद्यमी योजना के तहत जिन लोगों को पहली किस्त मिली है उन्हें उद्योग विभाग अब ट्रेनिंग दिए जाने की तैयारी कर रहा। सरकार ने बताया कि लाभार्थियों को कब दूसरी किस्त दी जाएगी। लाभार्थियों को तीन-चार दिनों के प्रशिक्षण के बाद दूसरी किस्त दी जाएगी। प्रशिक्षण का काम जिला स्तर पर काम कर रहे डीआरसीसी सेंटर पर कराया जाएगा। जाति आधारित गणना के क्रम में सरकार ने सभी परिवारों का आर्थिक सर्वे कराया था। इस क्रम में यह बात सामने आयी थी कि बड़ी संख्या में ऐसे परिवार हैं जिनकी मासिक आय छह हजार रुपए से कम है। राज्य सरकार ने ऐसे परिवारों के लिए मुख्यमंत्री लघु उद्यमी योजना का आरंभ किया। ऐसे परिवार को सरकार के स्तर पर दो लाख रुपए की सहायता रोजगार शुरु करने के लिए दी जानी है। इस योजना के तहत लाभार्थी को दो लाख रुपए की सहायता तीन किस्तों में मिलनी है। पहली किस्त के तहत 25 प्रतिशत की राशि दी गयी है। अब उद्योग विभाग उन लाभार्थियों को तीन से चार दिनों का प्रशिक्षण देगा जिन्हें पहली किस्त मिली है। यह प्रशिक्षण मुख्य रूप से पैसे का हिसाब रखने, बैंक खाता व उनके द्वारा तैयार किए उत्पादों के बाजार की जानकारी से संबंधित है। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद लाभार्थियों को इस योजना के तहत 50 प्रतिशत की राशि मिलेगी और बाद में शेष 25 प्रतिशत।

# बिहार की यूनिवर्सिटी के सिलेबस में होगा बदलाव, तैयारी शुरू

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार के विश्वविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रम अपग्रेड होंगे। कई पुराने विषय हटाए जाएंगे और नए जोड़े जाएंगे। इसके लिए शिक्षा विभाग ने एक उच्चस्तरीय समिति गठित की है। विभाग के अनुसार पाठ्यक्रम के कई विषयों में अब छात्र-छात्राओं की रुचि नहीं रही। ऐसे विषयों को लेकर सभी कुलपतियों से रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट आने पर समिति तय करेगी कि कौन-कौन विषय अनुपयोगी हैं। पाठ्यक्रम में पर्यटन, फिजियोथेरेपी, योग, आपदा प्रबंधन एवं पारा मेडिकल आदि विषय जोड़े जा सकते हैं। विभागीय सचिव वैद्यनाथ यादव ने पाठ्यक्रम की समीक्षा और उसमें बदलाव के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की है। उसमें पाटलिपुत्र, जयप्रकाश व बीएन मंडल विश्वविद्यालय के कुलपति क्रमशः प्रो. आरके सिंह, प्रो. प्रमेन्द्र कुमार बाजपेयी व प्रो. बिमलेन्दु शेखर झा सम्मिलित हैं। यह समिति 20 वर्ष पुराने व्यावसायिक पाठ्यक्रम की समीक्षा कर रिपोर्ट देगी।

# बिहार ने जुलाई में जीएसटी वसूली का तोड़ा रिकॉर्ड

- पिछले वर्ष जुलाई की तुलना में इस बार 5 प्रतिशत अधिक जीएसटी की वसूली
- बिहार ने जीएसटी वसूली का रिकॉर्ड तोड़ते हुए यूपी और बंगाल को पीछे छोड़ दिया

**निज संवाददाता | पटना**



इस वर्ष जीएसटी संग्रहण के जून के राज्यवार आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए गए। अब जुलाई में वसूल की गई राशि का पता चला है। बिहार में 1569 करोड़ रुपये की वसूली हुई है, जो पिछले वर्ष जुलाई में हुए संग्रहण की तुलना में पांच प्रतिशत अधिक है। जुलाई, 2023 में 1488 करोड़ रुपये जीएसटी की वसूली हुई थी। हालांकि, समान अवधि में राष्ट्रीय स्तर पर संग्रहण में नौ प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश और बंगाल की तुलना में प्रतिशत रूप में बिहार में जुलाई में क्रमशः दो और एक प्रतिशत अधिक जीएसटी की वसूली हुई है। हालांकि, राशि के रूप में यह काफी कम है। पिछले वर्ष जुलाई की तुलना में इस बार झारखंड को 10 प्रतिशत अधिक जीएसटी मिला है। इस बार वहां 3135 करोड़ रुपये की वसूली हुई है। इसका मुख्य कारण उसकी खनिज संपदा है। बिहार में प्री-सेटलमेंट जीएसटी वसूली में तीन प्रतिशत और पोस्ट-सेटलमेंट वसूली में आठ प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। प्री-सेटलमेंट 739 करोड़ का है, जबकि पोस्ट-सेटलमेंट राजस्व 2351 करोड़ का।

## नीट : सीबीआई को नई जानकारियां मिलीं, रडार पर संजीव मुखिया

**पटना (नि.सं.)।** नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की गतिविधियां लगातार जारी है। पेपर लीक मामले को अपने अंजाम तक पहुंचाने में केंद्रीय जांच एजेंसी कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रही। सीबीआई ने अपनी जांच शुरू करने से लेकर अब तक 38 लोगों को गिरफ्तार किया है। अब जांच एजेंसी के रडार पर पेपर लीक मामले का मास्टर माइंड संजीव मुखिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, संजीव मुखिया के संबंध में जांच एजेंसी को कई अहम जानकारियां मिली हैं।

आंधी-पानी से बिहार में बिजली सप्लाई चरमराई

# बिहार के कई जिलों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह रही प्रभावित

**निज संवाददाता | पटना**



तेज आंधी-पानी के कारण पटना मुजफ्फरपुर समेत कई बिहार के जिलों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह प्रभावित रही। पटना में शुक्रवार की रात 12 बजे के बाद 33 और 11 केवीए के 30 से अधिक फीडरों की बिजली आपूर्ति चरमराई रही। आपूर्ति व्यवस्था चरमराने के कारण शहर की लगभग पांच लाख से अधिक की आबादी बिजली कटौती से परेशान रही। शहर के अमूमन इलाके में बिजली की आंख-मिचौनी होती रही। यह समस्या बैनर-पोस्टर और पेड़ की डाली तार पर गिरने से बनी। शहर में जगह-जगह लगे बैनर-पोस्टर आंधी में टूटकर बिजली के तार से लिपट गए। इसके कारण फीडर बंद होता रहा। 11 केवीए के एक फीडर बंद होने से एक साथ 20 से 25 ट्रांसफार्मरों की बिजली ठप रही।

पाटलिपुत्र फीडर, नासरीगंज फीडर, सगुना फीडर, वेस्ट फीडर, खाजपुरा फीडर, एक्सचेंज फीडर, पीजी फीडर, 33 केवीए पेसू टू फीडर, जमाल रोड फीडर, एमजी नगर फीडर, साईं मंदिर फीडर, बेऊर सिटी फीडर, मालसलामी फीडर, यूनिवर्सिटी फीडर, इशोपुर फीडर, सीआईएसएफ फीडर, एफसीआई फीडर, अर्पणा बैंक कॉलोनी फीडर, खगौल 6 फीडर, न्यू टाउन फीडर, 33 केवीए पेसू-6 फीडर, आईजीआईसी फीडर, आउटर फीडर, बोर्ड कॉलोनी फीडर, आरपीएस फीडर, 33 केवीए दानापुर 1 फीडर, 33 केवीए आरबीआई फीडर, 33 केवीए आशियाना फीडर बंद रहा।




## संक्षिप्त समाचार

### आठ लाख लेकर मूर्तियों की हेराफेरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**नालंदा**। लाखों रुपए लेकर मूर्तियों की हेराफेरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है। पकड़े गए आरोपी सोने की मूर्ति का ऑर्डर लेकर अष्टधातु की मूर्ति का सप्लाई करते थे। इतना ही नहीं, ऑर्डर के समय मिलने वाले रुपए भी गिरोह के पकड़े गए सदस्य लेकर फरार हो जाते थे। दरअसल, इस मामले का खुलासा तब हुआ, जब भिखुआ गांव के पास स्थित एक इलेक्ट्रिक वेयरहाउस गोदाम के मैनेजर राजीव कुमार ने गिरोह के दो लोगों की पहचान करते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। दोनों लोगों ने पीड़ित राजीव कुमार से आठ लाख रुपए लेकर सोने की मूर्ति देने का ऑर्डर लिया था, लेकिन सप्लाई में दोनों मूर्ति अष्टधातु की निकली। शनिवार को पुलिस ने जानकारी देते हुए कहा कि ऐसे गिरोह का सिंडिकेट काफी लंबा है तथा बिहार के बाहर दूसरे राज्यों में भी फैला है। हालांकि, पुलिस ने इस गिरोह से जुड़े दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार पहला आरोपी मोकामा के कन्हाई पुर निवासी संजीत पासवान तथा दूसरा आरोपी नालंदा जिले के थरथरी निवासी शशि कुमार उर्फ रवि है। थानाध्यक्ष रुपक कुमार अम्बुज ने बताया कि राजीव कुमार ने अपने वेयरहाउस गोदाम के कार्यालय में रखने के लिए सोने की निर्मित बुद्ध भगवान की मूर्ति ऑर्डर किया था। ऑर्डर होते ही दो लोग वेयरहाउस गोदाम पहुंचे तथा आठ लाख रुपए में सौदा तय किया। डिलेवरी के दिन दोनों युवक बुद्ध भगवान की मूर्ति लेकर वेयरहाउस पहुंचा तथा सोना की सत्यता की बात कहते हुए आठ लाख रुपए लेकर मूर्ति को डिलेवरी दे दिया। डिलेवरी देने के बाद पैसे लेकर दोनों युवक गोदाम से निकलकर चले गए। जब पीड़ित मैनेजर राजीव कुमार ने मूर्ति का पैकेट खोला तो मूर्ति सोने के बदले अष्टधातु की थी। इसके बाद उसे ठगे जाने का एहसास हुआ। पीड़ित राजीव कुमार ने थाने में शिकायत दर्ज करायी। पुलिस मामले की छानबीन करते हुए दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### पोखर में डूबने से बच्चे की मौत

**रहुई**। रघुनाथपुर में शनिवार की सुबह पोखर में डूबकर बच्चे की मौत हो गई। मृतक योगेंद्र चौहान का तीन साल का पुत्र सुजीत कुमार है। परिवार ने बताया कि बच्चा पोखर के समीप गया था। उसी दौरान पैर फिसलने से वह पोखर में गिर गया। जहां डूबकर उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार के हवाले कर दिया गया।

### 7 अगस्त की काउंसिलिंग स्थगित

**बिहारशरीफ**। सक्षमता परीक्षा पास शिक्षकों की काउंसिलिंग 1 अगस्त से की जा रही है। काउंसिलिंग के दौरान शिक्षक अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों का सत्यापन किया जा रहा है। शिक्षकों के आधार का भी वेरिफिकेशन किया जा रहा है। 7 अगस्त को सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर काउंसिलिंग को स्थगित कर दिया गया है। काउंसिलिंग की अगली तिथि बाद में जारी की जाएगी।

### ई-शिक्षा कोष से ही शिक्षक प्रतिनियुक्ति

**बिहारशरीफ**। सतत व्यावसायिक विकास योजना के तहत राज्य के सभी शिक्षकों को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 2 बार प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रशिक्षण का लेखा जोखा रखने के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग करना जरूरी हो गया है। राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद की ओर से इस कार्य के लिए ई-शिक्षा कोष को अधिकृत किया गया है। एससीईआरटी के निदेशक सज्जन आर ने डीईओ और डीपीओ समग्र शिक्षा को प्रशिक्षण के लिए केवल ई-शिक्षा कोष से शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया है। दूसरे माध्यम से शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति मान्य नहीं होगी। एससीईआरटी ने इसके लिए दो तकनीकी सहायकों के नाम और मोबाइल नम्बर भी जारी किया है। एससीईआरटी के व्याख्याता मो मोबस्सर जावेद और ई-शिक्षा कोष के परियोजना प्रबंधक अभिषेक कुमार को तकनीकी सहायता के लिए नामित किया गया है।

### खाने को लेकर विवाद के बाद पति ने लगाई फांसी, पत्नी बोली- पहले पीटा तो बेहोश हो गई

**नालंदा**। नालंदा में घरेलू विवाद में शनिवार को एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पत्नी ने बताया कि पति ने पहले मेरी पिटाई की, जिससे बेहोश हो गई। जब होश आया तो पति फंदे से लटकते हुए मिले। मामला बिहारशरीफ के सोहसराय थाना क्षेत्र के किसान सिनेमा के पास का है। मृतक की पहचान हरनौत थाना क्षेत्र के नेहुसा गांव निवासी राधेश्याम पासवान के बेटे आयुष कुमार (18) के रूप में हुई है। फिलहाल वह किराए के मकान में सोहसराय में अपनी पत्नी के साथ रह रहा था। घटना के संबंध में आयुष की पत्नी अन्नू ने बताया कि उसका पति पढ़ाई के बाद कमरे में लौटा और उसने खाना मांगा। मैंने खाना देने से मना कर दिया। इसके बाद आयुष उसे कमरे में ले गया और अंदर से दरवाजा बंद कर पिटाई करने लगा। वह बेहोश होकर कमरे में ही गिर गई। वहीं, जब उसे होश आया तो आयुष फंदे से लटका था। बगल वाले कमरे में अन्नू की बड़ी बहन रहती है, जिसे जाकर उसने घटना की जानकारी दी। आनन-फानन में फंदे से उतार कर आयुष को पास के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। अस्पताल की ओर से स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। आयुष बिहार शरीफ में ही रहकर BPSC की तैयारी कर रहा था। आयुष और अन्नू की शादी साल 2023 में हुई थी। आयुष की पत्नी भी साथ रहकर मैट्रिक परीक्षा की तैयारी में जुटी हुई थी। वहीं, इस मामले में सोहसराय थाना अध्यक्ष राजमणि ने बताया कि खाना खाने को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ। इसके बाद युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। फिलहाल पुलिस शव के पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया में जुट गई है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



### नालंदा में संदिग्ध हालत में ऑटो चालक की मौत, परिजनों ने जहर खिलाकर हत्या का लगाया आरोप

**नालंदा**। नालंदा में संदिग्ध हालत में एक अधेड़ की शनिवार को मौत हो गई। मामला एकंगरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत खगरिया गांव का है। मृतक की पहचान खगरिया गांव निवासी स्वर्गीय बौधू रविदास के बेटे नंदू रविदास (50) के रूप में की गई है। घटना के संबंध में परिजन ने बताया कि नंदू रविदास ऑटो चलाने एवं चलवाने का काम करते थे। शुक्रवार की शाम ऑटो भाड़ा पर करके 3 व्यक्ति के द्वारा ले जाया गया था। जहां से देर शाम नंदू रविदास ड्राइवर के साथ एकंगरसराय बाजार पहुँचे। जहां उन्हें ऑटो पर बैठा छोड़ ड्राइवर चला गया जबकि 2 लोग रास्ते मे उतर गया था। ऑटो पर काफी देर से वह बैठे हुए थे। स्थानीय लोगों की जब उनपर नजर पड़ी तो परिवार के लोगों को जानकारी दी गई। परिवार लोग मौके पर पहुँचे तो पाया कि उनकी तबीयत बिगड़ी हुई है। इसके उपरांत उन्हें निजी अस्पताल इलाज के लिए ले जाया गया। जहां उनकी मौत हो गई। परिजन आशंका व्यक्त कर रहे हैं कि खाने में कुछ मिलाकर अधेड़ को दे दिया है। जिसके कारण उनकी मौत हो गई है। बेटे ने बताया कि कुछ दिन पूर्व बस स्टैंड में एजेंटी को लेकर कुछ लोगों से विवाद हुआ था। उन्हीं लोगों के द्वारा ही घटना को अंजाम दिया गया है। वहीं इस मामले में एकंगरसराय थाना अध्यक्ष ने बताया कि संदेहास्पद स्थिति में अधेड़ की मौत हुई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का सही खुलासा हो सकेगा।




# मुहाने नदी का पानी चार गांव में घुसा

## बाढ़ पीड़ितों को सुरक्षित स्थान पर किया शिफ्ट, टूटी सड़क की मरम्मत और पानी रोकने के आदेश

निज संवाददाता। गया

गया जिले के बोधगया प्रखण्ड के बसारी पंचायत में मुहाने नदी के जलस्तर में वृद्धि हो गई है। जिसके कारण बतसपुर और छाछ, घोंघरिया, मोराटाल गांव में बाढ़ पानी घुस गया है। दोनों गांवों के प्रभावित लोगों को पास के स्कूल में शिफ्ट किया गया है। साथ ही में क्षतिग्रस्त सड़क को दुरुस्त करने और बाढ़ के पानी को रोकने के उपाय करने का आदेश डीएम डॉ. त्यागराजन ने दिया है। उन्होंने मौके का निरीक्षण भी किया है। गौरतलब है कि मुहाने नदी झारखंड होते हुए यहां आती है। बीते 48 घंटे से पड़ोसी राज्य झारखंड में अत्यधिक वर्षा हो रही है। इस वजह से मुहाने नदी के जलस्तर में वृद्धि हुई है। डीएम डॉ. त्यागराजन ने बताया कि बसारी गांव में जाने वाली सड़क में थोड़ी कटाव हुई है, यह सड़क कंहोले मोरा टाल होते हुए डुंगेश्वरी तक जाती है। उन्होंने कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग को निर्देश दिया है कि सड़क कटाव को 24 घण्टे के अंदर दुरुस्त किया जाए।





**शनिवार दोपहर से पानी बढ़ाः** स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि शनिवार दोपहर से नदी में पानी बढ़ा है। बतसपुर पंचायत में मुहाने नदी के पानी को जरूरत के हिसाब से सिंचाई के लिए बांध बनाया गया है, ताकि इलाके के किसान अपने खेतों की सिंचाई कर सके लेकिन बांध के दो मीटर पहले ही पानी का बहाव मुड़ जाने के कारण आसपास के गांव में पानी का फैलाव हुआ है। हालांकि ग्रामीणों ने यह भी बताया कि बाढ़ का पानी अब घटने लगा है।

**बाढ़ में फंसे लोगों को प्रोटेक्शन देने के निर्देशः** डीएम त्यागराजन ने अभियंता फ्लड नियंत्रण राम बहादुर सिंह को निर्देश दिया है कि इस क्षेत्र में घूम कर आकलन करें कि तत्काल कैसे पानी में फंसे लोगों को राहत दिया जा सकता है। बाढ़ में फंसे लोगों को कैसे प्रोटेक्शन दिया जाए, इस पर तुरंत काम करें। कार्यपालक अभियंता सिंचाई प्रमंडल तिलैया धाधर को भी निर्देश दिया है कि आसपास के क्षेत्र में घूमकर पानी को रोकने के लिए और क्या-क्या उपाय किए जा सकते हैं आकलन करें। डीएम के आदेश पर घोघटिया मांझी टोला के लोगों को एसडीआरएफ की टीम को बुलाकर रेस्क्यू करवाया और फंसे लोगों को नाव के सहारे निकालकर नजदीक के प्राथमिक विद्यालय में शिफ्ट किया गया है। शिफ्ट किए गए लोगों के लिए रात में ठहरने व खाने की पूरी व्यवस्था की गई है। जेनरेटर सहित रोशनी की पूरी व्यवस्थाहै।

**नदी के दोनों साइड 2 किमी तक बांध बनवाने की मांगः** बाढ़ का पानी गांव के घरों में घुसने की सूचना मिलते ही बोधगया विधायक सह पूर्व कृषि कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत ने भी प्रभावित इलाके का जायजा लिया है। इस मौके पर बोधगया विधायक ने मुहाने नदी पर बनाए गए बांध की कमियां गिनाईं और उसे दूर करने के सुझाव दिए। उन्होंने मुहाने नदी के दोनों साइड में 2 किलोमीटर तक बांध बनवाने की जिला अधिकारी से मांग की है। इसके अलावा किसानों को फसल क्षति मुआवजा और वैसे व्यक्ति जिनके कच्चे मकानों की क्षति हुई है उन्हें मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

## हथियार के साथ बाइक सवार युवक गिरफ्तार

निज संवाददाता। गया

गया जिले के बेलागंज थाना पुलिस ने देसी हथियार थ्रीनट के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी बेलागंज बाजार क्षेत्र से हुई है। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर रही है। हालांकि पुलिस को युवक से किसी प्रकार की ठोस जानकारी नहीं मिल सकी है। वहीं, थानाध्यक्ष प्रशिक्षु डीएसपी ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। पकड़े गए युवक की पहचान थानाक्षेत्र के सिघोल निवासी अजीत यादव के रूप में हुई है।



**हाथापाई के दौरान सड़क पर गिरा था हथियारः** दरअसल बेलागंज बाजार स्थित सब्जी मंडी के पास दो बाइक सवार आपस भिड़ गए। दोनों बहस कर रहे थे। हाथापाई भी शुरू हो गई थी। इसी बीच डायल-112 की पुलिस आ गई। हाथापाई के बीच बाइक से कपड़ा में लिपटा कुछ सामान सड़क पर गिर गया। गिरने की आवाज पर पुलिस ने छानबीन की तो हथियार मिला। उसे तत्काल जब्त कर बाइक सवार को गिरफ्तार किया। प्रशिक्षु डीएसपी थानाध्यक्ष सदानंद कुमार ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है।

## नगर विधायक और निगम जन प्रतिनिधियों के बीच जंग जारी, दोनों ओर से पुतला फूंकने का दौर भी जारी

### गया डिप्टी मेयर के बयान पर शुरू हुआ विवाद

निज संवाददाता। गया

गया नगर निगम और नगर विधायक के बीच छिड़ी जंग को अब उनके समर्थकों ने अपने हाथों में ले लिया है। शुक्रवार की शाम भाजपा के कार्यकर्ता नगर विधायक और बिहार सरकार के मंत्री के पक्ष में निगम के मेयर, डिप्टी मेयर ओर पूर्व डिप्टी मेयर पुतला दहन किया तो वहीं शनिवार की शाम को निगम वार्ड 10 और 11 के पार्षद ने नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार का पुतला दहन किया। उन्हें दलित विरोधी बताया। कहा कि डॉ प्रेम कुमार बीते आठ बार से विधायक हैं पर शहर में एक भी विकास का कार्य उनके द्वारा नहीं किया गया है। उलटा वे कहते हैं कि नगर निगम में दुर्भाग्य से गलत लोग चुन कर आ गए हैं। यह गलत है। निगम द्वारा कराए जा रहे विकास के काम मे उन्हें भ्ष्टाचार नजर आता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह पुतला दहन नगर पालिका संशोधन विधेयक के विरोध में भी है।



**मंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिएः** वही, वार्ड संख्या 11 पार्षद प्रतिनिधि रवि कुमार ने बताया कि आज हम लोगों के द्वारा मंत्री डा. प्रेम कुमार का पुतला फूंका गया है। मंत्री प्रेम कुमार का कहना है कि इस बार नगर निगम में जो चुनकर आए हैं, वे गलत लोग हैं। इस तरह की बात करने वाले मंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए। हम लोगों ने आज इसके खिलाफ उनका पुतला फूंका है और उनके बयान का विरोध जताया है। पार्षद गोपाल कुमार ने कहा कि नगर पालिका संशोधन विधेयक 2024 का हम लोग विरोध करते हैं। क्योंकि नगर निगम को शक्तिहीन किया जा रहा है। गया के नगर विधायक सह मंत्री डॉ प्रेम कुमार कुछ भी कल्याण का कार्य नहीं करते हैं। उनके द्वारा पानी बिजली तक की समस्याओं को दूर नहीं किया जाता है।

## नालंदा में दो दोस्तों की मौत, चलती बाइक पर गिरा विशाल ताड़ का पेड़

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में दर्दनाक हादसे में बाइक सवार दो दोस्तों की मौत हो गई। सड़क पर बाइक से जा रहे दो लोगों पर अचानक ताड़ का पेड़ गिर गया। इस हादसे में दोनों बाइक सवार युवकों ने मौके पर दम तोड़ दिया। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। मृतकों की पहचान बिहार थाना क्षेत्र के इमादपुर निवासी मोहम्मद सरफराज के दिव्यांग बेटे सहवाज (21) और इस्लामुक हक के बेटे सुजाउल (23) के रूप में हुई है। घटना शुक्रवार को कागजी मोहल्ले की बताई जा रही है। सीसीटीवी में साफ दिख रहा है कि रोड पर बाइक सवार जा रहे हैं। आगे वाले ने हेलमेट भी लगा रखा था, तभी सड़क की दूसरी ओर लगा बड़ा ताड़ का पेड़ अचानक से दोनों के सिर पर गिरता है।



**अचानक बाइक पर गिरा पड़ेः** 1.41 सेकेंड के इस वीडियो में साफ देखा जा रहा है। बाइक पर सवार दो लोग रास्ते से जा रहे हैं। तभी अचानक सड़क की दूसरी ओर से ताड़ का पेड़ उनके ऊपर गिर जाता है। ये सब कुछ इतनी जल्दी होता है कि बाइक पर सवार दोनों युवकों को बचने का मौका तक नहीं मिलता है। बाइक पर पेड़ गिरते ही दोनों सड़क पर गिर जाते हैं। हेलमेट टूटकर सड़क पर बिखर जाता है। आसपास के लोग दोनों को बचाने पहुंचते हैं, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी होती है।

**डेढ़ घंटे तक लोगों ने जताया था विरोधः** घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने हंगामा कर मुआवजा देने की मांग की थी। मौके पर सदर एसडीओ, डीएसपी, नगर आयुक्त, ट्रैफिक थाना अध्यक्ष सोहसराय, लहेरी पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया था।मामला शांत होने के बाद निगम की टीम पहुंची और जेसीबी से ताड़ के पेड़ को सड़क से हटाया।

## हस्तकरघा बुनकरों को मिलेगी 15 हजार रुपए की आर्थिक सहायता

निज संवाददाता। नालंदा

बिहार सरकार ने हस्तकरघा उद्योग के बुनकरों के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। राज्य सरकार ने बुनकरों को 15,000 रुपये की आर्थिक सहायता देने का निर्णय लिया है, जो उनके लिए एक बड़ी राहत साबित होगी। यह राशि अनुदान के रूप में दी जाएगी, जिसका अर्थ है कि बुनकरों को इसे वापस लौटाने की आवश्यकता नहीं होगी। नालन्दा उद्योग विभाग के महाप्रबंधक विशेश्वर प्रसाद ने इस योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा की पहले सरकार बुनकरों को हर साल 10,000 रुपये कार्यशील पूंजी के रूप में देती थी। लेकिन इस बार सरकार ने इसमें 5,000 रुपये की वृद्धि करके इसे 15,000 रुपये कर दिया है।योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक बुनकर अपने जिला उद्योग केंद्र में आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकते हैं। यह योजना 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर लागू की जाएगी।

**योजना के लाभ के लिए ये है शर्तः** हालांकि, इस योजना के लिए कुछ शर्तें भी रखी गई हैं। श्री प्रसाद ने स्पष्ट किया की जिन बुनकरों को पिछले तीन वर्षों में इसी तरह की आर्थिक सहायता मिली है, वे इस बार इस योजना के लिए पात्र नहीं होंगे। लेकिन जो बुनकर तीन साल पहले इस तरह की सहायता प्राप्त कर चुके हैं, वे फिर से आवेदन कर सकते हैं। नए बुनकर भी इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।यह आर्थिक सहायता बुनकरों को कपड़ा तैयार करने में इस्तेमाल होने वाले सूत और अन्य आवश्यक सामग्री खरीदने में मदद करेगी। इससे उन्हें कार्यशील पूंजी की कमी की समस्या से निपटने में मदद मिलेगी।

## गया में बिजली कटौती से लोगों की बढ़ी परेशानी

निज संवाददाता। गया

गया जिले में बिजली की लचर व्यवस्था से आजिज आकर मानपुर संघर्ष मोर्चा ने शनिवार शाम बिजली विभाग व बिजली मंत्री का पुतला आग के हवाले कर दिया। पुतला दहन करने वाले गुस्साए लोगों का कहना था कि शहर से लेकर गांवों तक बिजली की सप्लाई बेहद खराब स्थिति में पहुंच गई है।



हर आधे घण्टे पर बिजली काटी जा रही है। फिर घण्टों लापता हो जा रही है। गर्मी के मौसम से लेकर अब तक यही हाल बना है। जबकि अब बारिश भी हो चुकी है। बहुत हद तक बिजली से जुड़ी तकनीकी समस्याएं बारिश के मौसम में दूर हो जाती हैं। इसके बावजूद बिजली की समस्या 24 घंटे बनी रह रही है। पुतला दहन जगजीवन कालेज के पास किया गया। मानपुर संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष राजीव कुमार कन्हैया ने कहा कि बिजली की समस्या से जिले के हर घर के लोग बेहाल हैं। शहर से लेकर गांव तक सभी जगह बुरा हाल है। पावर कट का सिलसिला बीते 3 महीने से लगातार जारी है। महोने कहा कि आज केवल पुतला दहन कर चेतावनी दी गई है। इतने पर भी स्थिति नहीं सुधरती है तो जनता के साथ मिल कर मानपुर फीडर को बन्द कर दिया जाएगा।

## लोकाइन नदी में पानी बढ़ने के बाद तटबंध टूटा, 12 से अधिक गांव और खेत में फैला पानी

निज संवाददाता। नालंदा

बिहार के पड़ोसी राज्य झारखंड में मानसून मेहरबान हुई तो नालंदा के पश्चिम से होकर बहने वाली लोकाइन नदी में पानी बढ़ गया। हालांकि नालंदा की अन्य नदियां अब भी बिन पानी सुखी है। नदी में पानी देख, जहां किसानों के चेहरे पर खुशी लौट आई है। वहीं, कुछ इलाकों में बाढ़ का खतरा भी मंडराने लगा है। नदी में बने तटबंध कुछ जगह टूट भी गए हैं। जिसके कारण खेतों में नदी का पानी प्रवेश कर गया है। दर्जन भर गांव भी पानी से घिर गया है। तेज-बहाव के कारण धुरी बीघा गांव के पास करीब 20 फीट तक तटबंध टूट गया है। इसके कारण धुरी बीघा, फुलवरिया, छियासठ बीघा मुरलीगढ़, सोहरापुर,कुसेता और राढ़ील छिलका से पश्चिम खेतों में पानी प्रवेश कर गया। जबकि धाना बीघा गांव से पूर्व तटबंध टूटने के कारण धाना बीघा, बेलदारी बीघा के खेत जलमग्न हो गए है। मुसाढ़ी गांव के पास भी तटबंध टूट गया है। करीब 100 एकड़ से ज्यादा के रकबे में लगी फसल जलमग्न है।



**एसडीआरएफ की टीम को बुला लिया गया हैः** हिलसा एसडीओ प्रवीण कुमार ने बताया कि नदी में एक दो स्थानों पर पानी की तेज बहाव में तटबंध को नुकसान हुआ है। जिसके कारण खेतों में पानी चला गया है। वहीं, बेलदारी विगहा गांव में नदी का पानी प्रवेश कर गया है। करीब 40 घर पानी से घिर चुके है। लोगों को बाहर निकाला जा रहा है और राहत शिविर बनाई जा रही है। मेडिकल टीम को भी मौके पर बुलाया गया। प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। पानी के बहाव में थोड़ी कमी आई है। अगर फिर से पड़ोसी राज्य या जिले में बारिश होती है तो पानी के बहाव में तेजी देखी जा सकती है। एहतियात के लिए एसडीआरएफ की टीम को भी बुला लिया गया है।

फल्गु की सहायक नदी लोकायन में साल 2016 के बाद इतना पानी आया है। लोकाइन नदी नालंदा के एकंगरसराय, हिलसा और करायपरसुराय प्रखंडों से होकर गुजरती है। सावन महीने के शुरू होने के पहले नालंदा के सकरी, जिरायन, गोईठवा, सोइवा और पंचाने नदी में धार फूटी थी। लेकिन अब वह भी शांत पड़ी हुई। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही इन नदियों में भी पानी आएगा। हालांकि लोकइन नदी में पानी आने से गिरते जलस्तर पर विराम लगेगा।

## न्यूज बाइट्स

### विधिक जागरूकता में दी गई जानकारी

**बिक्रमगंज (रोहतास) (नि.सं.)।** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल बिक्रमगंज अंतर्गत सभी प्रशाखाओं में राजस्व वसूली को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिसमे बिजली चोरी को लेकर जुर्माना एवं प्राथमिकी दर्ज भी की जा रही है। बकायेदार उपभोक्ताओं के विरुद्ध विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई करते हुए विद्युत कनेक्शन काटा जा रहा है। बकायेदार उपभोक्ता जो विद्युत विपत्र की राशि जमा नहीं किये हैं उनपर नीलामवाद की कार्यवाई की गई है। बताते चले कि बिक्रमगंज शहरी क्षेत्र के मोहम्मद हामिद पिता-हाफिज मो. हासिम पर बकाया राशि 342196, नंदन कुमार पिता-विनोद कुमार वर्मा पर 622411 एवं मो. महंगू खान पिता-स्व. बदरु खान पर 73950 रूपये बकाया राशि जमा नही करने के कारण बिहार और उड़ीसा लोक मांग वसूली अधिनियम 1914 के तहत नीलामपत्र पदाधिकारी के यहां नीलामवाद दायर कर दिया गया है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया कि पूर्व में 41 बकायेदार उपभोक्ताओं पर नीलामवाद की कार्रवाई करने हेतु नीलामपत्र पदाधिकारी के कार्यालय में तथ्य विवरणी उपलब्ध कराई गई थी, जिसके पश्चात चालू माह में 3 और उपभोक्ताओं पर नीलामवाद की कार्रवाई की गई है। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल बिक्रमगंज अंतर्गत अबतक 44 बकायेदार उपभोक्ताओ पर नीलामवाद की कार्रवाई की गई है।

### बस चपेट में आ युवक हुआ घायल

**राजपुर (रोहतास) (नि.सं.)।** डेहरी राजपुर रोड स्थित नीमा गांव के समीप एक बाइक चालक अनियंत्रित हो सामने से आ रही बस के चपेट आ गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल नंद प्रसाद 35 वर्ष डिहरी ओनसोन निवासी स्व राम प्रसाद का पूत्र बताया जाता है। थानाध्यक्ष शशि भूषण कुमार के अनुसार नंद प्रसाद राजपुर से डिहरी बाईक से जा रहे थे। नीमा गांव के समीप अनियंत्रित हो विपरित दिशा से आ रही बस में जा टकराया, जिससे दुर्घटनाग्रस्त हो गंभीर रूप से घायल हो गया।मुह से खुन आ रहा था, एक तरफ का जबडा फट गई थी व हाथ की कलाई टूट गई थी। घायल को इलाज के लिए पीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम रेफर कर दिया।

### मारपीट में एक घायल

**राजपुर (रोहतास) (नि.सं.)।** क्षेत्र के शखरा गांव में दो पक्षों में हुए मारपीट में छोटन कुमार नामक 25 वर्षीय युवक घायल हो गया। जिसका उपचार पीएचसी में कराया जा रहा है। मारपीट का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। थानाध्यक्ष शशि भूषण कुमार ने कहा कि मारपीट का आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले में जांच की जा रही है।

### घर गिरने से 40 वर्षीय महिला की मौत

**नौहट्टा (रोहतास) (नि.सं.)।** चुटिया थाना क्षेत्र के तिउरा गांव मे शनिवार की देर रात एक खपरैल घर गिरने से एक महिला की मौत हो गयी। बताया गया कि नुरैशा बीबी (40) अकेली घर मे सोयी थी उसु समय खपडेल घर का गोल टुटकर गिर गया। जिससे उसके छाती व सिर पर चोट लगी। मुखिया पुत्र मुराद अख्तर के द्वारा एंबुलेंस से घायल महिला को रेफरल अस्पताल लाई गयी। चिकित्सा ने उसे मृत घोषित कर दिया।मामले की जानकारी पुलिस को नहीं है।

### सीएचसी गोड़ारी का किया गया निरीक्षण

**काराकाट (रोहतास) (नि.सं1)।** काराकाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंन्द्र काराकाट (गोड़ारी) का शनिवार की देर शाम जिला पार्षद रितेश कुमार सिंह ने औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण दौरान सब कुछ सामान्य स्थिति में पाया गया। डॉक्टर से लेकर एएनएम तथा स्वास्थ्य कर्मी ऑन ड्यूटी पर मिले। जिला पार्षद ने कहा कि सीएचसी का औचक निरीक्षण इसलिए किया गया कि इमरजेंसी के हालत में सीएचसी के डॉक्टर, एएनएम व कर्मी ड्यूटी पर है या नहीं इसकी पड़ताल की गई। सभी प्रकार की दवा उपलब्ध है या नहीं उसकी भी जांच पड़ताल की गई। जिला पार्षद ने सभी वार्डो में घूमघूम कर जायजा लिया। निरीक्षण के समय ड्यूटी पर मौजूद डॉ. खालिद अंसारी, एएनएम विजेता वर्मा, फूलमती कुमारी तथा स्वास्थ्यकर्मी व सुरक्षा गार्ड ऑन ड्यूटी पाये गये ।बताया गया कि सीएचसी का निरीक्षण इसलिए किया गया कि सूचना मिल रही थी कि रात्रि में डॉक्टर व एएनएम ड्यूटी पर नहीं रहते है लेकिन औचक निरीक्षण में सभी ड्यूटी पर तैनात मिले। जिला पार्षद ने निरीक्षण की सूचना विभाग के वरीय अधिकारियों को दिया। औचक निरीक्षण में नगर व पंयायत के कई जनप्रतिनिधी थे।

### सोन नदी में डूबने से एक की मौत

**नौहट्टा (रोहतास) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के दारानगर पंचायत के सरपंच राम प्रवेश पासवान के पिता कर्मदेव पासवान (92)की मौत सोन नदी में डूबने से रविवार को हो गई। बताया गया की कर्मदेव उर्फ कर्मू पासवान रविवार की सुबह बेलौन्जा सोन तट पर शौच के लिए गए थे। शौच करने के बाद पानी तक पहुंचने के लिए सोन मे उतरने के लिए जगह तलाश कर रहे थे। उसी समय पानी की तेज धारा ने किनारे का कटाव कर दिया जिससे वे गहरे पानी मे चले गये। आसपास के लोगो ने देखा तो वे लोग बचाने के लिए दौड़ पडे। चार सौ मीटर दूर सिंह पुर सूर्य मंदिर के समीप युवाओं ने पकडकर बाहर निकाला। वही सोन नदी से बाहर निकलने के बाद युवाओं ने इसकी सूचना सरपंच को दी तबतक उनकी मौत हो चुकी थी। मामले की जानकारी पुलिस को नही है।

### पहाड़ी नदी की तेज धार मे डुबने से मौत

**नौहट्टा (रोहतास) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के कैमुर पहाड़ी पर लौडी गांव के रामचंद्र उरांव(42) की मौत पहाड़ी नदी दुर्गावती की तेज धारा मे बहने से हो गयी। घटना के बारे में बताया गया की शुक्रवार की शाम की नदी के तेज धार मे रामचंद्र उराव बह गया था। जिसकी रविवार को दुर्गावती नदी पर बने चेकडैम मे शव मिला। बताया जाता है कि वे हरैयाडीह खेत पर गये थे आशंका है कि लौटते समय दुर्गावती नदी की तेज धारा मे बह गये। मुखिया योगेंद्र उरांव ने बताया काफी खोजबीन के बाद रविवार को शव मिला। अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### प्रेमचंद जयंती समारोह का हुआ आयोजन

**नवादा (नि.सं.)।** कथा सम्राट मुंशी प्रेमचन्द के जयंती सप्ताह के अंतर्गत 4 जून को नवादा व्यवहार न्यायालय के उत्तर स्थित स्व जेहल प्रसाद मंडप, माननीय विधायक विभा देवी के कार्यालय परिसर में प्रेमचंद जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता नवादा प्रलेस के अध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद सिंह ने की जबकि संचालन जिला सचिव अशोक समदर्शी ने किया। नवादा जिला समेत पडोसी जिले के प्रगतिशील विचारधारा के साहित्यकार एवं साहित्य प्रेमियों के इस जुटान में माननीय विधायक विभा देवी ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया जबकि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ मिथलेश कुमार सिन्हा मुख्य वक्ता के रूप में प्रस्तुत हुए । प्रगतिशील लेखक संघ और भारतीय जन नाट्य संघ, नवादा द्वारा आयोजित इस भव्य आयोजन में 'प्रेमचन्द और साझी विरासत ' विषय पर गहन विचार विमर्श किया गया। विषय प्रवेश करते हुए प्रलेस के कार्यकारी अध्यक्ष शम्भू विश्वकर्मा ने प्रेमचन्द के कालखण्ड को वर्तमान से तुलना की और उनके साझी विरासत को संजोगने का दायित्व उपस्थित साहित्यकारों के कंधे पर शौंप दिया। प्रेमचन्द के विपुल साहित्य संसार को समेटते हुए प्रो. महेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा प्रेमचन्द वैश्विक स्तर के कथाकार रहे हैं जिन्होंने ग्रामीण संवेदना को शिखर तक पहुंचाया । इसी कड़ी में डॉ जयनंदन, प्रो. नरेशचन्द्र शर्मा, डॉ ओंकार निराला, अशोक समदर्शी, प्रो तौकीर शहंशाह, डॉ मदन कुमार, अवधेश कुमार, रामरूप प्रसाद यादव, अर्जुन सिंह, उमाकांत सिंह आदि ने मंच से प्रेमचन्द के साझी विरासत को अलग अलग ढंग से परिभाषित किया। दूसरे सत्र में कवि सम्मेलन का सफल आयोजन हुआ जिसमें प्रेमचंद के वंसज कवियों ने शमा बाँध दी।

# वाहन रजिस्ट्रेशन और ड्राईविंग लाइसेंस से लिंक मोबाइल नंबर अपडेट नहीं रहने पर होगी कार्रवाई

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** वाहन रजिस्ट्रेशन और ड्राइविंग लाइसेंस से लिंक मोबाइल नंबर व पता अपडेट नहीं रहने पर अब वाहन मालिकों, चालकों पर मोटरवाहन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की जायेगी। ऐसे वाहन मालिक,चालकों से जुर्माना वसूला जायेगा। संबंधित वाहन का रजिस्ट्रेशन एवं चालक का ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई की जा सकती है। इस संबंध में राज्य परिवहन विभाग सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने सभी डीटीओ को दिशा-निर्देश जारी किया है। उन्होंने वाहन रजिस्ट्रेशन और ड्राइविंग लाइसेंस से लिंक मोबाइल नंबर को अनिवार्य रूप से अपडेट करा लेने की अपील की है। इसके लिए राज्य परिवहन विभाग द्वारा एक माह का समय दिया गया है। इसके बाद वाहन और ड्राइविंग लाइसेंस का डेटा वाहन पोर्टल और सारथी पोर्टल पर अपडेट नहीं होने पर संबंधित वाहन चालक एवं मालिक पर कार्रवाई की जायेगी। मोबाइल नंबर अपडेट कराने के लिए आधार से लिंक मोबाइल नंबर देना होगा। अपडेट कराने की सुविधा परिवहन सेवा पोर्टल पर उपलब्ध है। नंबर अपडेट नहीं होने की स्थिति में संबंधित वाहन का पॉल्यूशन सर्टिफिकेट भी नहीं बना सकेंगे।रोहतास जिले के जिला परिवहन पदाधिकारी रामबाबू ने बताया कि कई ऐसे वाहन मालिक / वाहन चालक हैं, जिनका वाहन के रजिस्ट्रेशन एवं ड्राईविंग लाइसेंस के साथ लिंक मोबाइल नंबर उपयोग में नहीं है। इस वजह से दुर्घटना एवं अन्य घटना की स्थिति में वाहन मालिक/चालक की पहचान में परेशानी होती है, साथ ही यातायात उल्लंघन में ई चालानिंग एवं अन्य सूचनाएं संबंधित वाहन मालिकों तक नहीं पहुंच पाती है। वाहन रजिस्ट्रेशन और ड्राइविंग लाईसेंस से लिंक मोबाइल नंबर और पता अपडेट नहीं रहने पर अब वाहन मालिकों/चालकों पर मोटरवाहन अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की जायेगी।

ऐसे वाहन मालिक/चालकों से जुर्माना वसूला जायेगा तथा संबंधित वाहन का रजिस्ट्रेशन एवं चालक का ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई की जा सकती है।जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि वाहन रजिस्ट्रेशन या ड्राइविंग लाईसेंस बनाने के समय का लिंकड मोबाइल नंबर अगर उपयोग में नहीं है या नया नंबर अपडेट करना चाहते हैं तो घर बैठे ही आसानी से मोबाइल नंबर अपडेट कर सकते हैं। वाहन रजिस्ट्रेशन में मोबाइल नंबर ।पहले वेबसाइट vahan.parivahan.gov.in पर जाएं। इसके बाद वाहन संबंधित ऑनलाइन सेवाओं के लिए चयन करें। व्हीकल रिलेटेड सर्विसेज पर क्लिक करें। राज्य का विकल्प सलेक्ट करें।

आरटीओ सलेक्ट कर आगे प्रोसीड का विकल्प क्लिक कर ऑनलाइन सर्विसेज का विकल्प सलेक्ट करें। इसके बाद अपडेट मोबाइल नंबर पर क्लिक करें। वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर, चेचिस नंबर, इंजन नंबर, रजिस्ट्रेशन डेट आदि भरें।सबसे पहले Sarathi. parivahan.gov.in पर जाएं, उसके बाद ड्राईविंग लाइसेंस रिलेटेड सर्विसेज क्लिक करें। राज्य का नाम सलेक्ट करें। मोबाइल नंबर अपडेशन सलेक्ट करें। आधार नंबर डालें। ओटीपी डालें। इसके बाद शो डिटेल्स ऑप्शन पर क्लिक करें, जिसके बाद मोबाइल नंबर और आधार नंबर डालने के बाद ओटीपी मिलेगा, जिसके बाद मोबाइल नंबर अपडेट हो जायेगा। मोटरवाहन अधिनियम की धारा 49 में निहित प्रावधान के अनुसार वाहन मालिक द्वारा यदि रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र में अभिलिखित निवास स्थान बदला जाता है तो अपने नये पते की सूचना 30 दिनों के अंदर सक्षम प्राधिकार को उपलब्ध कराया जाना जरूरी है। इसके उल्लंघन पर नियमानुसार कार्रवाई का प्रावधान है।

## दरभंगा एम्स को लेकर खुशखबरी

**पटना (नि.सं.)।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से अनुमति मिलने के साथ ही दरभंगा के शोभन में एम्स की स्थापना के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने दरभंगा के भू अर्जन पदाधिकारी को अधिग्रहण की गति तेज करने का निर्देश दिया है। पिछले दिनों हुई विभाग की समीक्षा बैठक में निदेशक, भू अर्जन, कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि जमीन का अधिग्रहण समय पर हो जाना चाहिए। दरभंगा के जिला भू अर्जन पदाधिकारी ने बताया कि मुआवजा के लिए अबतक कुल 14 करोड़ 31 लाख रुपये मिले हैं। इसमें से करीब 76 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। खगड़िया-कुशेश्वरस्थान नई रेल लाइन परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहण रेलवे के कारण रुकी हुई है। रेलवे ने मुआवजे के लिए धन ही नहीं दिया है। भू अर्जन पदाधिकारी ने बैठक में बताया रेलवे के अधिकारियों के साथ बैठक भी हुई।

## 65 प्रतिशत आरक्षण को लेकर तेजस्वी का आया बयान

निज संवाददाता

**पटना।** आरक्षण की सीमा 65 प्रतिशत करने पर लगी कोर्ट से रोक के बाद भी नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सरकार एनडीए सरकार पर हमला बोलने से पीछे नहीं हट रहे हैं। रविवार को उन्होंने एक बार फिर केंद्र सरकार के साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तीर चलाए। तेजस्वी ने केंद्र और नीतीश सरकार को आरक्षण विरोधी बताते हुए कहा कि इसलिए बिहार में हमारी सरकार द्वारा दिए गए 65 प्रतिशत आरक्षण को संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल नहीं किया जा रहा। उन्होंने कहा कि हमने 17 महीनों के अल्प कार्यकाल में देश में प्रथम बार बिहार में जातिगत आधारित गणना कराई और इसके आंकड़े प्रकाशित कराने के साथ-साथ जातिगत गणना के अनुसार आरक्षण का दायरा बढ़ाकर 75 प्रतिशत किया। उन्होंने भाजपा और एनडीए के लोगों ने दलितों/पिछड़ों और आदिवासियों के लिए आरक्षित 65 प्रतिशत आरक्षण सीमा को रुकवा दिया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सभी वर्गों को सामाजिक के साथ-साथ आर्थिक न्याय मिलें, उनका आर्थिक उत्थान हो इसके लिए हम निरंतर प्रयासरत रहते हैं। उन्होंने कहा कि यहीं वजह है की अपने 17 महीने के कार्यकाल में हमने अपनी इच्छाशक्ति के बल पर पांच लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी, तीन लाख से अधिक नौकरियां प्रक्रियाधीन करायी।

## बार एसोसिएशन के निर्वाचित पदाधिकारियों को न्यायधीश ने दिलाई शपथ, पूर्व अध्यक्ष सम्मानित

निज संवाददाता



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** सब जज प्रथम सह अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम सह प्रभारी न्यायाधीश व्यवहार न्यायालय बिक्रमगंज सुजीत कुमार ने बार एसोसिएशन बिक्रमगंज के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कराया। मालूम हो कि बार एसोसिएशन बिक्रमगंज के पदाधिकारियों का निर्वाचन पिछले 26 जुलाई को चुनाव आयुक्त अधिवक्ता राम नरेश सिंह के देख-रेख में कराया गया था। जिसमें अध्यक्ष पद से गोपाल कृष्ण भारद्वाज, उपाध्यक्ष सुशील कुमार सिंह एवं दिनेश कुमार सिंह, महासचिव रविरंजन सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, अंकेक्षक कुमार ब्रजेश आदि निर्वाचित हुए थे। सभी पदाधिकारियों का व्यवहार न्यायालय बिक्रमगंज के प्रांगण में उत्साहपूर्वक माहौल।में शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। शपथ ग्रहण सुजीत कुमार सब जज प्रथम सह अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम सह प्रभारी न्यायाधीश व्यवहार न्यायालय बिक्रमगंज ने कराया । शपथग्रहण के पश्चात वर्तमान अध्यक्ष गोपाल कृष्ण भारद्वाज ने पूर्व अध्यक्ष केदारनाथ सिंह एवं उमेश प्रसाद मिश्रा को अंग वस्त्र से सम्मानित किया। इस अवसर पर सब जज द्वितीय सह अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी द्वितीय राजीव कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे लिए सभी अधिवक्ता एक समान हैं और हमारी कोशिश हमेशा यही रहती है कि आम लोगों को कैसे सस्ता, सुलभ और त्वरित न्याय उपलब्ध कराया जा सके तथा हम हमेशा अधिवक्ताओं के सुख

# बारिश में पेड़ गिरने से घंटो अवरूद्ध सड़क

निज संवाददाता



**संझौली (रोहतस)।** आरा-सासाराम मुख्य पथ पर थाना क्षेत्र के दर्शन टोला के समीप रविवार की करीब तीन बजे बारिश में आचानक एक लिप्ट्स का पेड़ हाई वोल्टेज 1100 हजार तार पर गिर जाने से कुछ देर के लिए मुख्य मार्ग पर अफरातफरी का माहौल कायम हो गया। मौके पर ग्रामीणों ने त्वरित बिधुत विभाग को सूचना दिया। सूचना पर पहुचे बिजली मिस्त्री ने पेड़ को हटाने के कार्य में लगे। पेड़ गिरने से सड़क के दोनों तरफ छोटी बड़ी वाहनो की लंबी कतार लगी हुई। जिससे वाहन में फंसे यात्रि व गुप्ताधाम जाने वाले कावरियों की वाहन कई घण्टे जाम फसे रहे। खबर लिखे जाने तक बिजली मिस्त्री द्वारा पेड़ को हटाने का कार्य किया जा रहा था। इस संबंध में संझौली जेई ने बताया कि ग्रामीणों के सूचना पर उक्त स्थल पर मनोबल को भेजा गया है। जो पेड़ को हटाने के कार्य में लगे गए है। उल्लेखनीय है कि श्रावण मास का तीसरा सोमबारी होने के वजह से रविवार को भोजपुर, पटना आदि जिले के हजारों श्रद्धालुओं का जत्था छोटे बड़े वाहनों पर सवार होकर हर हर महादेव की जयघोष करते हुए इस मार्ग से होकर देवाधिदेव महादेव गुप्तेश्वरनाथ पर जलाभिषेक अर्पण करने के लिए गुजरता है। जो बड़ी तादाद में गेरुआ वस्त्रधारियो का वाहन पेड़ गिरने की वजह से सड़क मार्ग अवरूद्ध हो जाने से घंटो जाम में फसे रहे।बताया जाता है कि गुप्तेश्वरनाथ पर जल अर्पण करने के लिए देश के विभिन्न राज्यों के जिले से तीसरी सोमबारी के अवसर पर करीब डेढ़ से दो लाख श्रद्धालुओं का हुजूम गुप्ताधाम में उमड़ने की संभावना है।

## पूर्णिया लूटकांड में संलिप्त बदमाशों का पटना से बना था फर्जी आधार कार्ड

निज संवाददाता

**पटना।** पूर्णिया के तनिष्क शोरूम से आभूषण लूट मामले में शामिल चार बदमाशों के फर्जी आधार कार्ड पटना के शास्त्री नगर थाना क्षेत्र की शिवपुरी कॉलोनी स्थित लगन स्टूडियो में बनाए गए थे। इस मामले में पुलिस ने आधार कार्ड बनवाने वाले नवनीत कुमार (आउटा, हाथीदह, पटना) और स्टूडियो मालिक आयुष कुमार वर्मा (मिथिला कालोनी, दीघा) को गिरफ्तार किया है। आयुष का स्टूडियो शास्त्री नगर की शिवपुरी कॉलोनी के कपिला कांप्लेक्स में है। वहां से 38 आधार कार्ड के अलावा कई दस्तावेज और लगभग दर्जन भर उपकरण एवं मोबाइल जब्त किए गए। इसकी जानकारी सिटी एसपी (मध्य) चंद्र प्रकाश ने शुक्रवार को दी। 31 जुलाई को पूर्णिया पुलिस की सूचना पर इंद्रपुरी मोहल्ले से नवनीत को पकड़ा गया था। तब वह नशे की हालत में था। वह बचाओ, बचाओ चिल्लाने लगा था, जिसके बाद पुलिसकर्मियों को अपहरणकर्ता समझ कर लोगों ने 112 नंबर पर काल कर दी थी। नवनीत पर पाटलिपुत्र थाने में उत्पाद अधिनियम के तहत भी प्राथमिकी की गई है। एसपी ने बताया कि उसके मोबाइल में पूर्णिया लूटकांड में शामिल आदित्य सिंह, साहिल सिंह, अंकित मिश्रा और रौशन दुबे के आधार कार्ड की साफ्ट कापी मिली थी।

## बिहार के सात शहरों में दिल्ली-मुंबई की तरह बनेंगे आलीशान फ्लैट

निज संवाददाता

**पटना।** बिहार में शहरी गरीबों के लिए बहुमंजिला आवास बनाने की योजना पर काम शुरू हो गया है। पहले चरण में राजधानी पटना समेत सात शहरों में आवास बोर्ड की जमीन पर गरीबों के लिए बहुमंजिला आवास बनाए जाएंगे। यह निर्माण पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) के अंतर्गत किया जाएगा। नगर विकास एवं आवास विभाग के अनुसार, शहरी गरीबों के लिए अलग-अलग शहरों में आवास बोर्ड की जमीन चिह्नित की जा रही है। पटना के राजीव नगर में पांच एकड़ जमीन चिह्नित की गई है, जहां सबसे पहले बहुमंजिला आवास का निर्माण शुरू किया जाएगा। इसी माह इससे जुड़े काम शुरू होने की संभावना है। इसके अलावा मुजफ्फरपुर, भागलपुर, गया, समस्तीपुर और डेहरी जैसे शहरों में भी आवास बोर्ड की जमीन पर बहुमंजिला आवास बनाए जाएंगे। इस दिशा में भी कार्ययोजना पर काम अंतिम चरण में है। शहरी गरीबों के लिए चयन के लिए कमेटी का गठन किया जाएगा।

# अकाशीय बिजली से हुई मौत, परिजनों को मिला चेक

निज संवाददाता



**कोचस (रोहतास)।** रविवार को श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह व करगहर अंचलाधिकारी ने संयुक्त रूप से आकाशीय बिजली से हुई मौत में परिजनों को सहायता राशि के रुप मे चार-चार लाख रुपए का चेक प्रदान किया है। इस संबंध में अंचलाधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि 31 जुलाई को प्रखंड क्षेत्र के देव खैरा में छत पर बैठे लोगों के ऊपर आकाशीय बिजली गिर गई जिसमें एक ही परिवार के चाचा-भतीजे की मौत हो गई हो गई थी। जिस परिवार को आपदा प्रबंधन विभाग के तहत सहायता राशि के रूप में चार-चार लाख रुपए का चेक दिया गया है। वही श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने पीड़ित परिजनों से मिल कर ढांढस बंधाया एवं बिहार सरकार की ओर से आर्थिक मदद के तौर पर चार-चार लाख रुपए का चेक दिया गया। वहीं शंकर राम के पत्नी धर्मशिला देवी एवं विवेक कुमार के पिता रामाअशीष राम को चेक दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि शोक संतृप्त परिजनों को नियमानुसार हर सुविधा देने के लिए कृत संकल्पित हूं और भविष्य में व्यक्तिगत तौर पर भी हर तरह से उनके साथ रहूंगा। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करे। मौके पर खैरा शाहमल मुखिया निरंजन चौरसिया, अंचल कर्मी सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा परिजन मौजूद थे।

# नया टिकट घर 5 महीने से बनकर तैयार, नहीं हो रहा चालू

निज संवाददाता




**सासाराम (रोहतास)।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर बने अतिरिक्त टिकट घर बनकर भी अनुपयोगी बना हुआ है। निर्माण कार्य पूरा होने के पांच माह बाद भी विभाग इसे चालू नहीं कर सका है, जिससे रेलवे को बड़े पैमाने पर राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। रेलवे के बड़े अधिकारी को हरी झंडी मिलने का इंतजार रेलवे के स्थानीय अधिकारी उच्चाधिकारियों के हरी झंडी मिलने के इंतजार में हैं। विभाग के आला अधिकारी टिकट काउंटर को चालू करने पर फिलहाल मौन साधे हुए हैं। डीडीयू डिवीजन द्वारा समय-समय पर चलने वाले चेकिंग अभियान भी बंद है। गौरतलब है कि आरा-सासाराम रेलखंड पर चलने वाली ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को आसानी से टिकट मिल जाए, इस उद्देश्य से रेलवे ने प्लेटफार्म संख्या सात के उत्तर तरफ अतिरिक्त टिकट काउंटर बनाया है। आचार संहिता लागू होने की वजह से नए टिकट घर को नहीं किया जा सका चालू नए टिकट घर के बने हुए पांच माह हो गए, फिर भी आज तक चालू नहीं किया जा सका है, जिससे आरा-पटना के लिए खुलने वाली ट्रेनों में बेटिकट यात्रा करने वाली यात्रियों की संख्या में प्रतिदिन वृद्धि होती जा रही है। रेलवे के एक स्थानीय अधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव से पहले ही अतिरिक्त टिकट काउंटर व एक लिफ्ट बनकर तैयार हो गया था, लेकिन आचार संहिता लग जाने के कारण चुनाव पूर्व इन दोनों यात्री सुविधा को शुरू नहीं किया जा सका है।

## कंकड़बाग में सड़क किनारे इंसान का कटा पैर मिलने से हड़कंप

निज संवाददाता

**पटना।** कंकड़बाग थाना क्षेत्र में मलाही पकड़ी से 90 फीट जाने वाली सड़क पर पिलर नंबर 32 के पास शनिवार की देर शाम मानव का कटा पैर मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिसके बाद 112 नंबर पर पुलिस को सूचित किया गया। सूचना पाकर कंकड़बाग और पत्रकार नगर थानों के अलावा 112 का गश्ती दल मौके पर पहुंचा। एफएसएल की टीम को घटनास्थल पर पहुंचने में काफी देर हुई। हालांकि, अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है कि पैर स्त्री का है या पुरुष का। थानेदार नीरज ठाकुर की मानें तो आसपास कुछ निजी अस्पताल हैं। अंदेशा है कि वहां किसी के पैर का ऑपरेशन हुआ होगा और जानवर उसे लेकर आ गया। पुलिस का यह तर्क देर रात तक प्रमाणित नहीं हो सका। अस्पतालों में पूछताछ की जा रही है। पैर देख कर पुलिस ने आशंका जताई है कि यह किसी महिला का हो सकता है। एड़ी के ऊपर से जिस तरह पैर काटा गया था, उससे अनुमान है कि काटने के लिए चॉपर या कटर जैसी कोई चीज का उपयोग किया गया था।

## सिन्हा लाइब्रेरी रोड होगा पाटलिपुत्र अंचल कार्यालय का नया पता

निज संवाददाता

**पटना।** पटना नगर निगम के पाटलिपुत्र अंचल कार्यालय का नया पता सिन्हा लाइब्रेरी रोड होगा। इस रोड में दो भवनों में अंचल कार्यालय चलेगा। कार्यालय तैयार करने के चल रहे कार्यो का निरीक्षण कार्यपालक पदाधिकारी पुण्यातरु ने किया। उन्होंने बताया कि किसी भी स्थिति में 12 अगस्त तक यह कार्यालय पूर्णरूप से कार्य करने लगेगा। होल्डिंग टैक्स, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र सहित सभी काम यहां होंगे। अभी यह कार्यालय कलेक्ट्रेट घाट पर गंगा रिसर्च सेंटर में चल रहा है।

# पटना सहित प्रदेश में झमाझम बारिश के आसार बढ़े

निज संवाददाता

**पटना।** राजधानी सहित प्रदेश में एक अगस्त से मानसून की सक्रियता काफी बढ़ गई है। ऐसे में एक बार फिर झमाझम वर्षा के आसार बढ़ गए हैं। अब तक राज्य में सामान्य से 32 प्रतिशत कम वर्षा हुई है। तीन अगस्त तक मानसून के दौरान राज्य में 531.3 मिलीमीटर वर्षा होनी चाहिए थी, लेकिन 316.8 मिलीमीटर हुई। इस वर्ष मानसून के दौरान वर्षा न होने से वैशाली एवं मधुबनी की हालत सबसे ज्यादा खराब है। वैशाली एवं मधुबनी में सामान्य से 57 प्रतिशत कम वर्षा रिकार्ड की गई है। वैशाली में तीन अगस्त तक 484.6 मिलीमीटर वर्षा होनी चाहिए, परंतु वहां पर 210.7 मिलीमीटर वर्षा अब तक रिकार्ड की गई। वहीं, मधुबनी में अब तक 551.7 मिलीमीटर वर्षा होनी चाहिए थी, लेकिन 236.2 मिलीमीटर ही हुई। पटना जिले में मानसून के दौरान 48 प्रतिशत कम वर्षा रिकार्ड की गई। जिले में अब तक 469.5 मिलीमीटर वर्षा होनी चाहिए थी, लेकिन 245.4 मिलीमीटर वर्षा हुई। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि अगस्त में राज्य में अच्छी वर्षा के आसार हैं। अगले दो माह में वर्षा की कमी पूरी कर ली जाएगी। पिछले दो दिनों से राज्य में वर्षा में तेजी आने से धान की रोपनी में तेजी आ गई है। किसान जल्दी से जल्दी धान की रोपनी करना चाहते हैं। राज्य में सामान्यतः 15 अगस्त तक धान की रोपनी की जाती है।

# वाहन चोर गैंग का खुलासा, चोरी की 9 बाइक व टेम्पो के साथ तीन गिरफ्तार

निज संवाददाता

**नवादा।** जिले के उग्रवाद प्रभावित सिरदला पुलिस ने वाहन चोर गैंग का खुलासा किया है। चोरी की 9 बाइक और एक ऑटो के साथ तीन चोरों को धर-दबोचा। सिरदला पुलिस ने विजयपुर, भट्टबीघा, चौली व झगरी बिगहा गांव में छापेमारी कर गैंग का पर्दाफाश किया है। अंतर्जिला वाहन चोर गैंग का खुलासाः- पुलिस के हत्थे चढ़े सभी शातिर वाहन चोरों द्वारा चोरी करने वाले वाहनों की पहले रेकी की जाती थी और मास्टर चाबी से बाइक या अन्य वाहनों को बेखौफ चोरी कर अपने साथ लेकर चंपत हो जाया करते थे। शातिर चोर चोरी की बाइक या अन्य वाहनों को दूसरे जिलों में ले जाकर अवैध कार्य में इस्तेमाल करते थे।




पुलिस के हत्थे चढ़े सभी वाहन चोर सिरदला थाना क्षेत्र के विजयपुर गांव के कैलाश राजवंशी का पुत्र आशीष राजवंशी, चौली गांव के गोरे लाल का पुत्र सूरज कुमार और सुरेश साह का पुत्र सुनील कुमार बताया जाता है। सिरदला पुलिस चोरी की बाइक का सत्यापन कर सभी मोटरसाइकिल मालिकों को सूचित कर रही है और फिर न्यायिक प्रक्रिया के बाद उनको उनकी बाइक दे दी जाएगी। वहीं, पुलिस वाहन चोर गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## शिक्षक के विदाई पर प्रीति भोज का हुआ आयोजन

निज संवाददाता

**हिसुआ (नवादा)।** राजकीय मध्य विद्यालय बढ़ना में शनिवार को शिक्षक के विदाई समारोह के मौके पर तिथि भोज का आयोजन किया गया। इस संदर्भ में वर्तमान शिक्षक अरबिन्द कुमार ने बताया कि इस विद्यालय के शिक्षक अरूण कुमार बीते फरवरी माह में सेवानिवृत्त हो गए थे। उस वक्त उनकी विदाई समारोह नहीं मनाई गई थी। उन्होंने बताया कि पीएम पोषण योजना के अन्तर्गत विद्यालय परिवार को विद्यालय में तिथि भोज का आयोजन करवाना है। उस दिन विद्यालय के किसी छात्र-छात्रा का जन्मोत्सव अथवा किसी विद्यालय परिवार के प्रति कोई विशेष दिन होना चाहिए। इसी को ध्यान में रखते हुए विद्यालय परिवार ने सेवानिवृत्त शिक्षक का विदाई समारोह मनाते हुए तिथि भोज का आयोजन किया। मौके पर प्रधानाचार्य उमेश कुमार, पीएम पोषण योजना के बीआरपी हिसुआ अमरजीत कुमार, बीपीएम राशिद अहमद, सुधीर कुमार, प्रियंका कुमारी सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे

## विद्युत् आपूर्ति कटौती से बिफरे युवक ने मीटर रीडर को किया जख्मी

**इसी बीच पिंटू ने मीटर रीडर नीतीश पर चाकू से वार कर दिया और चाकू नीतीश के बाएं हाथ की बाजू पर लगा और वह घायल हो गया।**

निज संवाददाता

**नवादा।** जिले के रोह प्रखंड में बिजली नहीं मिलने से नाराज एक युवक ने बिजली मीटर रीडर पर चाकू से वार कर दिया है। हमले में चाकू मीटर रीडर के बाएं हाथ की बाजू पर लगी है। ये घटना रोह थाना क्षेत्र के सिउर गांव की है। लहुलूहान बिजली कंपनी के कर्मी को जख्मी हालत में स्थानीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है, जहां अस्पताल में तैनात चिकित्सक द्वारा घायल युवक का इलाज जारी है। चाकूबाजी में घायल नीतीश कुमार एसबीपीडीसीएल से अनुमति प्राप्त एजेंसी द्वारा बहाल है। मीटर रीडर नीतीश ने बताया कि रोह प्रखंड के सिउर गांव में मीटर रीडिंग का काम कर रहा था, वही गांव के ही निवासी बच्चू सिंह के पुत्र पिंटू सिंह मीटर रीडिंग लेने पहुंचा था, जहां गृहस्वामी पिंटू कुमार मीटर रीडर से गालीगलौज करने लगा कि बिजली मिलती नहीं है, केवल बिजली बिल लेते हो। इसी बीच पिंटू ने मीटर रीडर नीतीश पर चाकू से वार कर दिया और चाकू नीतीश के बाएं हाथ की बाजू पर लगा और वह घायल हो गया। नीतीश और उसके साथ रहे मीटर रीडर प्रियरंजन कुमार का आरोप है कि पिंटू ने दोनों का प्रिंटर छीन लिया है। पीड़ित मीटर रीडर ने घटना की सूचना रोह पावर सब स्टेशन के कनीय विद्युत अभियंता जितेंद्र कुमार और स्थानीय थाने की पुलिस को को दिया है। जानकारी के मुताबिक बिजली नहीं मिलने से नाराज युवक ने मीटर रीडर पर चाकू से हमला कर दिया था। थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## देवानंद सिन्हा बनाए गए इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष

निज संवाददाता

**रांची।** इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सेराज अहमद कुरैशी की संस्तुति पर राष्ट्रीय संगठन सचिव अखिलेश्वर धर द्विवेदी ने पब्लिक 24 चैनल के निदेशक एवं वरिष्ठ पत्रकार देवानंद सिन्हा को झारखंड प्रदेश का अध्यक्ष बनाया गया और आशा व्यक्त की है कि गांव से लेकर शहर के सभी पत्रकारों को इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन से जोड़कर पत्रकार हितों की रक्षा एवं उत्पीड़न की घटनाओं पर सदैव तत्पर रहूंगा। श्री देवानंद सिन्हा ने कहा कि इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन का उद्देश्य पत्रकार सुरक्षा कानून, विधान परिषद में पत्रकार निर्वाचन क्षेत्र का गठन, डिजिटल मिडिया बोर्ड का गठन एवं राष्ट्रीय पत्रकार डिजिटल रजिस्टर बनवाने का है जिसके लिए प्रयासरत रहूंगा। प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर देवानंद सिन्हा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के सभी कमेटी सदस्यों का आभार व्यक्त किया करते हुए कहा कि मैं इस पद का सम्मान करते हुए अपनी संगठन के उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करुंगा तथा पत्रकार बंधुओं की हित के लिए निरंतर काम करता रहा हूं और करता रहूंगा। श्री सिन्हा को झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी,राज्यसभा सांसदट महुआ माजी, जेएमएम के केंद्रीय सचिव सुप्रीयो भट्टाचार्य, रांची लोकसभा प्रत्याशी यशस्विनी सहाय, कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता राकेश सिन्हा, गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा, राजद नेता गौरीशंकर यादव,



कांग्रेस के युवा नेता जमील अख्तर, पत्रकार मोहम्मद परवेज़, सलमान अहमद, अश्फाक आरिफ खान, गिरिराज सिंह, आतिफ खान, रंजीत कुमार सम्राट, अवनीश त्रिपाठी, सुरेंद्र सिंह, शैलेश भाई वाघेला, सुल्तान अख्तर, मिथिलेश कुमार, अनुपम कुमार, नसीम रब्बानी, सनोबर खान, मंजूर पख्तून, प्रेम सिंह वर्मा, नरेंद्र कुमार सिंह, पंकज झा, शाकिब अनवर, डॉ. अमरनाथ प्रसाद, सीमा द्विवेदी, अंशु अवस्थी, बलजीत कौर, मधु सिन्हा, नीतू दूबे, प्रिती द्विवेदी आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## मिशन हरियाली के तहत पौधा हुआ वितरण

निज संवाददाता

**हिसुआ (नवादा)।** हिसुआ स्थित भाजपा पूर्व विधायक अनिल सिंह के आवास पे रविवार को मिशन हरियाली नूरसराय के सौजन्य से पौधे का वितरण किया गया। बतादें कि इस संस्था के संस्थापक राजीव रंजन भारती मिशन हरियाली नूरसराय द्वारा करीब 8 बर्षो से पौधो का वितरण किया जा रहा है। संस्थापक द्वारा हीं पौधा उपलब्ध कराया जाता है। इस संस्था द्वारा अभी तक निकटवर्ती 8 जिला में कुल 14 लाख 80 हजार पौधे का वितरण किया जा चुका है। संस्था में नियमित 33 सदस्य मौजूद हैं। इन सदस्यों का दायित्व अपने सगे-संधियों एवं मित्रों को पौधारोपण के प्रति जागरूक करना तथा उनके माध्यम सें गाँव गाँव में पौधारोपण करवाना है। लोगों के बीच पौधा वितरण पूर्व विधायक अनिल सिंह एवं हिसुआ ऑर्थो क्लिनिक के संस्थापक डॉ0 रवि निवास द्वारा किया गया। इस दौरान अनिल सिंह ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण एवं जीवन का अनमोल उपहार है। इसके बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि आज विकसित परिवेश में सङक एवं उद्योग के निर्माण हेतू जिस रफ्तार से जंगलो की कटाई की जा रही है, उसके दुगुनी रफ्तार से पौधारोपण करना अतिआवश्यक है। पौधारोपण में लापरवाही का हीं तनीजा है कि आज मौसम परिवर्तित होता जा रहा है। विधायक ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री भाई नरेन्द्र मोदी जी द्वारा मिशन हरियाली को लेकर अनेकों योजना चलाई जा रहा है। पौधा वितरण में मौजूद डॉ. रवि निवास ने कहा कि हमारे युवाओं के जागरूक हुए बिना मिशन हरियाली सम्पूर्ण नहीं हो सकता है। आज जिस तरह से युवाओं में जागरुकता बढ़ रही है, आने वाले कुछ हीं समय में मेरा देश पुनः हरियाली से सराबोर हो जाएगा।

## स्थानीय प्रशासन ने रोका तो सांसद ने दिलायी प्रवेश की अनुमति

निज संवाददाता

**नवादा।** मुख्यमंत्री के शनिवार को जिले के ककोलत जलप्रपात में लोकार्पण के दौरान स्थानीय प्रशासन की व्यक्ति विशेष के साथ बदसलूकी व रोके जाने की शिकायतें सीएम समेत वरीय अधिकारियों तक पहुंची है। ऐसा जद यू में चल रही आपसी गुटबाजी के कारण हुआ। बताया जाता है कि जद यू प्रदेश कार्यालय से राज्य अल्पसंख्यक आयोग की पूर्व सदस्य गोविन्दपुर पंचायत की पूर्व मुखिया जद यू महिला प्रकोष्ठ की पूर्व जिलाध्यक्ष अफरोजा खातुन को कार्यक्रम की सूची में शामिल होने के लिए नाम भेजा था। स्थानीय जद यू नेताओं ने उनके नाम को गायब कर दिया। मुख्यमंत्री आगमन के पूर्व जब वह थाली मोड़ पहुंची रजौली एसडीएम, सिरदला व गोविन्दपुर सीओ- बीडीओ व थानाध्यक्ष ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। सूचना मिलते ही सांसद विवेक ठाकुर ने मामले पर त्वरित संज्ञान लिया तथा स्थानीय अधिकारियों को खरी खोटी सुनाते हुए भेजने का निर्देश दिया। स्थानीय अधिकारियों द्वारा बदसलूकी व रोके जाने की सूचना मिलते ही प्रदेश कार्यालय में सनसनी फैल गयी तथा अल्पसंख्यक महिला को रोके जाने की सूचना मुख्यमंत्री कार्यालय को दी। वैसे स्थानीय प्रशासन द्वारा की गयी बदसलूकी व रोके जाने की शिकायत आयुक्त समेत अन्य वरीय अधिकारियों से की गयी है। बता दें अफरोजा मुख्यमंत्री की भरोसेमंद में से एक है। मुख्यमंत्री के नवादा समेत दूसरे जिले के कार्यक्रमों में हमेशा साया की तरह उपस्थित रहने वाली जीवट महिलाओं में से है। बावजूद उन्हें स्थानीय प्रशासन द्वारा रोका जाना समझ से परे है।

## विधिक जागरूकता शिविर में कानून की दी गई जानकारी

**कौआकोल (नवादा) (नि. सं.)।** प्रखण्ड मुख्यालय परिसर अवस्थित नवनिर्मित प्रखण्ड भवन के सभागार कक्ष में रविवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के निर्देश पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता कौआकोल बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार ने किया। जागरूकता शिविर में भाग लेने आए पीएलभी रामानुज कुमार एवं सरकारी अधिवक्ता अमन जैन ने उपस्थित लोगों को विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यों एवं दायित्वों के बारे में जानकारी दी तथा लोगों को उनके अधिकार एवं कर्तव्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## गिरफ्तार कर एक को भेजा गया न्यायालय

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के संदोहरा गांव में पुलिस ने रविवार को अहले सुबह में छापेमारी की। इस दौरान शराब के नशे में सुधीर चौधरी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने बताया गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई है, सूचना मिली कि वह शराब के नशे में हंगामा कर रहा था, सूचना

## पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की है जरूरत : प्रभारी प्राचार्य

निज संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** पौधारोपण महाअभियान के तहत शनिवार को इंटर विद्यालय नारदीगंज में पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डा. कारु रजक के देखरेख में किया गया। उन्होंने कहा पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण आवश्यक है। अधिक से अधिक पौधा को लगाए ताकि पृथ्वी में जहां हरियाली रहेगी,



वही वातावरण भी शुद्ध रहेगा। बरगद, नीम, तुलसी, पीपल समेत अन्य पौधे लगाने से पर्यावरण का संरक्षण होगा। अपने जीवन में एक वृक्ष अवश्य लगाए, क्योंकि वृक्ष ही जीवन है।

## मुकेश को जदयू ने सौंपी जिलाध्यक्ष की कमान

निज संवाददाता

**नवादा।** बिहार प्रदेश जद यू ने जिला संगठन में बदलाव किया है। मुकेश विद्यार्थी को जिलाध्यक्ष की कमान सौंपी है। इससे संबंधित पत्र विद्यार्थी को सौंपी है। प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा के हस्ताक्षर से पत्र जारी किया गया है। विद्यार्थी पूर्व विधान परिषद सदस्य सलमान रागिव का स्थान लेंगे। विद्यार्थी की पहुच पूर्व में भाकपा माले नेता के रूप में रही। संगठन विस्तार के साथ संघर्ष के लिये जाने जाते थे। बाद में वे जद यू में शामिल हो गये। जद यू ने इन्हें प्रदेश में स्थान दिया था। अब उन्हें प्रदेश



अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। उनके मनोनयन पर पूर्व जद यू नेता दीपक कुमार मुन्ना, कारु सिंह, जिलाध्यक्ष इंद्रदेव कुशवाहा, सुरेश प्रसाद वर्मा, ललन प्रसाद कुशवाहा, राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य अफरोजा खातुन समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, मनीष वर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए नव मनोनित अध्यक्ष को बधाई दी है।

## मनरेगा में फर्जीवाड़ा कर हो रही लूट

**नवादा (नि.सं.)।** जिले के उग्रवाद प्रभावित रजौली प्रखंड क्षेत्र के अमांवा पूर्वी पंचायत में मनरेगा के तहत कराये जा रहे कागज पर कार्य दिखा राशि की हो रही लूट के लिए जिम्मेवार कौन पीआरएस या कोई और क्यों नहीं हो रही जांच अधिकारियों के सामने यह यक्ष प्रश्न है जिसका जबाब एक न दिन देना होगा। कहते हैं पाप की सीमा का अंत होता है तब वह छप्पर पर चढ़कर बोलता है। मनरेगा इंटरनेट पर चल रही योजना व राशि भुगतान के साथ मजदूर जाब कार्ड में फर्जीवाड़ा खुद व खुद लूट की कहानी कह रहा है।

# ट्रक चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार, चोर के विरूद्ध दर्ज हैं कई मामले

निज संवाददाता

**नवादा।** जिले के नेमदारगंज पुलिस को बडी सफलता मिली है। पुलिस ने ट्रक चोर गिरोह का उद्भेन करते हुए वाहन चोर को गिरफ्तार किया। रजौली एसडीपीओ गुलशन कुमार ने समाहरणालय स्थित पुलिस कार्यालय में प्रेसवार्ता का आयोजन कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ट्रक चोरी कर उनके पहचान को बदल कर फ़र्ज़ी नंबर पर ट्रक चलाने वाले अंतर्राजीय गिरोह के एक इनामी अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसी साल जनवरी महीने में झारखंड के कोडरमा जिले के कुछ व्यापारियों द्वारा अकबरपुर और नेमदारगंज थाना में शिकायत की गयी कि कुछ अपराधियों द्वारा उनके ट्रक की चोरी कर ली गयी है। दोनों




थाना के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कर अनुसन्धान प्रारम्भ किया गया। मामले की गम्भरीता को देखते हुए एसपी अम्बरीष राहुल के द्वारा एसडीपीओ रजौली के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन कर अपराधियों की गिरफ्तारी एवं ट्रकों की बरामदगी का निर्देश दिया। गठित टीम ने अग्रेतर अनुसन्धान में एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया, जो ट्रकों की चोरी कर उनके इंजन व चेसिस नंबर पर किसी दूसरे ट्रक के नंबर को पंच कर, उनके स्वरुप को बदल कर या तो बेच दिया जाता था या भाड़े पर चलाया जाता था। पूर्व में चोरी किये हुए 7 ट्रक को बरामद किया जा चुका है एवं इस संगठित आपराधिक गिरोह के 11 अपराधियों को जेल भेजा जा चुका है। कुछ अपराधी गिरफ़्तारी के डर से फरार चल रहे थे। इन अपराधियों के उपर एसपी के द्वारा 25-25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। एसआईटी के द्वारा इन अपराधियों के लोकेशन को लगातार ट्रैक किया जा रहा था। हयूमन इंटेलिजेंस एवं टेक्निकल इंटेलिजेंस के आधार पर तीन अगस्त 2024 को अभियुक्त को नेमदारगंज थाना क्षेत्र के पचगावां गांव में छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त जिले के नेमदारगंज थाना क्षेत्र के पचगावां गांव निवासी राजेन्द्र प्रसाद का पुत्र गौतम कुमार है। वहीं उन्होंने बताया कि गिरफ्तार गौतम का पूर्व से अपराधिक इतिहास रहा है। उसके विरूद्ध नेमदारगंज थाना कांड संख्या 03/24, 02/24, कांड संख्या 15/24, कांड संख्या 17/24, कांड संख्या 130/24, कांड संख्या 14/24, कांड संख्या 16/24 तथा कांड संख्या 13/24 के नामजद अभियुक्त हैं।

## देशी-विदेशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, दो बाईक जप्त

**नवादा (नि.सं.)।** जिले के उग्रवाद प्रभावित गोविन्दपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर देशी- विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया जबकि दूसरा फरार होने में सफल रहा। इस क्रम में शराब ढोने के उपयोग में लायी जा रही दो बाईक को जप्त कर थाना लाया। पुलिस द्वारा अग्रेतर कार्रवाई आरंभ की गयी है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार पटेल ने बताया कि झारखंड राज्य के बासोडीह से मोटरसाइकिल सवार द्वारा शराब की खेप लेकर गोविन्दपुर की ओर जाने की गुप्त सूचना मिली। सूचना के आलोक में हर कंडा के खिड़की मोड़ के पास दो बाईक सवार को आते देख सजग पुलिसकर्मियों ने रुकने का इशारा किया। पुलिस पर नजर पड़ते ही एक बाईक छोड़ फरार होने में सफल रहा जबकि दूसरे को पुलिसकर्मियों ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों बाईकों की ली गयी तलाशी में 3.375 लीटर विदेशी शराब, 90 लीटर देशी शराब बरामद किया गया। इस बावत अग्रेतर कार्रवाई आरंभ की गयी है।

## 192 बोतल विदेशी शराब लदे इनोवा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बिहार-झारखण्ड के बॉर्डर स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एसआई सन्नी कुमार ने इनोवा में बने सीट के नीचे तहखाने से 192 बोतल विदेशी शराब बरामद किया।साथ ही एक शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया। वहीं दो अलग-अलग बसों से शराब परिवहन में जुटे दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया। वहीं शराब पीकर बिहार प्रवेश करने वाले 18 लोगों को हिरासत में लिया गया। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्यनिषेध को लेकर समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एसआई सन्नी कुमार के नेतृत्व में उत्पाद बलों झारखण्ड की ओर से आने वाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी वाहनों की सघन जांच किया जाता है। बीते रात्रि शनिवार को इनोवा संख्या डब्लूबी20यू1212 को जांच हेतु रोका गया। जांच के क्रम में इनोवा कार के अंदर सीट के नीचे बने गुप्त तहखाने से 750 एमएल एवं 375 एमएल के इम्पेरियल ब्लू एवं रॉयल स्टेज के कुल 192 बोतल शराब बरामद किया गया। बरामद शराब की कुल मात्रा 112.5 लीटर है। वहीं इनोवा चालक सह तस्कर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शराब तस्कर की पहचान गया जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र के मुसरैना गांव निवासी चरितर प्रसाद के पुत्र सन्दीप कुमार के रूप में हुई है। गिरफ्तार तस्कर ने बताया कि वह झारखण्ड के तिलैया से इनोवा को रजौली तक ले जा रहा था। इसके बाद कोई दूसरा व्यक्ति शराब से भरे वाहन को आगे लेकर जाता। उत्पाद अधीक्षक ने कहा कि उत्पाद बलों ने दो अलग-अलग यात्री बसों से दो शराब तस्करों को विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। जिनमें एक शराब तस्कर की पहचान नवादा के वार्ड संख्या 20 के न्यू एरिया निवासी संजय कुमार के पुत्र नीतीश कुमार के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि इस तस्कर के पास से 750 एमएल के 8 बोतल बलेंडर्स प्राइड बोतल बरामद किया गया है। वहीं एक दूसरे बस की जांच के दौरान सिरदला थाना क्षेत्र के बैजनाथपुर गांव निवासी अरविंद पाण्डेय के पुत्र अमन कुमार के पास से 750 एमएल के 10 बोतल विदेशी शराब बरामद किया गया है। उत्पाद अधीक्षक ने कहा कि जब्त शराब व इनोवा के अलावे गिरफ्तार शराब तस्करों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। गिरफ्तार शराब तस्करों को रविवार को अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि शराब पीकर बिहार आने वाले 18 शराबियों को भी हिरासत में लिया गया। हिरासत में लिए शराबियों की जांच ब्रेथ एनलाइजर मशीन से किये जाने पर सभी के शराब पीये होने की पुष्टि हुई।सभी शराबियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां सभी शराबियों ने जुर्माना राशि जमा किया एवं अपने-अपने घर चले गए।इस मौके पर उत्पाद एएसआई अंकित कुमार, एएसआई बिशु हेम्ब्रम, उत्पाद सिपाही, सैप बल एवं गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

## शिव-पार्वती के मिलन का प्रतीक 'हरियाली तीज'

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** प्रखंड क्षेत्र में 7 अगस्त को हरियाली तीज का त्यौहार मनाया जाएगा। हिंदू मान्यताओं के अनुसार सुहागिन महिलाएं इस दिन अपने पति की लंबी आयु तथा रक्षा को लेकर कठिन व्रत का पालन करती है। ऐसा कहा जाता है कि इसका पालन करने सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। इस पूजन से वैवाहिक जीवन में खुशियों का वास होता है। सनातन धर्म में हरियाली तीज का व्रत बेहद भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह पर्व भगवान शिव व मां पार्वती के दिव्या मिलन का प्रतीक है। हरियाली तीज पर तीन शुभ योग का महासंयोग बन रहा है। रवि योग, शिवयोग और परिधि योग में इस बार हरियाली तीज व्रत बनेगा। यह व्रत मानसून के मौसम में आता है। जब चारों ओर हरियाली छा जाती है, इसलिए इसे हरियाली तीज कहा जाता है। हरियाली तीज को सावन तीज, छोटी तीज और मधु श्रवा तीज के



नाम से भी जाना जाता है। हरियाली तीज का व्रत विवाहित महिलाओं द्वारा मनाएं जाने वाले करवा चौथ के समान ही महत्व रखता है। हरियाली तीज का त्योहार देवी पार्वती और भगवान शिव के साथ उनके मिलन को समर्पित है। इसी दिन पर भगवान शिव ने देवी पार्वती को अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार किया था।इसी कारण देवी पार्वती को तीज माता भी कहा जाता है। पुरानी बस स्टैंड बजरंगबली मंदिर के ज्योतिषाचार्य घनश्याम पांडेय ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि 6 अगस्त को रात्रि 7 बजकर 52 मिनट पर शुरू होगी। जिसका समापन 7 अगस्त को रात्रि 10 बजे होगा। पंचांग को देखते हुए हरियाली तीज का व्रत 7 अगस्त को रखा जाएगा। ऐसे में वर्ती इस दिन अपने शुभ व्रत का पालन करें। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि इस बार सावन भी खास है, क्योंकि एक ऐसा दिन भी है। जिस दिन तीन शुभ योग का महासंयोग बन रहा है। ऐसा में इस दिन भगवान की उपासना करने के साथ-साथ व्रत रखना भी लाभदायक होगा। उन्होंने कहा कि 7 अगस्त को हरियाली तीज का व्रत रखा जाएगा। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि पूजा में वर्ती महिलाएं शुभ मुहूर्त का विशेष ध्यान रखें। यह अति फलदाई होता है। हरियाली तीज की पूजा सुबह 6 बजे से लेकर 9 बजे तक के बीच होगी।इसके बाद सुबह 10 बज कर 30 मिनट से लेकर दोपहर 12 तक पूजा होगा। वहीं शाम की पूजा 4 बज कर 30 मिनट से 6 बजे तक के बीच होगी।पंचांग के अनुसार पूजा के लिए यह उत्तम समय माना जा रहा है। यूं तो चातुर्मास का दौर है और भगवान विष्णु के देवशयनी एकादशी को जागृत होने के बाद से मांगलिक कार्य का आरंभ हो सकेगा। लेकिन इस दौरान पूजा-पाठ और विभिन्न व्रत त्योहार का सिलसिला शुरू हो जाएगा। हरियाली तीज इसी कड़ी में मनाया जाएगा। सुहागिनों में इस वक्त को लेकर काफी आस्था है। इनकी तैयारी शुरू हो गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर डीएम व एसपी ने की बैठक, दिए दिशा-निर्देश

**आरा**। जिला सभागार, आरा में शनिवार को स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर बैठक हुई। जिला पदाधिकारी राजकुमार व पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार के संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित बैठक में स्वतंत्रता दिवस से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गयी। समयानुसार रमना मैदान, आरा में जिला पदाधिकारी द्वारा झंडोत्तोलन किया जाएगा । इसकी तैयारी को लेकर संबंधित विभागों को निर्देशित किया। प्रबंधन से संबंधित कार्य जिला नजारत और संस्कृतिक कार्यक्रम के लिए बच्चों को लाने व ले जाने के लिए जिला परिवहन को दिया गया। नगर निगम को साफ- सफाई व रंग-रोहन और उनसे संबंधित जिम्मेदारी दी गयी। स्वास्थ्य विभाग को स्वास्थ्य व्यवस्था से संबंधित, अग्निशमन, बिजली विभाग व अन्य महत्वपूर्ण विभागों को संबंधित कार्यों की जिम्मेदारी दी गयी। पुलिस- प्रशासन अपने स्तर पर परेड व संबंधित तैयारियां प्रारंभ करेंगें। बैठक में उप विकास आयुक्त विक्रम वीरकर, अपर समाहर्ता और अन्य वरीय पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

### प्रेमचंद की जयंती पर हुई गोष्ठी

**आरा**। भोजपुर जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में कथा सम्राट प्रेमचंद की 144 वीं जयंती मनी। अध्यक्षता प्रो बलिराज ठाकुर ने की। उन्होंने कहा कि प्रेमचंद युग निर्माता साहित्यकार थे, जिनकी आवाज भारत की अजेय जनता की आवाज है। इसलिए प्रेमचंद आज भी हमारे साथ हैं। प्रेमचंद का साहित्य राष्ट्रीय उत्थान का साहित्य है। जगत नंदन सहाय ने प्रेमचंद के विषय में विभिन्न विद्वानों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों का उल्लेख किया। पत्रकार गुंजन सिन्हा ने कहा कि गोदान आने वाले युग का प्रतिनिधित्व भी करता है और नए युग का द्वार भी खोलता है। भोजपुरी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर दिवाकर पांडेय ने प्रेमचंद के कथा शिल्प को मोहक बताते हुए कहा कि कथा का प्रवाह हमें शंका करने का अवसर नहीं देता। दर्शनशास्त्र के प्रोफेसर महेश सिंह ने कहा कि प्रेमचंद का जीवन दर्शन इसी संसार में जूझने वाले मनुष्यों के सुख- दुख,आशा- निराशा और विजय- पराजय का चित्रण करने में मिलता है। शिवदास सिंह ने प्रेमचंद को अमर कथाकार बताया। राजीव नयन अग्रवाल ने प्रेमचंद की श्रेष्ठ कहानियों की विशेषता पर प्रकाश डाला। डॉ. रेणू मिश्र ने प्रेमचंद पर स्वररचित कविता का पाठ किया। मौके पर डॉ. नंद दुबे, वशिष्ठ मुनि चौधरी, डॉक्टर पंकज सुधांशु, शशिकांत तिवारी व राकेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

### उद्योग विभाग की जिला स्तरीय समिति की हुई बैठक

**बक्सर**। डीएम अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में उद्योग विभाग की जिला स्तरीय समिति की बैठक सभाकक्ष में की गई। महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र बक्सर द्वारा बताया गया कि वर्तमान में शत प्रतिशत ग्राम पंचायतों एवं शहरी क्षेत्रीय निकायों का पीएम विश्वकर्मा पोर्टल पर ऑनबोर्डिंग करा लिया गया है। आवेदनों का प्रथम स्तर पर ग्राम पंचायत एंव स्थानीय शहरी निकाय द्वारा डेस्कटॉप वेरीफिकेशन किया जाता है तथा द्वितीय स्तर पर महाप्रबंधक द्वारा फील्ड वेरीफिकेशन कर आवेदनों का सत्यापन कर राज्य स्तर पर अग्रसारित किया जाता है। वर्तमान में 15630 आवेदनों द्वारा योजना अंतर्गत आवेदन किया गया है। जिसमें से प्रथम स्तर पर ग्राम पंचायत/स्थानीय शहरी निकाय 4103 आवेदनों को अग्रसारित किया गया है। जिसमें से 767 आवेदनों को जिला स्तर से राज्य स्तर पर अग्रसारित किया गया है।

### प्रदूषण फैला रही कंपनियों पर कार्रवाई करने की मांग

**कोईलवर**। गीधा औद्योगिक क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीणों द्वारा दिए गए शिकायत के आधार पर गीधा औद्योगिक क्षेत्र में अवस्थित कंपनियों के द्वारा तय मानक से ज्यादा प्रदूषण फैलाने पर मुख्य वन संरक्षण बिहार पटना के द्वारा बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद के सचिव को पत्र लिखकर मांग की गई है कि बिहार राज्य के भोजपुर जिला अंतर्गत आरा-पटना मुख्य मार्ग पर स्थित गीधा औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित पेपर मिल कंपनी एवं अन्य के संचालन से उत्पन्न हो रहे काला डस्ट , विषैला धुआं, दूषित जल तथा अवशिष्ट पदार्थ के फैलने से ग्राम मटियारा, कायमनगर , ब्रह्मपुर , पुरदिलगंज ,चकिया ,बिरमपुर कृतपुरा ,गीधा ,ज्ञानपुर एवं मोखलिसा के पर्यावरण में प्रदूषण फैल रहा है। अधिक प्रदूषण फैलाने वाली कंपनियों में भोलाराम पेपर और पावर प्राइवेट लिमिटेड, आलोक राइस मिल ,शिवम राइस मिल, लाल चिंता राइस मिल, काकन राइस मिल शामिल है। इन कंपनियों से पर्यावरण को हो रहे नुकसान के रोकथाम हेतु इनके ऊपर विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की गई है।

### मारपीट में व्यापार मंडल अध्यक्ष जख्मी

**आरा**। चरपोखरी थाना क्षेत्र के बरनी गांव में दो पक्षों के बीच हुई एक मारपीट कि घटना में व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिनारायण सिंह जख्मी हो गए। घटना के बाद आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरपोखरी लाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए आरा रेफर कर दिया। घटना का कारण पूर्व का विवाद बताया जाता है । चरपोखरी थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मारपीट कि घटना हुई है लेकिन अभी तक कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं है।

### 15 लीटर महुआ शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**नावानगर**। बासुदेवा ओपी क्षेत्र के केसठ मोड़ बासुदेवा के पास पुलिस ने शराब तस्करी की सूचना पर छापेमारी की। इसका नेतृत्व ओपी प्रभारी चुनमुन कुमारी ने की। जहां पुलिस ने केसठ मोड़ बासुदेवा से छापेमारी में 15 लीटर महुआ शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया। दोनों गिरफ्तार तस्कर बासुदेवा गांव निवासी ददन यादव और पिलापुर गांव निवासी संजय कुमार सिंह है। बासुदेवा ओपी प्रभारी ने बताया कि शनिवार को दोनों तस्कर को जेल भेज दिया जाएगा।

### 100 पदों पर नियुक्ति के लिए 6 को लगेगा शिविर

**बक्सर**। बिहार सरकार के श्रम संसाधन विभाग व जिला नियोजनालय के तत्वावधान में 6 अगस्त को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के परिसर में एक दिवसीय रोजगार शिविर लगाया जाएगा। जिला नियोजन पदाधिकारी अनीश तिवारी ने बताया कि वालकारो इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड शिविर में नियोजन की प्रक्रिया करेगी। जिसकी उम्र सीमा 18-42 वर्ष तय किया गया है। नियोक्ता की ओर से मैकेनिक हेल्पर, ट्रेनी ऑपरेटर, जूनियर टेक्नीशियन और टेरिट्री सेल्स एसोसिएट के पद पर नियुक्ति की जाएगी। कुल 100 पदों की बहाली होनी है। कार्यस्थल तमिलनाडु, राजस्थान, गुजरात, यूपी, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र है। जिला नियोजन पदाधिकारी ने इच्छुक आवेदकों से अपील की है कि वे 6 अगस्त को जिला नियोजनालय बक्सर में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक शिविर में भाग ले सकते हैं।

### जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में हुआ सावन मिलन

**आरा**। जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में सावन मिलन समारोह हुआ। प्रधानाचार्य मिलन बनर्जी, चेयरमैन अभिषेक सिंह और निदेशक कमलेश सिंह ने सभी स्टाफ और शिक्षकों को सावन मिलन की शुभकामनाएं दीं। मिस्टर सावन और मिस सावन प्रतियोगिता हुआ। शिवानी और राहुल ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। मिस्टर सावन का खिताब मोहित और मिस सावन का खिताब अलका ने जीता। इसके बाद कैलाश ने सावन पर आधारित एक मधुर गीत गाया, जिसने वातावरण को और भी रोमांचक बना दिया। कार्यक्रम में मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आनंद लिया। मौके पर स्कूल की समन्वयक पुष्पा सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# थर्मल पॉवर प्रभावित 1261 किसानों को मिलेगी मजदूरी

## बक्सर में 750 दिनों की मजदूरी देने का फैसला, मांग के बाद हुआ निर्णय

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के चौसा थर्मल पॉवर प्रभावित किसानों को एसजेवीएन कंपनी ने 750 दिनों की मजदूरी 1261 किसानों को देने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। जिसको लेकर चौसा थर्मल पावर के गेट के पास और अंचल कार्यालय के पास उन किसानों की लिस्ट चस्पा दी गई है। इसके साथ ही यह भी कहा गया है कि जिन किसानों का नाम लिस्ट में नहीं है और उनकी जमीन थर्मल पॉवर प्लांट में की गई है। इसका मुआवजा ले चुके है। वह इस लिस्ट अपना नाम जुड़वाने के लिए दावा आपत्ति के साथ जोड़वा सकते है। जिसके लिए थर्मल पॉवर प्लांट के पास काउंटर लगाया गया है।



**आरएनआर पॉलिसी के तहत मिल रहा है फायदाः** बता दें कि यह भुगतान पुनर्वास और पुनर्स्थापना (आरएनआर) पॉलिसी 2007के तहत कंपनी को देना है। इसकी मांग किसानों ने जिला प्रशासन, कंपनी और किसानों के बीच हुई कई बैठकों में कर चुके थे। यह सुविधा किसानों को मिलनी चाहिए, वो अब मिल रही है। नियमानुसार अपने इस अधिकार के लिए किसानों ने काफी संघर्ष किया है। हालंकि, देर आए दुरुस्त आए। किसानों के प्रति प्लांट के अधिकारी अपना कर्तव्य दिखा रहे है। बताया गया कि अनुमानतः प्रति किसान तीन से चार लाख रुपए मजदूरी के तहत दिया जाएगा।

**सीएसआर फंड भी किया जा रहा खर्चः** निर्माणाधीन 1320 मेगा वॉट थर्मल पॉवर की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी के पॉलिसी के अनुसार सीएसआर फंड को प्रभावित क्षेत्र में खर्च करना है। जिसके तहत कई कार्य पहले भी प्रभावित क्षेत्रों को सुविधा को देखते हुए किया गया है।किसानो की मांग पर चौसा में प्रवेश द्वार से लेकर निकास द्वार तक के बीच में अखौरीपुर गोला के तिराहा पर, चौसा यादव मोड़ के पास और चौसा महादेवा घाट पर 50 फीट से ऊपर की ऊंचाई पर हाईमास्ट स्ट्रीट लाइट लगवाई गई है। इससे पूरा चौसा दूधिया रोशनी से बहुत जल्द जगमगाने वाला है। अखौरीपुर गोला निवासी जितेंद्र यादव ने कहा है थर्मल पॉवर के पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी का यह सराहनीय कामहा है।किसानो की मांग पर यह कार्य किया जा रहा है।

# स्नातक सत्र 2024–28 की तीसरी मेधा सूची जारी

निज संवाददाता। आरा

वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में स्नातक सेमेस्टर वन सत्र 2024–28 में नामांकन की प्रक्रिया को लेकर तीसरी मेधा सूची जारी कर दी गई है। मेधा सूची 6 अगस्त तक विद्यार्थी नामांकन शुल्क जमा करेंगे। 7 अगस्त तक कागजात का सत्यापन होगा। छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रोफेसर के के सिंह ने बताया कि इस मेधा सूची में 8 हजार विद्यार्थियों का नाम जारी किया गया है। इसके बाद कोई भी मेधा सूची जारी नहीं की जाएगी। उसके बाद रिक्त सीटों पर ऑन द स्पॉट प्रक्रिया अपनाई जाएगी। अब तक स्नातक में 57 हजार विद्यार्थियों का एडमिशन हो चुका है। तीसरी मेधा सूची की नामांकन प्रक्रिया 10 अगस्त तक पूरी कर ली जाएगी। इसके बाद 9 अगस्त से विद्यार्थी ऑन द स्पॉट अपना सीट बुक करेंगे। इस बार कुल 1 लाख 4 हजार सीटों पर एडमिशन लिया जा रहा है।



**आधे से अधिक विषय में एडमिशन ही नहीं हो रहाः** बता दें कि अंगीभूत कॉलेज में सीट लगभग फुल हो गई है। संबद्ध कॉलेजों में सीट अब भी खाली है। अगर जिन विद्यार्थियों का संबद्ध कॉलेज में नाम आ रहा है वह दाखिला भी नहीं कर पा रहे हैं। इस बार विद्यार्थियों की वरीयता के अनुसार चुने गए महाविद्यालय भी आवंटित किए गए हैं। अरबी, प्राचीन इतिहास, प्राकृत, लोक प्रशासन, गणित(कलासंकाय), सांख्यिकी, कॉमर्स, उर्दू, भोजपुरी, मानवशास्त्र, ग्रामीण, अर्थव्यवस्था, दर्शनशास्त्र, बौद्धिक, पर्सियन, संस्कृत,समाज शास्त्र, एलएसडब्ल्यू, पाली और संगीत की पढ़ाई जिन कॉलेज में होती है वहां ओपन ऑफर लेटर से एडमिशन होना है। आधे से अधिक विषय में एडमिशन ही नहीं हो रहा है। जबकि स्नातक की कुल सीटों में 24 हजार सीटें कुछ विषयों में ऐसी है, जहां नामांकन के लिए आवेदन नहीं आया है।

# थर्मल पावर के निर्माण कार्य में लगे मजदूर की मौत

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के थर्मल पावर प्लांट में काम कर रहे मजदूर की मौत शनिवार को इलाज के दौरान हो गई। वहीं मौत के बाद परिजनों ने मुआवजे की मांग के साथ मुख्य गेट के पास शव को रख कर रोड को जाम कर दिया। हालांकि सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को समझा-बुझाकर जाम को हटाया। वहीं एलएंडटी के अधिकारियों को बुलाकर मुआवजे को लेकर सारी बात बताई। जानकारी के अनुसार इटाढ़ी थाना के भेलूपुर गांव निवासी श्रीराम पासवान का 30 साल का बेटा अशोक पासवान एलएंडटी के अंतर्गत मजदूरी करता था। शुक्रवार को प्लांट में काम करने के दौरान



उसकी तबीयत खराब हो गई। जब उसकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई तब घरवालों ने इलाज के लिए चौसा सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसकी मौत हो गई। फिलहाल एलएंडटी के अधिकारियों ने परिजनों को 25 हजार रुपए दिया है। इसके साथ ही अन्य मुआवजे को देने का आश्वासन दिया है।

# सब्जी दुकानदार को चाकू मारकर किया घायल, दुकान बंद कर लौट रहे थे घर, रास्ते में बदमाशों ने लूटपाट की नीयत से घेर लिया

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के अगिआंव बाजार गांव स्थित नहर पुल के समीप शनिवार की रात बदमाशों ने दुकान बंद कर वापस घर लौट रहे एक सब्जी दुकानदार को चाकू मार दी। जख्मी दुकानदार को छाती और पीठ पर चाकू मारी गई है। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए पीरो रेफरल अस्पताल से आरा सदर अस्पताल ले गए। जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जख्मी दुकानदार अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के अगिआंव बाजार गांव निवासी रजुली साह का 22 वर्षीय पुत्र मनजीत साह है। वह पेशे से



सब्जी दुकानदार है और अगिआंव बाजार स्थित हाईस्कूल के बगल में सब्जी की दुकान लगाता है। इधर जख्मी दुकानदार के भाई गोरख साह ने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह शनिवार की रात भी अपनी सब्जी की दुकान बंद कर घर वापस लौट रहा था। लौटने के क्रम में बीच रास्ते में नहर पुल के पास चार-पांच की संख्या में रहे बदमाशों ने उसे घेर लिया और पैसे को छिनने लगे।

**गांव के युवक पर चाकू मारने का आरोपः** लूटपाट का विरोध करने पर बदमाशों ने चाकू मार दिया। इलाज के लिए पीरो रेफरल अस्पताल से आरा सदर अस्पताल ले जाया गया। वह दूसरी ओर जख्मी दुकानदार के भाई गोरख साह ने गांव के ही एक व्यक्ति के बेटे और उसके साथ रहने वाले अन्य युवकों पर 20 हजार रुपए नगद, सोने का लॉकेट छिनने और विरोध करने पर भाई को चाकू मारने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

# भाजपा कार्यकर्ता हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार, आपसी रंजिश में प्रिंस को मारी थी गोली

निज संवाददाता। आरा

टाउन थाना पुलिस ने मझौंवा इलाके में तीन माह पूर्व घटित भाजपा कार्यकर्ता की हत्या के मामले में एक वांछित आरोपित को गिरफ्तार किया है। वांछित की गिरफ्तारी उत्तर प्रदेश के वाराणसी इलाके से हुई है। जानकारी शनिवार शाम भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार यादव ने दी। पकड़ा गया आरोपित अनील कुमार उर्फ बुचलुच टाउन थाना अन्तर्गत मझौंवा गांव का निवासी है। पूर्व से भी आपराधिक इतिहास रहा है। पूर्व में भी मझौंवा में घटित हत्याकांड में जेल जा चुका है। जेल से जमानत पर छूटने के बाद पुनः दूसरी घटना में उसकी संलिप्तता पाई गई है। आपसी रंजिश में षडयंत्र के तहत बुलाकर हत्या किए जाने की बात सामने आ रही है।



**21 मई की सुबह हुई थी वारदातः** एसपी ने बताया कि 21 मई 2024 की सुबह टाउन थाना क्षेत्र अन्तर्गत मझौंवा बांध से सटे स्थित एक घर में कुदरियां निवासी हेमंत प्रताप सिंह के पुत्र प्रिंस कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के भाई विशाल कुमार ने कुदरियां गांव में चल रहे भूमि विवाद को दर्शाते हुए चार के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी कराई थी।

**तीन माह पहले की वारदात**

**गिरफ्तारी के लिए टीम का हुआ था गठनः** पुलिस के अनुसंधान में अभी तक अनिल को ही दोषी पाया गया है। इधर, कांड में संलिप्त वांछित की गिरफ्तारी को लेकर एक टीम का गठन किया गया था। इस बीच तकनीकी सूत्र के आधार पर थानाध्यक्ष देवराज राय के नेतृत्व में गठित टीम ने वाराणसी में छापेमारी कर वांछित आरोपित अनील कुमार उर्फ बुलचुल को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने पूर्व में वैज्ञानिक विधि से भी साक्ष्य एकत्रित किए थे। सीसीटीवी फुटेज भी हाथ लगा था।

# किसानों के आंदोलन को तेज करेगा किसान संयुक्त मोर्चा

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के चौसा प्रखंड स्थित बनारपुर पंचायत भवन के पास संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से किसान चौपाल लगाया गया। वहीं किसानों के बीच सांसद सुधाकर सिंह भी पहुंचे और आंदोलन को तेज करने के लिए आवाज उठाया। आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि 9 अगस्त को कलेक्ट्रेट भवन का घेराव करेंगे। किसान चौपाल में पहुंचे संयुक्त किसान मोर्चा के नेता दिनेश सिंह ने कहा कि किसानों से जमीन लिया जा रहा है 2022 में और रेट दिया जा रहा है 2010 का। उन्होंने आगे कहा कि सरकार की ओर से 2010 के बाद किसानों के जमीन का रेट नहीं बढ़ाया गया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बनारपुर गांव में प्रशासन के अधिकारियों ने घरों में घुसकर किसानों का सामान तोड़ा। उनके बच्चों पर लाठी चार्ज किया। जब तक उन अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज नहीं होगा। तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। वहीं किसान नेता अशोक सिंह ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा ने 9 अगस्त को कॉर्पोरेट खेती छोड़ो नारा के साथ कलेक्ट्रेट का घेराव करेंगे। इसके साथ ही 20 मार्च को चौसा के किसानों का जो आंदोलन लाठी के बल पर स्थगित कर दिया गया था। उस लड़ाई को 9 अगस्त को नए सिरे शुरू किया जाएगा।



# छात्रा का आपत्तिजनक वीडियो-फोटो वायरल करने वाला गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर पुलिस ने एक छात्रा का आपत्तिजनक वीडियो व फोटो बनाकर ब्लैकमेल करने और वायरल करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामला नवादा थाना क्षेत्र से जुड़ा है। इसकी जानकारी एसपी प्रमोद कुमार यादव ने दी। उन्होंने बताया कि पकड़ा गया आरोपी विशाल कुमार नवादा के बहीरो मोहल्ला का निवासी है। गिरफ्तारी पटना के राजेन्द्र नगर इलाके से हुई। एसपी ने बताया कि पीड़ित छात्रा और आरोपी छात्र दोनों एक ही कोचिंग में पढ़ते थे। इस दौरान दोनों के बीच परिचय हो गया था। इस क्रम में आरोपी ने धोखे से छात्रा का प्राइवेट फोटो व वीडियो बना लिया। ब्लैकमेल कर रहा था। जिसे बाद में वायरल कर दिया। इसे लेकर पांच फरवरी को संबंधित थाना में एक प्राथमिकी की गई थी।



♦ पीड़िता को ब्लैकमेल कर रहा था, दोनों कोचिंग में एक साथ पढ़ते थे

**पटना में की छापेमारीः** गिरफ्तारी के लिए नवादा थानाध्यक्ष कमलजीत के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई थी। टीम ने तकनीकी सूत्र के आधार पर पटना के राजेन्द्र नगर इलाके में छापेमारी कर वांछित आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। टीम में प्रशिक्षु दारोगा जिसान अहमद व एएसआई अरविंद कुमार समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। बाद में पकड़े गए आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# कहीं 15 तो कहीं 24 घंटे बाधित रही, मोबाइल भी नहीं हो पा रही चार्ज

निज संवाददाता। आरा

जिले में भीषण बिजली संकट हो गया है। सभी नगर निकायों और प्रखंडों में लगातार 9 घंटा से लेकर 30 घंटा तक बिजली आपूर्ति बंद रह रही है। शुक्रवार की दोपहर से शनिवार की शाम तक अधिकांश विद्युत केंद्र और विद्युत उपकेंद्र ठप हो गए। लगातार 6, घंटे, 11 घंटे, 15 घंटे और 24 घंटे तक बिजली गायब रही। अधिकांश जगह शुक्रवार की रात अंधेरे में बीती। क्योंकि बिजली थी नहीं ! कोटा या बाजार में किरासन मिल नहीं रहा ! इस परिस्थिति में हाहाकार मचा रहा। घर-गृहस्थी, दुकानदारी व सरकारी विभागों का कामकाज व दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित रहा। इन्वर्टर बंद गये। लोग अपनी पानी टंकी में पानी नहीं भर सकें। फ्रिज में रखने वाले आइटम में पैकेट वाले दूध, दही, आइसक्रीम,



बटर व अन्य सामग्री खराब हो गईं। स्मार्टफोन और एंड्राइड फोन डिस्चार्ज हो गये। दूरसंचार सेवाओं पर बुरा असर पड़ा। इस हालत में लोग कहते रहे; पुराने दिनों की तरह लौट रही बिजली आपूर्ति व्यवस्था। आरा शहरी क्षेत्र में 5 घंटा व ग्रामीण में 24 घंटा तक बिजली गायब रही। आरा सदर प्रखंड के भकुरा उपकेंद्र से 23 24 घंटा बिजली गायब थी। शहर के नागरी प्रचारिणी के समीप 11000 केवी तार गिरने से करीब 2 घंटे बिजली आपूर्ति टाउन थाना वहबाबू बाजार के इलाकों में बंद थी। गोढ़ना रोड क्षेत्र में शुक्रवार रात 2 बजे से शनिवार सुबह 7.30 बजे तक बिजली गायब रहने की बात बताई गई। बड़हरा में 24 घंटा गायब रही बिजली बड़हरा। सबसे बुरा हाल बड़हरा प्रखंड में रहा। शुक्रवार की दोपहर करीब 2 बजे से शनिवार की दोपहर 2 बजे तक बड़हरा विद्युत उपकेंद्र से सभी सरकारी कार्यालयों, सेमरिया-पड़रिया बाजार, बबुरा बाजार, मटुकपुर बाजार समेत लगभग 40 गांव में बिजली गायब रही। कृषि फीडर बंद रहे। यहां कोईलवर गीधा विद्युत उपकेंद्र से बिजली आपूर्ति होती है। पूछने पर तेज हवाएं व वर्षा के कारण कभी 33 हजार केवी कभी 11 हजार केवी में फॉल्ट बताया गया। पीरो में शुक्रवार की रात से 10 घंटा तक बिजली नहीं रही। घरों में टंकी से पानी समाप्त हो गया। शनिवार को मोबाइल चार्ज के लिए लोग भटक रहे थे। दोपहर में बिजली आई, लेकिन ट्रिपिंग होती रही। कनीय अभियंता एकांत कुमार आदित्य ने बताया कि आंधी में औरंगाबाद जिला के नवीनगर के समीप 33 हजार केवीए पर पेड़ गिर गया था। कई स्थानों पर तार टूटा था।

## संक्षिप्त समाचार

### मुंगेर विवि के 81 शिक्षक को प्रोन्नति, 23 बने प्रोफेसर

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय में 3 अगस्त का दिन शिक्षकों की प्रोन्नति के इतिहास में दर्ज हो गया। 23 वरीय शिक्षक अब डॉक्टर से प्रोफेसर बन गए। अब उनके नाम के आगे प्रो. देवराज सुमन, प्रो. बीसी पांडेय, प्रो. हरिश्चंद्र शाही, प्रो. जीसी पांडेय, प्रो. सत्यादित्य सिंह, प्रो. कलाल बाखला, प्रो. बिनोद कुमार, प्रो. कंचन गुप्ता लिखे जाएंगे। विश्वविद्यालय के नए और पुराने मिलाकर कुल 81 शिक्षकों की प्रोन्नति पर सिंडिकेट ने अपनी मुहर लगा दी। हालांकि तकनीकी कारणों से एक वरीय शिक्षक की प्रोन्नति की अधिसूचना जारी नहीं हो सकी। इस प्रकार 80 शिक्षकों की प्रोन्नति की अधिसूचना विवि ने जारी की।

### बेड पर चादर नहीं, फटे गद्दे पर प्रसूताओं को कर रहे भर्ती, संक्रमण का है खतरा

**मुंगेर।** स्वास्थ्य सेवा को मरीजों के लिए बेहतर और सुलभ बनाने को लेकर सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। लेकिन हैरानी की बात है कि संसाधन उपलब्ध होने बावजूद सदर अस्पताल में मरीजों को इसका सही से लाभ नहीं मिल पाता है। दैनिक भास्कर टीम ने शुक्रवार की रात इसकी पड़ताल की गई तो कई गड़बड़ी सामने आयी। प्रसूता वार्ड में रात दस बजकर पांच मिनट पर महिला चिकित्सक नहीं थीं। बेड पर मच्छरदानी नहीं लगी थी। हर मरीज को चादर नहीं दी गयी थी। मरीजों को इलाज के दौरान चादर, पंखा, मच्छरदानी अपने घर से लाना पड़ रहा है। प्रसूताओं ने बताया कि अस्पताल में जरूरी सुविधा नहीं मिल रही है। डेंगू वार्ड में मरीजों का मच्छरदानी नहीं दी गयी थी। कई मरीजों के बेड पूरी तरह फटे हुए थे। एसी से पानी टपक रहा था। जिसके कारण मरीज के परिजनों को बैठने में परेशानी हो रही थी। कंगारू केयर वार्ड में मरीज के परिजन अगरबत्ती जलाकर मच्छर भगाने की जुगत कर रहे थे।

### बिजली गुल रहने से हुई परेशानी

**मुंगेर।** बारिश एवं तेज हवा के कारण शुक्रवार को धरहरा प्रखंड क्षेत्र में बिजली दिनभर बाधित रही। धरहरा ग्रीड अंतर्गत कुछ फीडरो में रात लगभग साढ़े 8 बजे बिजली सप्लाई चालू हो गया। रामचन्द्रपुर ग्रीड अंतर्गत धरहरा प्रखंड के भलार गांव में शुक्रवार की सुबह से शनिवार की दोपहर तक लगातार 30 घंटों तक बिजली गुल रही। शनिवार की दोपहर 12 बजे से शाम के 5 बजे तक बिजली विभाग की ओर से बिजली सप्लाई बंद करके पेड़ छटाई का कार्य किया गया। ग्रामीण रंजन यादव , कुंदन सिंह निकुम्भ , गुल्शन सिंह , गुड्डू सिंह , मनीष सिंह सहित अन्य उपभोक्ताओं ने कहा कि दशरथपुर पेट्रोल पंप के आसपास के क्षेत्र में एवं भलार मैदान के आसपास के इलाकों में आए दिन ग्यारह हजार बिजली के तार में पेड़ के सटने से बिजली बाधित होने की समस्या बनी हुई है । जिसके कारण सैकड़ों उपभोक्ताओं को फजीहत झेलनी पड़ती है । ग्रामीणों का कहना है कि अगर बिजली विभाग तार के आसपास पेड़ों की छंटाई करवा देती है तो बिजली बाधित रहने की समस्या से निजात पाया जा सकता है ।

### टक्कर मारने में चालक पर केस

**टेटिया बंबर।** एनएच 333 अंतर्गत बनहरा चौक के समीप 2 दिन पूर्व हाईवा द्वारा ई-रिक्शा में टक्कर मार चालक को जख्मी किए जाने के मामले में जख्मी चालक के पिता मंझगांय निवासी सुधीर यादव ने गंगटा थाना में आवेदन देकर हाईवा वाहन एवं चालक पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। 2 दिन पूर्व बनहरा चौक पर ई-रिक्शा में हाईवा द्वारा जोरदार टक्कर मारी गई थी। जिसमें ई-रिक्शा चालक जख्मी हो गया था। जिसे प्राथमिक उपचार कर रेफर कर दिया गया था।

### दिल्ली से होगी डेंगू की निगरानी, देनी होगी रिपोर्ट

**मुंगेर।** डेंगू कि भयावहता को लेकर अब केंद्र सरकार भी पूरी तरह अलर्ट मोड में आ चुकी है। अब डेंगू को लेकर हर रोज केंद्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय को जिला द्वारा रिपोर्ट सौंपना अनिवार्य कर दिया गया है। जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा केंद्र सरकार के पोर्टल पर रिपोर्ट भेजी जाएगी। यह निर्देश राज्य स्वास्थ्य समिति ने केंद्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देश पर सीएस को भेजा है। साथ ही छिड़काव के लिए दवा की उपलब्धता की जानकारी मांगी है। हर रोज 11 बजे तक केंद्र सरकार के स्वास्थ्य विभाग के पोर्टल एलाइजा पर रिपोर्ट डाली जाएगी। इससे पूर्व यह रिपोर्ट आईडीएसपी के पोर्टल पर डाली जाती थी। सभी चिकित्सा पदाधिकारी को केंद्र सरकार के पोर्टल पर डेंगू का रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है। साथ ही मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए पर्याप्त दवा, टेस्ट किट, जांच आदि को लेकर पूरी तैयारी रखने का निर्देश दिया गया है ताकि किसी भी परिस्थिति में मरीजों को कोई परेशानियां न हो।

### शिक्षिका ने भजन से प्रेम भक्ति का कराया अहसास, नव्या ने तांडव नृत्य से मोहा मन



**भागलपुर।** नवयुग विद्यालय में शनिवार को 80वां स्थापना दिवस मनाया गया है। विद्यालय परिसर में सचिव दिनेश महेशेका के नाम पर झण्डोत्तोलन हुआ। छात्र-छात्राओं ने गणेश वंदना के साथ बेटी बचाओं पर रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुत कर समाज में बेटियों की बढ़ती धमक पर प्रस्तुति दी। विद्यालय के हेड ब्वाय केशव कुमार चौधरी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। संगीत शिक्षिका निवेदित बैनर्जी ने एक राधा एक मीरा गीत गाकर लोगों को सावन में भक्ति का अहसास कराया। नौवीं कक्षा की छात्रा नव्या सोनी के ताण्डव नृत्य ने प्रशाल को शिवमय बना दिया। मौके पर पूर्व डिप्टीमेयर डॉ. प्रीति शेखर, विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र अश्विनी जोशी मोन्टी, प्रभारी प्राचार्य डॉ. अजय कुमार मिश्रा व अन्य शिक्षक छात्र मौजूद थे।

### दो करोड़ से रवींद्र भवन का होगा जीर्णोद्धार

**भागलपुर।** टीएमबीयू में टील्हा कोठी स्थित रवींद्र भवन का दो करोड़ रुपए से जीर्णोद्धार होगा। इसका प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसको लेकर शनिवार को कुलपति प्रो. जवाहर लाल ने रविंद्र भवन का निरीक्षण किया। इस बीच टील्हा कोठी स्थित पीजी एआईएच विभाग के छात्रों ने उनसे विभाग में वाशरूम नहीं रहने, शैक्षणिक टूर पर नहीं ले जाने और लाइब्रेरी में किताबों की कमी की शिकायत भी की। कुलपति ने संबंधित लोगों को ये समस्याएं दूर करने और काम में अड़ंगा डालने वालों पर कार्रवाई करने की बात कही। कुलपति भवन के प्रथम तल के कमरे में गए और इसे बेहतर बनाने को कहा।छत पर जमे बारिश के पानी को हटाने और सफाई कराने को कहा। कुलोटी ने कहा कि दरअसल प्रधान सचिव स्तर के अधिकारी रविंद्र भवन को देखना चाहते हैं। इसकी लेकर भवन के जीर्णोद्धार और इसे पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित किए जाने की बात हुई है। कुलोती ने भवन में रविंद्र नाथ टैगोर की तस्वीर लगाने, भवन पर एलईडी बोर्ड, कक्षा में स्मार्ट बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। इस मौके पर पीजी हेड डॉ. अशोक कुमार सिन्हा, प्रॉक्टर डॉ. अर्चना साह, रीजनल सेंटर के निदेशक डॉ. सीपी सिंह, डॉ. पवन शेखर, डॉ. दिनेश गुप्ता, गेस्ट फेकल्टी डॉ. आशा कुमारी मौजूद थीं।

# फर्जी एडीएम बनकर ठगी करने वाला पत्नी के साथ धराया

## कार पर वरीय उप समाहर्ता का बोर्ड लगाकर चलता था, पुलिस ने बॉन्ड पर छोड़ा

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में एक व्यक्ति अपनी कार पर वरीय उप समाहर्ता का बोर्ड लगाकर कई लोगों से ठगी कर चुका है। ठग की पहचान जोगसर थाना अंतर्गत राज पांडेय के रूप में हुई है। राज पांडेय और उसकी पत्नी पुष्पा पांडेय को पुलिस ने 19 जुलाई को गिरफ्तार किया था। राज पांडेय के दोनों पैर फैक्चर होने के कारण पुलिस ने पीआर बॉन्ड पर छोड़ दिया। हालांकि पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा कि दोनों पति-पत्नी अपनी कार BR 01 PG 9119 से कहीं बाहर जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया और थाने ले आई। वरीय उप समाहर्ता से संबंधित पूछताछ की। जिसपर संतोषजनक जवाब नहीं दिया और न ही किसी प्रकार का वैध कागजात प्रस्तुत किया। कार को पुलिस ने जब्त कर लिया।




**28 जून को धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ था:** 28 जून को दर्ज धोखाधड़ी मामले में जोगसर थानाध्यक्ष कृष्ण नंदन कुमार सिंह पहले पुलिस बल के साथ ठग के घर खरमनचक मोहल्ला गए थे, लेकिन दंपती उससे पहले ही अपनी कार से निकल गए थे। जब थानाध्यक्ष ठग के घर से लौट रहे थे तो रास्ते में दोनों मिल गए। जिसके बाद उनसे पूछताछ की गई और थाने ले जाया गया। जोगसर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर कृष्णनंदन कुमार सिंह ने अपने बयान पर मामले में केस दर्ज किया है। जिसमें राज पांडेय के विरुद्ध पूर्व में जोगसर, नाथनगर और पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में दर्ज कांडों का भी उल्लेख किया गया है।

**अस्वस्थ होने के कारण PR बांड पर छोड़ा गया:** सिटी एसपी राज ने बताया कि मामला संज्ञान में आया था। फर्जी अधिकारी बनकर लोगों से ठगी करते थे। आरोपी जोकसर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। अनुसंधान जारी है। अस्वस्थ होने के कारण PR बांड पर छोड़ा गया है। प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। अनुसंधान जारी है। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। दोनों के खिलाफ फ्लैट बेचने के नाम पर 18 लाख की धोखाघड़ी का केस दर्ज है। मालूम हो राज पांडेय पटना एडीएम के नाम पर नाथनगर में ठगी कर चुका है। आरोपी राज पांडे ने 2023 में पश्चिम बंगाल में पुलिस जवान पर फायरिंग की थी।

# कान्हा संग बाबा नगरी निकली महिला श्रद्धालु

निज संवाददाता। भागलपुर



♦ कोडरमा से सुल्तानगंज 2 सौ KM पैदल की यात्रा, देवघर तक का सफर अभी बाकी

सावन के महीने में श्रद्धालु सुल्तानगंज से देवघर 105 किलोमीटर की दूरी पैदल तय कर भोलेनाथ को जल अर्पित करते हैं, लेकिन झारखंड की कोडरमा निवासी कुसुम 200 किलोमीटर पैदल चलकर सुल्तानगंज पहुंची हैं। वहां से गंगाजल भरकर पैदल ही देवघर जा रही हैं। कुसुम अपने साथ कान्हा जी को भी लेकर साथ चल रही है। कुसुम को श्याम से मोह है, लेकिन भोलेनाथ पर भी अटूट श्रद्धा है। कुसुम बतातीं हैं कि भगवान भोलेनाथ और कान्हा जी दोनों अच्छे मित्र हैं इसलिए कान्हा जी को भोलेनाथ से मिलाने के लिए देवघर जा रही हूं।

**श्रद्धालुओं के लिए पीने और खाने की व्यवस्था:** शिव भक्तों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो इसके लिए भागलपुर जिला प्रशासन की ओर से पर्याप्त व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन की व्यवस्था से श्रद्धालु खुश नजर आ रहे हैं। रैन शेल्टर में श्रद्धालुओं के लिए पीने के पानी से लेकर रहने खाने का उत्तम व्यवस्था है। रेन शेल्टर में साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखा जा रहा है। बेहतर व्यवस्था के लिए श्रद्धालुओं ने जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

**20 की जगह 25 में बेच रहे सामान:** मालूम हो कि कुछ दुकानदार मनमाने तरीके से श्रद्धालुओं से वसूली कर रहे है। 20 की समान को 25 में बेच रहे हैं। जबकि जिला प्रशासन की ओर से तमाम चीजों के रेट को तय कर दिया है। लेकिन दुकानदार श्रद्धालुओं से 5 बढ़कर ले रहे हैं।

# भागलपुर में 5 लाख रुपए का शराब जब्त

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर पुलिस ने शक के आधार पर शनिवार को बड़ी कार्रवाई की है। भारी मात्रा में पुलिस ने एक कार से विदेशी शराब बरामद किया है। जिसकी कीमत पांच लाख से अधिक बताई जा रहा है मामला जिले पुलिस जिला नवगछिया के नवगछिया थाना क्षेत्र का है। दरअसल झारखंड के गोड्डा जिला से शराब लाकर नवगछिया के रास्ते बेगूसराय के तरफ जा रहे थे। तभी नवगछिया चौक पर पुलिस गस्ती कर रही थी। कार का टायर में हवा कम था और कार में सवार दो लोग शामिल थे पुलिस को शक हुई। इसके बाद पुलिस ने तस्कर का पीछा कर गाड़ी रोकने को कहा इसके बाद कर की तलाशी ली गई।

**तस्करों की लिंक की तलाश में जुटी पुलिस:** कार की तलाशी लेने के दौरान पुलिस को भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद हुआ।



व्हाइट कलर के कार में 1776 अलग-अलग ब्रांड के विदेशी शराब भरा हुआ था। पुलिस ने चालक और उपचालक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान यूपी निवासी देवनारायण कुमार के पिता पुत्र यतेंद्र कुमार एवं हरियाणा निवासी सचिन कुमार को धर दबोचा है। पुलिसिया पूछताछ में आरोपी ने बताया कि गोड्डा से शराब बेगूसराय के तरफ ले जा रहे थे इधर, पुलिस ने शराब और तस्कर को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंक को खंगाल रही है।

# भागलपुर में आंधी-बारिश से केले की फसल बर्बाद, किसानों ने कहा- कर्ज लेकर लगाए थे फसल

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के पुलिस जिला नवगछिया के नारायणपुर प्रखंड क्षेत्र में अचानक मौसम के बदलने से लोगो को गर्मी से राहत तो मिली। लेकिन तेज आंधी बारिश ने किसानों को रुला दिया। इससे किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। आंधी से केले की फसल को भारी नुकसान हुआ है। भारी संख्या में केले के पौधे बर्बाद हो गये। वहीं किसानों को इस बात की भी चिंता सता रही है कि साल भर रोटी का इंतजाम कैसे होगा? आंधी बारिश से किसानों के सामने आर्थिक संकट के बादल छा गए है। जयपुर चुहर पूरब पंचायत के वार्ड संख्या 7 के निवासी किसान जितेंद्र कुमार साह ने बताया कि मेरी दो एकड़ में लगी केला की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। बैंक का कर्ज कैसे चुकता करेंगे। बैंक से कर्ज लेकर और गांव के लोगों से उधार लेकर खेती किए थे। लेकिन जब फसल पकने का समय



हुआ तो आंधी उड़ा ले गई। ऐसे में कैसे बैंक का कर्ज चुकता होगा और घर परिवार कैसे चलेगा. इसी सोच में किसान का रो रो कर बुरा हाल है। इस तरह के सैकड़ों किसानों का भी यही हाल है सब किसान सरकार से कुछ मदद की आस लगाए बैठे है। इलाकों में फसल की क्षति होने के कारण किसानों के बीच त्राहिमाम की स्थिति बन गई है

**मौसम विभाग ने जारी किया है 36 घंटे का अलर्ट:** भागलपुर समेत कई जिलों में अगले 36 घंटे के लिए मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया है। शनिवार को अहले सुबह से भागलपुर में बूंदाबांदी बारिश कई इलाकों में हो रही है। इसे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है मौसम विभाग के पूर्वानुमान प्रतिवेदन के आलोक में

♦ साल भर का रोटी का इंतजाम कैसे होगा?

अगले 36 घंटे के लिए औरंगाबाद, भागलपुर बांका गया जमुई कटिहार मुंगेर नवादा एवं रोहतास कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ अत्यधिक बारिश वार्जपत के लिए रेट अलर्ट जारी किया गया है। बेगूसराय भागलपुर गया जमुई जहानाबाद कैमुर कटिहार खगड़िया लखीसराय मुंगेर नालंदा नवादा रोहतास एवं शेखपुरा के कुछ स्थानों पर हवा के साथ भारी बारिश के प्रबल संभावना के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी की गई है। संयुक्त निदेशक एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नागेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया की भागलपुर की ओर से संबंधित एजेंसियों को रेडी मोड में रहने तथा लोगों को सचेत रहने के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है।

# 54 फीट का कांवर बना आकर्षण का केंद्र, मुंगेर के कांवरिया पथ पर जुटी लोगों की भीड़

निज संवाददाता। मुंगेर

श्रावणी मेला में कावरियों के साथ उनके कांवर भी आकर्षक का केंद्र बने हुए है। रविवार को पटना सिटी मारूफगंज से विशाल शिवधारी संघ के सैकड़ों कांवरियों का 54 फीट का कांवर मुंगेर के कच्ची कांवरिया पथ में आकर्षक का केंद्र बना रहा। इसे देखने के लिए आम लोगों की भीड़ कांवरिया पथ में लग गई। बता दें कि पटना जिला अंतर्गत मारुफगंज के विशाल शिवधारी संघ के 500 कांवरियों का जत्था सुल्तानगंज से गंगाजल भरकर 54 फीट लंबे कांवर लेकर बुधवार को बाबाधाम के लिए रवाना हुआ। उक्त कांवर को देखकर लोग अचंभित हो गए।

**कांवर के छह घड़े में 50 लीटर जल:** गोगाचक में विश्राम कर रहे कांवरियों ने बताया कि उक्त



कांवर को तैयार करने में लगभग 25 दिन का समय लगा हैं। कांवर पर देवघर में बने शिव पार्वती की मंदिर की आकृति सहित मां काली की प्रतिमा, मां दुर्गा की प्रतिमा, गणेश प्रतिमा, शिव-पार्वती की प्रतिमा और शिवलिंग भी बना हुआ है। कांवर में 6 घड़ा लगा हुआ है, जिसमें 50 लीटर जल भरा हुआ है। जो काफी मनमोहक लग रहा है। संघ के अध्यक्ष विनोद बाबा ने बताया कि 25 सालों से प्रत्येक साल कांवर लेकर सभी लोग बाबा बैजनाथ धाम जाते हैं और 54 घंटों में बाबा को जल अर्पित करते हैं। यह बताते है कि स्वप्न आया था कि मै कांवर लेकर जा रहा हूं और कांवर धरती में घसीटते जा रहा है। उसी साल से मैने कांवर संघ बनाया और 54 फीट के कांवर में जल भरकर प्रत्येक साल बाबा धाम जाने लगे।

**54 फीट का कांवर को लेकर जाते है डाक बम:** कांवरिया संघ के सदस्य डब्लू कुमार,शंकर कुमार, मोहित माल्या,अंकित सोनी ने बताया कि जितने फीट का कांवर है, उतने ही घंटों में हम लोग दूरी तय कर बाबा धाम पहुंचते है और जलाभिषेक करते है। उन लोगों ने बताया कि चार सालों तक हम लोग 54 फिट कांवर को लेकर डाक बम जाते रहे। लेकिन, एक बार विनोद बाबा के मुंह से खून आने लगा, तब से हम लोग आराम करते बाबा धाम जाने लगे।

# सड़क हादसे में कांवरिया की मौत, एक घायल

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में रविवार सुबह कंटेनर की चपेट में आने से बाइक सवार कांवरिया की मौत हो गई, जबकि एक घायल है। घटना सबौर थाना क्षेत्र के बंसीटिकट ब्रेकर के पास की है। बताया जा रहा है कि घायल को स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान सिलीगुड़ी राजगंज थाना क्षेत्र निवासी सागर ग्वाला(45) के रूप में की गई है। घायल



कटिहार जिले के गेड़ाबाड़ी निवासी सौरभ कुमार (29) है। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घायल युवक सौरभ ने बताया कि बाइक से अपने बहनोई के साथ बाबा धाम जा रहे थे। अचानक बंसीटिकर ब्रेकर के पास कंटेनर ने पीछे से ठोकर मार दी। लोदीपुर थाना अध्यक्ष श्यामला कुमार ने कहा कि घटनास्थल सबौर थाना क्षेत्र होने के कारण आरोपी को सबौर पुलिस को सौंप दिया गया है। सबौर थाना अध्यक्ष विवेक कुमार जायसवाल ने कहा कि घटना हुई है। शव को कब्जे में ले लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# गंगा उफान पर, नए क्षेत्रों में हो रहा कटाव

निज संवाददाता। मुंगेर

जिला में एक बार फिर गंगा अपना रौद्र रूप दिखाना शुरु कर दिया है। गंगा में लगातार वृद्धि होने के कारण पानी काफी तेजी से बह रही है। जिस कारण गंगा में तेज धार बहने की वजह से कई जगहों पर कटाव की स्थिति उत्पन्न हुई है। कटाव के कारण गंगा घाट पर स्नान करने गए लोगों को भी डर सता रहा है। गंगा की तेज धार बहने के कारण दियारा क्षेत्र के महेशपुर, मनियारचक, टीकारामपुर सहित अन्य जगहों पर कटाव हो रही है। वहीं कटाव के कारण किसानों की परेशानी भी बढ़ी हुई है। किसानों का कहना हुआ कि जब पानी का तेज धार गंगा में बहता है तब भी कटाव होती है और जब गंगा का जलस्तर कम होने लगता है उस वक्त भी कटाव होता है। कटाव के कारण फसल लगा खेत कटकर गंगा में समा रहा है। गंगा के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि गंगा के जल स्तर में पिछले 31 जुलाई से बढ़ना जारी है। आपदा विभाग के मुताबिक शनिवार को गंगा का जलस्तर 36.72 मीटर पाया गया। जबकि इस बार गंगा का जलस्तर घटकर 36.01 सेमी पर स्थिर हो गया था और 31 जुलाई से लगातार गंगा का बढ़ना जारी है, जो शनिवार तक 36.72 दर्ज किया गया। इस तरह से जिले में अभी गंगा का जलस्तर खतरा निशान से मात्र 2.61 मीटर नीचे है। लगातार रूक-रूक जो बारिश हो रही है।

# ब्लड कैंसर से पीड़ित दंडवत प्रणाम करते जा रहे देवघर, मधुबनी के अमरेंद्र यादव 105 KM की करेंगे यात्रा

निज संवाददाता। मुंगेर

विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के दौरान कच्ची कांवरिया पथ पर बाबा के भक्त भक्ति में डूबे नजर आ रहे हैं। कोई भक्त अपने परिवार की सुख समृद्धि को लेकर देवघर जाते है, तो किसी की मन्नत पूरी होने पर वह वहां जाते है। असरगंज कच्ची कांवरिया पथ पर एक ऐसे भोले भक्त को देखा गया, जिसके बारे में जानकर कई लोग हैरान है। श्रावणी मेला 2024 के दौरान भगवान भोलेनाथ की भक्ति में लीन होकर एक भक्त देवघर जा रहे हैं। यह ब्लड कैंसर से पीड़ित है। ब्लड कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित होते हुए भी मधुबनी के मंसापुर बलवा के रहने वाले अमरेंद्र यादव दंडवत प्रमाण करते हुए देवघर जा रहे हैं। यह सुल्तानगंज से 105 किलो मीटर दूर बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर जा रहे है। उनके दृढ़ विश्वास और अटूट श्रद्धा को देख कर लोग यह



कामना कर रहे है कि उनकी मनोकामना बाबा भोले नाथ पूरी कर दें, जो उन्हें इतनी कठिनाइयों के बावजूद भी आगे बढ़ने का साहस दे रहे है।

**लोगों ने माला पहना कर दिया सम्मान:** अपनी दंडवत यात्रा के दौरान कच्ची कांवरिया पथ पर सुल्तानगंज से चलने के बाद आठवें दिन पहुंचे हैं। वहीं, जब इसकी जानकारी कुछ लोगों को लगी, तो उन्हें फूल माला पहना कर उनके साहस को प्रमाण किया। दंडवत यात्रा कर रहे अमरेंद्र किन अपनी परिस्थितियों पर फूट-फूट कर रो पड़े। इन्होंने बताया कि हम ट्रक चालक है और 25 साल से बाबा बैद्यनाथ धाम जा रहे हैं। यह कभी डाक बम, कभी कावड़ बम बनते हैं। लेकिन, इस बार वो दंडवत प्रमाण कर यात्रा कर रहे हैं। अमरेंद्र कहते है कि वह कोई नशा नहीं करते है। जब अचानाक सिर भारी लगने लगा, तब में सरगंगा राम गए और चेक करवाया, तब पता चला कि ब्लड कैंसर हुआ है। यह जानकारी मिलने के बाद मैंने संकल्प लिया और बाबा से कहा कि हमे जिंदा रखा है, आपकी नगरी में हमेशा आऊंगा। अमरेंद्र सुल्तानगंज उत्तर वाहिनी गंगा से जल भर कर 8 दिन में असरगंज कच्ची कांवरिया पथ पहुंचे है।

## संक्षिप्त समाचार

### हथियार के बल पर अपराधियों ने पिकअप से लूटी बैट्री

**कल्याणपुर, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के दुमदुमा पुल के पास शुक्रवार की देर रात एक बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने पिकअप को कब्जे में लेकर तीन इनवर्टर की बैटरी को लूट ली. घटना को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी मौके से फरार हो गये. सूचना के आधार पर पुलिस चालक से पूछताछ कर रही है. चालक की मानें तो शुक्रवार की देर रात वह पटना से इनवर्टर वाली बैटरी की खेप लेकर मधुबनी जा रहा था. इसी बीच दुमदुमा पुल के पास एक बाइक पर सवार तीन अपराधी पीछा करते हुए हथियार के बल पर रुकने को मजबूर कर दिया. अपराधियों ने हथियार लहराते हुए चालक के पॉकेट से छह सौ रुपए निकाल लिये. साथ ही गाड़ी के ऊपर लगे त्रिपाल को चाकू से काट कर तीन बैटरी निकाल ली. तीन बैटरी लेकर मौके से फरार हो गया. जिसकी कीमत पचास से साठ हजार बतायी गयी है. चालक की पहचान उजियारपुर थाना अंतर्गत सातनपुर निवासी अरविंद कुमार के पुत्र भारतेंदु कुमार के रूप में हुई है. कल्याणपुर पुलिस चालक से गहनता से पूछताछ कर रही है. थानाध्यक्ष नीतिश चंद्र धारिया ने बताया कि चालक द्वारा सूचना दी गई है. जिसके आधार पर पुलिस अनुसंधान में जुटी हुई है.

थाना क्षेत्र के बघमारा पुल के पास दरभंगा से घर लौट रहे मजदूर पर पेड़ गिर गया. इसके कारण साइकिल सवार मजदूर गंभीर रूप से जख्मी हो गया. प्राथमिक इलाज बरहेता के निजी नर्सिंग होम में कराया गया. गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए दरभंगा रेफर कर दिया गया. जहां इलाज के दौरान शनिवार की सुबह मौत हो गई. मृतक की पहचान मालीपुर गांव निवासी हाफी सहनी के पुत्र श्याम सहनी के रूप में हुई है. शव को लेकर कल्याणपुर थाना पर लाया है. जिसके आधार पर पुलिस ने कार्रवई में जुटी है.

### कट्टा एवं कारतूस के साथ अपराधी गिरफ्तार

**खजौली, एजेंसी।** थाना कांड के गिरफ्तार अप्राथमिकी अभियुक्त कन्हौली तुरकाहा गांव निवासी रौशन कुमार ठाकुर को बीती रात थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, अपर थानाध्यक्ष राम कुमार, पीएसआई जितेश कुमार मिश्रा ने बेलाकोठी मुख्य सड़क के लचका पर गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अभियुक्त रौशन कुमार ठाकुर को पुलिस साथ लेकर उनके कन्हौली तुरकाहा गांव स्थित घर पर छापेमारी की. गिरफ्तार अभियुक्त के कमरे में बिछावन पर तकिया के नीचे से एक देसी कट्टा एवं 315 बोर का जिंदा कारतूस बरामद कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया. थानाध्यक्ष ने कहा कि अप्राथमिकी अभियुक्त रौशन कुमार ठाकुर पूर्व में बाइक चोरी का अप्राथमिकी अभियुक्त था. अभियुक्त के घर से देसी कट्टा एवं जिंदा कारतूस बरामद किया गया है. उन्होंने कहा कि अभियुक्त शातिर अपराधी है. वह पूर्व में कई लोगों का बाइक की चोरी एवं चलते राहगीर से छिनतई की घटना का अंजाम दिया था. पुलिस अभियुक्त रौशन कुमार ठाकुर को जेल भेज दिया है. छापेमारी में बीएमपी सशस्त्र पुलिस बल विकास कुमार, सुमन कुमार एवं महाल चौकीदार परमेश्वर पासवान शामिल थे.

### रोगी कल्याण समिति की बैठक में सदस्यों ने सी सेक्शन को उपकरण खरीद का रखा प्रस्ताव

**बेनीपट्टी, एजेंसी।** अनुमंडल कार्यालय में एसडीएम मनीषा की अध्यक्षता में अनुमंडलीय अस्पताल के रोगी कल्याण समिति की बैठक हुई. बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई. इस दौरान एसडीएम ने संबंधित समिति का गठन के पश्चात डोकोमेंट्री उपलब्ध कराने की बात कही. ताकि रोगी कल्याण समिति का निबंधन कराया जा सकें. जिस पर सभी उपस्थित सदस्यों ने सहमति जताई. शीघ्र ही सभी आवश्यक कागजात उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया. राज्य स्वास्थ्य समिति के निर्देश के आलोक में भाव्या पोर्टल के सफल संचालन के लिए इंटरनेट लगवाने का प्रस्ताव रखा गया. जिसे सभी सदस्यों से सर्वसम्मति से पारित किया. मरीजों के लिये पेयजल एवं आरओ की व्यवस्था करने, अनुमंडलीय अस्पताल में सी सेक्शन हेतु उपकरणों एवं अतिआवश्यक दवा की खरीदारी करने का प्रस्ताव उपस्थित सदस्यों द्वारा रखा गया. जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से सभी प्रस्तावों का बारी-बारी से अनुमोदन कर प्रस्ताव पारित किये. तत्पश्चात समिति की अध्यक्ष सह एसडीएम ने बैठक की कार्यवाही समाप्त की. मौके पर डीसीएलआर राजू कुमार, अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. सुशील कुमार, डॉ. अमित कुमार साह, सीडीपीओ अंजना, जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधन प्रणवतोष मिश्रा, डॉ. नुजहत परवीन, राम वरण राम व प्रभारी बीइओ मो. इसरार अहमद सहित अन्य लोग मौजूद थे.

# नालंदा में लोकायन नदी का पश्चिमी तटबंध टूटा, आधा दर्जन भर गांव डूबे



**बिहारशरीफ, एजेंसी।** नालंदा जिले के हिलसा अनुमंडल के पश्चिमी क्षेत्र से गुजरने वाली लोकायन नदी का तटबंध टूट गया है. इससे आसपास के आधा दर्जन से अधिक गांव में बाढ़ का पानी फैल गया. लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा रहा है. शनिवार की रात करीब 3 बजे तटबंध टूटने की बात कही जा रही है. अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण कुमार अधिकारियों के साथ कैंप कर रहे हैं. प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है. जिलाधिकारी शशांक शुभंकर भी क्षतिग्रस्त हुए तटबंध का निरीक्षण किए हैं.

नदी के उद्गम स्थल क्षेत्र झारखंड में हुई भारी वर्षा के कारण हिलसा व एकंगरसराय प्रखंड क्षेत्र में नदी के तटबंध में कई जगहों पर बड़ा दरार पड़ गया है. जिससे नदी का पानी नदी के पश्चिमी क्षेत्र मैं फैल रहा है. नदी में तेज बहाव के कारण हिलसा प्रखंड के धुरी बिगहा के उत्तर पश्चिम लोकायन नदी के तटबंध में करीब 30 फीट का कटाव हो गया. कटाव के कारण धुरी बिगहा, मुरलीगढ़, फुलवरिया, सोहरापुर, कुसेता, छियासठ बिगहा गांव एवं खेतों में पानी भर गया है.

घाना बीघा गांव के पूर्व तटबंध टूटने के कारण बेलदारी बिगहा, घाना बीघा के गांव एवं खेत जलमग्न हो गया है. अनुमंडल पदाधिकारी के अनुसार दो स्थानों पर पानी के तेज बहाव के कारण तटबंध को नुकसान पहुंचा है. लोगों को घरों से बाहर निकाला जा रहा है और राहत शिविरों में भेजा जा रहा है. बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच चूड़ा और गुड़ का वितरण किया जा रहा है. ग्रामीणों के अनुसार 2016 के बाद नदी में इतना पानी आया है.

# अनुसूचित जाति का आधार छुआछूत है, चिराग आरक्षण कोटे में कोटा से असहमत

**सुप्रीमकोर्ट में दाखिल करेंगे रिव्यू पेटिशन**

**पटना, एजेंसी।** एससी-एसटी में क्रीमी लेयर पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान असहमति जताई है। लोजपा (रामविलास) प्रमुख ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी से असहमत हैं और हमने इस असहमति को प्रमुखता से दर्ज किया है।



हम इस बात को लेकर स्पष्ट हैं कि अनुसूचित जाति का आधार छुआछूत है। इसका शैक्षणिक या आर्थिक आधार नहीं है। ऐसे में इसमें क्रीमी लेयर का प्रावधान नहीं हो सकता।

चिराग ने कहा कि आरक्षण के अंदर आरक्षण सही नहीं है, क्योंकि आज भी दलित युवक का उदाहरण दिया जाता है, जिसे घोड़ी चढ़ने से रोका जाता है... ऐसे कई बड़े नाम हैं, जो ऊंचे पदों पर हैं, लेकिन उनके मंदिर जाने पर भी मंदिर को गंगा जल से धोया जाता है। आज भी छुआछूत के आधार पर भेदभाव होता है... इसलिए हम लोजपा (रामविलास) इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका भी दाखिल करने जा रहे हैं।

## खगड़िया में स्कूल में दौड़ा करंट

**दो दर्जन बच्चे और शिक्षक चपेट में आए; 6 विद्यार्थी अस्पताल में भर्ती**

**गोगरी (खगड़िया), एजेंसी।** खगड़िया के गोगरी प्रखंड अंतर्गत इटहरी पंचायत स्थित मध्य विद्यालय कटघरा में शनिवार को एकाएक करंट दौड़ पड़ा। इसकी चपेट में लगभग दो दर्जन बच्चे और दो शिक्षिका मंजरी मिश्रा व सिंकू कुमारी आ गए। विद्यालय में अफरातफरी मच गई।

तत्काल शिक्षक अब्दुल्ला ने विद्यालय के मेन स्विच से लाइन काटी। इसके बाद स्थिति सामान्य हुई। सूचना पर इटहरी पंचायत के पंसस सह गोगरी उपप्रमुख अशोक पंत और बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे।



आनन-फानन में छह बच्चों को गोगरी अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक डा. आयुष कुमार ने सभी का इलाज किया। बच्चे अभी इलाजरत हैं। डा. आयुष कुमार ने कहा कि करंट लगने से प्रभावित छह बच्चों का इलाज किया गया है। सभी खतरे से बाहर हैं। वेट एंड वॉच में रखा गया है।

अनुमंडलीय अस्पताल में वर्ग छह के पियुष पटेल, जानसन कुमार, सोनाक्षी कुमारी, वर्ग सात के आयुष कुमार, वर्ग पांच की स्वीटी कुमारी और वर्ग तीन की रिया कुमारी को भर्ती कराया गया है। गोगरी उपप्रमुख अशोक पंत ने कहा कि अन्य बच्चों का गांव में ही ग्रामीण चिकित्सकों ने इलाज किया है। सभी सुरक्षित हैं।

इधर, सूचना पर गोगरी एसडीओ सुनंदा कुमारी, बीडीओ राजाराम पंडित भी अस्पताल पहुंचे और इलाजरत बच्चों व उनके अभिभावकों से जानकारी ली। गोगरी एसडीओ ने कहा कि सभी बच्चे सुरक्षित हैं। मामले की जांच की जाएगी। इस मामले में दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

मध्य विद्यालय कटघरा के शिक्षकों ने बताया कि विद्यालय से कुछ ही दूरी पर विद्युत ट्रांसफार्मर है। बारिश हुई है। अचानक ट्रांसफार्मर में आग लगी और पूरे विद्यालय क्षेत्र में करंट दौड़ गया। उस समय लंच ब्रेक चल रहा था। सभी बच्चे खाना खा रहे थे। जो बच्चे खाली पैर थे और ग्रिल, गेट व चापाकल के पास थे, वे करंट की चपेट में आ गए। जानकारी के अनुसार, उस समय प्रधानाध्यापक इरफान अली विद्यालय में मौजूद नहीं थे।

## डीएमसीएच की सर्जरी बिल्डिंग के निर्माण पर एसीएस ने जताया असंतोष

**दरभंगा, एजेंसी।** स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने शनिवार को डीएमसीएच परिसर स्थित सर्जरी बिल्डिंग का निरीक्षण किया. सचिव ने पांचवें, तीसरे व ग्राउंड फ्लोर का जायजा लिया. भवन के निर्माण कार्य पर असंतोष जताया. कहा कि लगता है कई दिनों से काम बंद है. भवन के सिलिंग के काम पर विशेष ध्यान देने को कहा. काम में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतने की बात कही. सिलिंग से लीकेज नहीं हो, इसका ध्यान रखने का निर्देश दिया. सचिव ने कहा कि सर्जरी बिल्डिंग में 10 ओटी का काम पूरा होना है. बीएमएसआइसीएल ने काम पूरा करने के लिए और दो माह का समय मांगा. एसीएस ने हर हाल में दो माह के भीतर कार्य को पूरा कर लेने का निर्देश दिया. कहा कि इसकी मॉनीटरिंग वे खुद कर रहे हैं. विजिट करने दोबारा आने की बात कही. सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में इंडोर सेवा से पूर्व मैनपावर को लेकर सचिव ने कहा कि अस्पताल प्रशासन को मदद करेंगे. विदित हो कि पिछले साल 27 नवंबर को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सर्जरी व एमसीएच बिल्डिंग का उद्घाटन किया था. आठ माह बीतने के बाद भी कार्य अधूरा है. अपर मुख्य सचिव दोपहर करीब एक बजे डीएमसीएच परिसर पहुंचे. करीब आधा घंटा तक सर्जरी बिल्डिंग के बीएमएसआइसीएल कार्यालय में बैठक की. इसमें विधायक संजय सरावगी, डीएमसी प्राचार्य डॉ केएन मिश्रा, डीएमसीएच अधीक्षक डॉ अलका झा, उपाधीक्षक डॉ हरेन्द्र कुमार, डॉ सुरेन्द्र कुमार व संबंधित विभाग के अधिकारी शामिल थे. उसके बाद करीब 50 मिनट तक सर्जरी बिल्डिंग के ब्लड बैंक, ओटी आदि का निरीक्षण किया. दोपहर करीब 02.15 बजे गंगवाड़ा के लिये रवाना हो गये. गंगवाड़ा स्थित प्रस्तावित कैंसर अस्पताल का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये. एम्स को लेकर सकारात्मक माहौल में हो रहा कार्य- एम्स को लेकर एसीएस ने बताया कि भूमि, सड़क एवं पानी देना राज्य सरकार का कार्य है. मामले को लेकर डीएम के साथ बैठक हुई है।

## नालंदा में लोकायन नदी का पश्चिमी तटबंध टूटा, दर्जनभर गांवों में आई बाढ़

**लोगों को राहत शिविरों में भेजा जा रहा**

**बिहारशरीफ, एजेंसी।** नालंदा जिले के हिलसा अनुमंडल के पश्चिमी क्षेत्र से गुजरने वाली लोकायन नदी के उद्गम स्थल क्षेत्र झारखंड में हुई भारी वर्षा के बाद शनिवार की रात तकरीबन 3 बजे पानी आया है।





नदी में पानी आने के कारण हिलसा व एकंगरसराय प्रखंड क्षेत्र में नदी के तटबंध में कई जगहों पर बड़ा दरार पड़ गया है। जिससे नदी का पानी नदी के पश्चिमी क्षेत्र मैं फैल रहा है।

आधा दर्जन से अधिक गांव में बाढ़ का पानी फैल गया। नदी में तेज बहाव के कारण हिलसा प्रखंड के धुरी बिगहा के उत्तर पश्चिम लोकायन नदी के तटबंध में तकरीबन 30 फीट का कटाव हो गया। कटाव के कारण धुरी बिगहा, मुरलीगढ़, फुलवरिया, सोहरापुर, कुसेता, छियासठ बिगहा गांव एवं खेतों में पानी भर गया है।

वहीं, घाना बीघा गांव के पूर्व तटबंध टूटने के कारण बेलदारी बिगहा, घाना बीघा के गांव एवं खेत जलमग्न हो गया है। अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण कुमार अधिकारियों के साथ कैंप कर रहे हैं।

अनुमंडल पदाधिकारी के अनुसार दो स्थानों पर पानी के तेज बहाव के कारण तटबंध को नुकसान पहुंचा है। लोगों को घरों से बाहर निकाला जा रहा है और राहत शिविरों में भेजा जा रहा है।

## क्लस्टर बनाकर मशरूम उत्पादन करने की जरूरत : कुलपति

**पूसा, एजेंसी।** डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय स्थित संचार केंद्र के पंचतंत्र सभागार में मशरूम उत्पादन एवं प्रसंस्करण तकनीक विषय पर प्रशिक्षकों के लिए 15 दिनी आवासीय प्रशिक्षण शुरू हुआ. अध्यक्षता करते हुए कुलपति डा पीएस पांडेय ने कहा कि किसानों को क्लस्टर बनाकर मशरूम उत्पादन करने की जरूरत है. इसके लिए उत्पादकों को मांग के अनुरूप अपने उत्पादों एवं उत्पादनों को बढ़ाने की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने अब देश को दुनिया भर में मशरूम उत्पादन में प्रथम बनाने को लेकर प्रयास शुरू कर दिया है. विश्वविद्यालय की ओर से वैज्ञानिकों की टीम ने गोवा, राजस्थान, झारखंड आदि राज्यों का दौरा किया है. वहां के किसानों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है. कहा कि मशरूम महिला सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है. निदेशक अनुसंधान डॉ एके सिंह ने कहा कि डॉ पांडेय के सहायक महानिदेशक के कार्यकाल में ही में मशरूम परियोजना की शुरुआत की गई थी और आज उनके कुलपति के कार्यकाल में इसे देश भर में लागू करने की शुरुआत हो गई है. मशरूम वैज्ञानिक डॉ दयाराम, निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ एमएस कुंडू, डॉ सुधानंदिनी, डॉ आरपी प्रसाद, डॉ रामप्रभात आदि मौजूद थे.



मोहिउद्दीननगर. ई-किसान भवन के सभागार में शनिवार को कृषि विभाग से जुड़े कार्यों व योजनाओं की समीक्षा की गयी. अध्यक्षता करते हुए बीएओ कमलेश कुमार मिश्र ने कहा कि संभावित सुखाड़ को देखते हुए किसानों के बीच डीजल अनुदान को लेकर प्रचार प्रसार करने की जरूरत है. इस दौरान बताया गया कि डीजल अनुदान के लिए कृषि विभाग का ऑनलाइन आवेदन का पोर्टल खुला है. किसान कृषि विभाग के वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं. प्रति लीटर डीजल पर 75 रुपये का अनुदान है. एक किसान को एक एकड़ के लिए 10 लीटर डीजल अनुमान्य है. वहीं, एक किसान अधिकतम आठ एकड़ तक के लिए तीन पटवन का आवेदन दे सकते हैं. डीजल अनुदान का लाभ रैयत एवं बटाईदार दोनों किसानों को दिया जायेगा. आवेदन के दौरान किसानों को सरकार के निर्देश का अनुपालन करना अनिवार्य होगा. इस दौरान खरीफ महाअभियान के लिए बीज वितरण की गहन समीक्षा कर कृषि कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया. साथ ही बताया गया कि बेबी कॉर्न की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए कृषि विभाग की ओर से 90 किलोग्राम बीज प्रखंड उपलब्ध कराया गया है. जिसे प्रखंड के सभी पंचायतों में प्रत्यक्षण के लिए किसानों के बीच वितरण करना है. इस मौके पर कृषि समन्वयक गौतम चौधरी, प्रभात कुमार सिंह, मुकेश कुमार, धीरेंद्र कुमार, मनोज कुमार, निशांत कुमार, बीटीएम रवि कुमार मल्लिक, धनंजय कुमार सिंह, सुधीर कुमार, अरुण प्रभाकर, विनोद शर्मा, संजीव कुमार, संदीप सिंह, प्रेम कुमार, शिवनाथ कुमार, राकेश रमण, धर्मेंद्र दास चौपाल, राकेश कुमार, गरीबनाथ राय मौजूद थे.

# अडानी ग्रुप की नवादा के बाद अब बिहार के इस जिले पर नजर, सीमेंट कारखाने के लिए सरकार को भेजा प्रस्ताव

**पटना, एजेंसी।** बिहार में अडानी ग्रुप का निवेश अभी और बढ़ेगा. अडानी ग्रुप की नजर अब बिहार के दूसरे जिलों पर भी है. अडानी ग्रुप ले बिहार सरकार के पास एक और सीमेंट कारखाने का प्रस्ताव भेजा है. नवादा में सीमेंट कारखाने के शिलान्यास के बाद सरकार भी राज्य में निवेश को लेकर काफी उत्साहित है. बिहार के उद्योग मंत्री नीतिश मिश्र कहते हैं कि आनेवाला वक्त बिहार का है. हर राज्य अपना विकास कर चुका है. अब बिहार की बारी है. अडानी ग्रुप के बिहार में हुए बड़े निवेश पर उद्योग मंत्री नीतिश मिश्र कहते हैं कि यह तो महज शुरुआत है. अडानी ग्रुप और बहुत सारी कंपनियां बिहार में निवेश की इच्छुक हैं. अडानी ग्रुप ने मुजफ्फरपुर में भी सीमेंट कारखाना लगाने का प्रस्ताव सरकार के सामने रखा है. उन्होंने कहा कि उत्तर बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में अडानी ग्रुप करीब एक हजार करोड़ का निवेश करना चाहता है. सरकार अडानी ग्रुप के इस प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार कर रही है.




नवादा के वारिसलीगंज में शुरू हो रहे अदाणी ग्रुप के सीमेंट प्लांट के संबंध में उद्योग मंत्री ने कहा कि इस प्लांट से न केवल हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा, बल्कि उस पूरे इलाके का आर्थिक वातावरण भी बदल जायेगा. प्राइवेट सेक्टर में नौकरियों की कमी झेल रहे बिहार जैसे राज्य में किसी कंपनी का यह सबसे बड़ा निवेश है. जाहिर है बिहार के लिए ये बहुत बड़ी बात है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व की चर्चा करते हुए उद्योग मंत्री ने कहा कि भविष्य बिहार का है और मुख्यमंत्री यह बात साबित कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर भारत का बिहार दरवाजा है. बिहार से ही हम पूरे उत्तर पूर्व की ओर जाते हैं, ऐसे में बिहार को समृद्ध करने से पूरा उत्तर पूर्व का इलाका समृद्ध होगा.

शनिवार को नवादा में सीमेंट प्लांट के शिलान्यास के मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी अदाणी ग्रुप के एमडी प्रणव अदाणी प्रणव अदाणी को धन्यवाद देते हुए बिहार सरकार की तरफ से भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया. भारत के अग्रणी बिजनेस समूह अदाणी ग्रुप का बिहार में स्वागत है और जिस भी क्षेत्र में वो निवेश करना चाहे, बिहार सरकार हर संभव मदद करने को तैयार है. बिहार सरकार ये चाहेगी कि निवेश ऐसे क्षेत्र में हो, जिससे ज्यादा से ज्यादा सीधे तौर पर रोजगार पैदा किया जा सके. बिहार में निवेशकों का हर तरह से ख्याल रखा जायेगा.

## महिला प्रतीक्षालय को लेकर सीनियर डीसीएम ने ली जानकारी

**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर रेल मंडल के सीनियर डीसीएम अनन्या स्मृति ने शनिवार को समस्तीपुर जंक्शन का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने यात्री सुविधाओं को और बेहतर बनाने का निर्देश दिया. प्रतीक्षालय को लेकर उन्होंने एसी सुविधा नहीं होने की जानकारी ली. महिला प्रतीक्षालय के दो साल से बंद पड़े रहने को लेकर भी उन्होंने कहा कि महिलाओं के सुविधा को और बेहतर बनाया जायेगा. इस दौरान जंक्शन के छह प्लेटफार्म पर महिला शौचालय नहीं होने की जानकारी भी उन्हें दी गई. पे एंड यूज शौचालय का भी उन्होंने जायजा लिया. इसके बाद अनारक्षित टिकट कार्यालय पहुंची. जहां उन्होंने डॉरमेट्री बुकिंग को लेकर आंकड़ों की माहवार देने को कहा. इस दौरान जंक्शन से संचालित टिकट सुविधा केंद्र को टिकट बिक्री से संबंधित आंकड़े देने को भी कहा गया. इसके बाद विभिन्न डॉरमेट्री का जायजा उन्होंने लिया. इसमें सुविधाओं को और सुधारने का निर्देश दिया. इसके बाद वर्कशॉप में निरीक्षण के दौरान स्क्रैप के निपटारे को लेकर अधिकारियों को इस त्वरित स्तर पर कार्रवाई करने की का निर्देश दिया. इसके अलावा वर्कशॉप में एसी लगाने को लेकर भी उन्होंने पहल करने को कहा. इस दौरान डॉरमेट्री जाने वाले रास्तों पर बिजली की खराब व्यवस्था को लेकर भी नाराजगी जतायी. इसके बाद टिकट निरीक्षक कार्यालय का भी उन्होंने निरीक्षण किया. जहां संबंधित जानकारियां दी गई. मौके पर मुख्य वाणिज्य निरीक्षक दिलीप कुमार, वाणिज्य अधीक्षक बृजेश कुमार, एसीएम राजेश कुमार, प्रमोद कुमार, मुख्य टिकट निरीक्षक अवधेश कुमार, सुबोध कुमार गुप्ता सहित वाणिज्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे.

## संक्षिप्त समाचार

### स्टार्टअप यात्रा गाड़ी का रांची में स्वागत

**रांची, एजेंसी।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आइसीएआइ), नयी दिल्ली के तत्वावधान में एमएसएमइ और स्टार्टअप यात्रा आयोजित की जा रही है. इसका उद्देश्य एमएसएमइ और स्टार्टअप के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सरकार की ओर से मिल रही सुविधाओं की जानकारी देना है. इसके तहत 100 दिनों तक 100 कार्यक्रम 100 शहरों में किया जा रहा है. इसी क्रम में स्टार्टअप यात्रा गाड़ी का रांची में स्वागत किया गया.साथ ही रांची शाखा की चेयरपर्सन सीए श्रद्धा बाग्ला, पूर्व अध्यक्ष सीए पंकज मक्कड़, सीए निशांत मोदी, सीए राधेश्याम अग्रवाल, सीए विनय विभाकर, सीए आदित्य शाह, सीए विकास पोद्दार, सीए आनंद जैन, सीए हर्षित गोयल, सीए तनुज जालान और सीए हर्ष अग्रवाल ने गाड़ी को झंडा दिखाकर रांची से रवाना किया. सीए श्रद्धा बाग्ला ने कहा कि देश के विकास में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमइ) और स्टार्टअप का महत्वपूर्ण योगदान रहा है. संस्थान ने पिछले 27 जून से बेंगलुरु से 100 दिन की यात्रा शुरू की है.

### नयी शिक्षा नीति के तहत पुस्तकों का किया जा रहा प्रकाशन : डॉ शांडिल्य

**रांची, एजेंसी।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के कुलपति कक्ष में पर्यावरण अध्ययन की एक पाठ्य पुस्तक का विमोचन शनिवार को कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने किया. यह पाठ्य पुस्तक डॉ नमिता लाल द्वारा संपादित, अनुशील द्वारा लिखित और पर्यावरण अध्ययन विभाग के सदस्यों (डॉ देबू मुखर्जी, डॉ अमृता लाल, सोनी कुमारी व संदीप प्रसाद) द्वारा तैयार की गयी है. यह पुस्तक नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत वैल्यू एडेड पाठ्यक्रम को ध्यान में रखते हुए लिखी गयी है.इस मौके पर कुलपति ने कहा कि कुछ दिनों के अंतराल पर डीएसपीएमयू में विवि के शिक्षकों द्वारा लिखित कई उपयोगी पुस्तकों का लोकार्पण किया गया है. इन सभी पुस्तकों के प्रकाशन की एक उल्लेखनीय विशेषता यह है कि ये सभी पुस्तकें नयी शिक्षा नीति को ध्यान में रखकर संबंधित विभागीय शिक्षकों द्वारा लिखी गयी हैं. विवि के पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने बताया कि आनेवाले दिनों में इसी प्रकार की अन्य पुस्तकों का प्रकाशन किया जायेगा.

### महिला के एकाउंट से 25 हजार रुपये की ठगी

**देवघर, एजेंसी।** कुंडा थाना क्षेत्र के कुंडा मोड़ के समीप निवासी एक महिला के एसबीआइ एकाउंट से 25 हजार रुपये की साइबर ठगी होने का मामला सामने आया है. इस संबंध में कुंडा मोड़ निवासी प्रियंका पांडेय शिकायत देने शनिवार दोपहर बाद साइबर थाना पहुंची. उसने बतायी कि उसे न ही कोई कॉल आया और न ही कोई मैसेज या लिंक आया, बावजूद उसके बिना कुछ बताये उसके एकाउंट से उक्त रुपयों की अवैध निकासी हो गयी. प्रियंका के अनुसार, उसके एसबीआइ कुंडा के एकाउंट से दो अगस्त को अवैध निकासी हुई है. चार बार में उसके एकाउंट से रुपयों की निकासी की गयी है. पहली बार में 3000 रुपये, दूसरी बार में 1500 रुपये, तीसरी बार में 14000 रुपये व अंतिम बार में बाकी रुपये उसके एकाउंट से ट्रांसफर किये गये हैं. मामले को लेकर उसके पिता ओंकार नाथ पांडेय ने कुंडा एसबीआइ शाखा में भी लिखित शिकायत दे दी है. मामले में उसने साइबर थाने की पुलिस से कार्रवाई की मांग करते हुए अवैध निकासी हुए रुपये वापस कराने का आग्रह की है.

### लोगों को कानूनी सहायता के बारे में दी गयी जानकारी

**मुरलीपहाड़ी, एजेंसी।** डालसा जामताड़ा के तत्वावधान में चलंत लोक अदालत सह न्याय रथ शनिवार को चंदाडीह-लखनपुर पहुंचा. न्याय रथ में असिस्टेंट एलएडीसीएस अरिजीत बॉस, पैनल अधिवक्ता दिलीप कुमार सिन्हा एवं पीएलवी सवार थे. अधिवक्ता दिलीप सिन्हा ने ग्रामीणों को कानूनी सहायता के बारे में जानकारी दी. कहा कि चलंत लोक अदालत एक अगस्त 2024 से प्रारंभ है. गांव में घूम-घूम कर लोगों को कानून के प्रति जागरूक किया जा रहा है. साथ ही सरकार की ओर से चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी भी लोगों को दी जा रही है. ताकि लोग जागरूक होकर अपना हक-अधिकार प्राप्त कर सकें. न्याय रथ रामनगर पहुंचा, सड़क दुर्घटना में 12 वर्षीय एक बच्चे की मौत मामले को लेकर उनके परिजन से जानकारी ली. मौके पर पीएलवी प्रदीप रजक, शहादत अली, मोहन रजवार, अनुज ओझा, अशोक रवानी, बिहारी रवानी आदि मौजूद थे.

# विधायक भूषण बाड़ा ने मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना की शुरुआत की

**सिमडेगा, एजेंसी।** झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत शनिवार को सिमडेगा प्रखंड के गरजा पंचायत में योजना का उदघाटन सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने किया. मौके पर बताया गया कि यह झारखंड सरकार की एक महत्त्वकांक्षी योजनाओं में से एक है. इस योजना के अंतर्गत सभी महिलाएं जिनकी उम्र 21-50 तक है उन्हें सम्मान स्वरुप एक हजार रूपये प्रतिमाह दिया जायेगा. यह राशि सीधे बैंक खाते में जायेगी. विधायक ने कहा कि योजना का लाभ जब तक गठबंधन की सरकार है तब तक दिया जायेगा. इसका लाभ उठाने के लिए प्रखंड, पंचायत और आंगनवाड़ी केंद्र में इसके फार्म उपलब्ध हैं. इसकी प्रक्रिया ऑनलाइन है जो की पंचायत के ऑपरेटर के माध्यम से भरी जायेगा. समारोह सम्मेलन में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराइबुरू ,सिमडेगा प्रखंड विकास पदाधिकारी, सिमडेगा सीडीपीओ, जिप सदस्य जोसिमा खाखा, जिप सदस्य शांतिबाला केरकेट्टा, जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान, विधायक प्रतिनिधि अरविंद लुगुन, प्रमुख सुशीला देवी, उप प्रमुख सिलबेस्टर, मुखिया बसंती डुंगडुंग, तनु डूंगडूंग, प्रतिमा कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा, उप मुखिया मयंती तिर्की, डॉ



इम्तियाज हुसैन, सलीम बेक, मनोज बरवा आदि उपस्थित थे. मंईयां सम्मान योजना का शुभारंभ किया गया जलडेगा. प्रखंड में मंईयां सम्मान योजना का शुभारंभ किया गया. सभी पंचायतो के प्रज्ञा केंद्रों में कैंप का आयोजन किया गया. इस दौरान जनप्रतिनिधियों के अलावा काफी संख्या में महिला आवेदन के लिए पहुंची. आवेदन ऑनलाइन कराया. बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने बताया कि योजना के पहले दिन जलडेगा पंचायत में छः एवं लोंबोई पंचायत में एक महिला का पंजीकरण हो सका है. कैंप 10 अगस्त तक जारी रहेगा. कुरडेग में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का शुभारंभ फोटो फाइल~ 3 एसआइएम~2- उदघाटन करते जिप उपाध्यक्ष कुरडेग. प्रखंड कार्यालय के सभागार में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का शुभारंभ जिप उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, बीडीओ गौरी शंकर शर्मा, अंचल अधिकारी किरण डांग,बीस सूत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो, उप प्रमुख अजय जायसवाल ने संयुक्त रूप से किया. बीडीओ ने उपस्थित लोगों को योजना के बारे में बताया कि 21 वर्ष से ऊपर और 50 वर्ष से नीचे उम्र के लोगों को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत हर माह एक हजार रुपये दिया जायेगा. सरकारी कर्मी ,संविदा कर्मी ,स्थायी कर्मी, मानदेय कर्मी के परिवार के लोग इस योजना में शामिल नहीं हो सकते हैं. तीन अगस्त से 10 अगस्त तक यह कैंप सभी पंचायत में चलेगा. इसके बाद भी लोग प्रज्ञा केन्द्र में जा कर ऑनलाइन करा सकेंगे. सिर्फ दो लोगों का हुआ ऑनलाइन पूरे प्रखंड में आज सिर्फ दो लाभुक का ही ऑनलाइन हुआ. पोर्टल का सर्वर ठीक नहीं होने के कारण घंटो तक ग्रामीणों को इंतेजार करना पड़ा. फिर भी सर्वर ठीक नहीं हुआ. सीओ ने बताया सर्वर ऊपर से ही खराब चल रहा है. इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी गयी है. रविवार को सर्वर ठीक होने की संभावना है. आवेदन जमा करने की कार्रवाई शुरू फोटो फाइल~ 3 एसआइएम~7-आवेदन जमा करती महिलाएं सिमडेगा. सिमडेगा जिले के विभिन्न पंचायत में उपायुक्त अजय कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से आच्छादित करने के लिए कैंप लगाकर आवेदन भरने की कार्रवाई शनिवार को शुरू की गयी. झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर सभी पंचायतों एवं शहरी क्षेत्र में कैंप का आयोजन किया जा रहा है. शिविरों में बड़ी संख्या में लाभुक महिलाएं पहुंच रही हैं. साथ ही आवेदन भरकर जमा भी कर रही हैं. सभी प्रखंडों में प्रतिनियुक्त जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी एवं बीडीओ, सीओ शिविर के सफल एवं व्यवस्थित संचालन को लेकर सक्रिय हैं. 21-50 आयु वर्ग के महिलाओं से अपील की गयी है कि अपने नजदीकी शिविर में शामिल होकर आवेदन जरूर जमा करें.

## रांची व आसपास के इलाकों में आज हल्की बारिश की संभावना, कई जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी

**रांची, एजेंसी।** मौसम विभाग की ओर से शनिवार को रांची समेत आसपास के क्षेत्रों में भारी वर्षा होने की चेतावनी दी गई थी। राज्य सरकार की ओर से मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए स्कूलों में छुट्टी की घोषणा कर दी गई थी। हालांकि रांची शहरी क्षेत्र में दिनभर रिमझिम फुहारें गिरीं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के तहत रविवार को राजधानी रांची समेत आसपास के क्षेत्रों में बादल छाए रहेंगे और हल्की वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग की ओर से गढ़वा, पलामू व चतरा जिले में येलो अलर्ट जारी कर कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। इसके अलावा राज्य में कुछ स्थानों पर गरज के साथ वज्रपात होने की संभावना भी है। वरीय मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि रविवार को राज्य में कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है। आगामी पांच दिनों तक अधिकतम तापमान में बड़ा परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। उन्होंने बताया कि फिलहाल दक्षिण-पश्चिम बिहार व उससे जुड़े उत्तर-पश्चिम झारखंड के ऊपर बना डीप डिप्रेशन उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ गया है। आगामी 48 घंटे में यह सिस्टम दक्षिण-पश्चिम बिहार व उससे जुड़े उत्तर-पश्चिम झारखंड के क्षेत्रों समेत दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश व पूर्वी मध्य प्रदेश की ओर बढ़ेगा। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार की सुबह 8~30 से शनिवार की सुबह 8~30 बजे तक रांची में 171 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।शनिवार को रांची का अधिकतम तापमान 24.4 व न्यूनतम तापमान 22.4 मिलीमीटर दर्ज की गई।


## श्रावणी मेले में प्रशासन ने करीब 15000 से अधिक श्रद्धालुओं को परिजनों से मिलवाया

बासुकिनाथ, एजेंसी। राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव 2024 के तेरह दिन बीत चुके हैं. इस अवधि में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बासुकिनाथ पहुंचकर बाबा फौजदारीनाथ का जलाभिषेक किया एवं अपनी मनोकामना मांग कर सकुशल अपने घर लौट गये. सूचना जनसंपर्क विभाग द्वारा पिछले 13 दिनों में विभिन्न माध्यमों से लगभग 15000 से अधिक श्रद्धालुओं को उनके परिजनों से मिलाने का कार्य किया गया है. श्रद्धालु बाबा फौजदारीनाथ पर जलार्पण करने देश के अलग-अलग राज्यों से आते हैं. जलार्पण करने के बाद कुछ श्रद्धालु अपनों से बिछड़ कर अपने घर को नहीं लौट पाते. सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा सूचना सहायता कर्मियों की प्रतिनियुक्ति मेला क्षेत्र में बनाये गए विभिन्न शिविरों में की गयी है. जिनका मुख्य दायित्व बिछड़े श्रद्धालुओं को अपने परिजनों से मिलाना एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं हो इसे सुनिश्चित करना है. बाबा पर जलार्पण के बाद जब अपने परिजनों से बिछड़ जाते हैं ऐसे समय में सूचना सहायता कर्मी उनकी मदद करते हैं एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से संपूर्ण मेला क्षेत्र में लगे साउंड सिस्टम की मदद से उनके परिजनों को ढूंढने के कार्य करते हैं. इतना ही नहीं कई बार सोशल मीडिया की मदद से श्रद्धालु के परिजन को ढूंढने का कार्य किया जाता है. सूचना सहायता कर्मी सोशल मीडिया के विभिन्न ग्रुप में श्रद्धालु के परिजनों की तस्वीर को भेजते हैं, जिसके मदद से श्रद्धालुओं के परिजनों को ढूंढने में काफी आसानी भी होती है अपने परिजनों से मिलकर श्रद्धालु जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार द्वारा मेला क्षेत्र में की गयी व्यवस्था की खूब प्रशंसा करते हैं, धन्यवाद देते हैं. जाते जाते श्रद्धालु अगले वर्ष फिर से आने की भी बात कह जाते हैं.

# गोधर में गैस रिसाव व धुआं से सांस लेना मुश्किल

**गोधर, एजेंसी।** शहर में हो रही लगातार बारिश ने गोधरा शहर के हालात को गंभीर बना दिया है. बारिश के कारण न केवल जनजीवन प्रभावित हुआ है, बल्कि शहर के कई हिस्से धुएं में ढक गये हैं. कोयला खदानों की वजह से ऐसे स्थिति हुई है. स्थानीय लोगों ने बताया कि जमीन के नीचे लगी आग की वजह से धुआं निकल रहा है. गैस रिसाव की वजह से लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है.

लगातार हो रही बारिश ने गोविंदपुर रेजली बांध के जीर्णोद्धार कार्य में बाधा उत्पन्न कर दी. तालाब के ऊपरी हिस्से में रखा मिट्टी का ढेर व सारा कचरा तालाब में घुस गया. संवेदक ने मिट्टी काटने के बाद पार्क बनाने के लिए उसे स्टॉक में रखा था. बारिश की वजह से अब तक तालाब का गहरीकरण कार्य बेकार हो गया. भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अधिवक्ता जया कुमार ने शुक्रवार को कहा कि संवेदक की लापरवाही से डीएमएफटी फंड का पांच करोड़ रुपये बर्बाद हो गया. यहां केवल पश्चिम दिशा की चहारदीवारी बची हुई है. उन्होंने उपायुक्त एवं उप विकास



आयुक्त से मामले की जांच की मांग की है.

लगातार हो रही बारिश का असर शुक्रवार को एसएनएमएमसीएच व सदर अस्पताल के ओपीडी पर भी दिखा. आमतौर पर एसएनएमएमसीएच के ओपीडी में 1200 से 1300 मरीज रोजाना इलाज कराने पहुंचते है. शुक्रवार को मरीजों की संख्या में गिरावट दर्ज की गयी. शुक्रवार को सुबह व शाम की ओपीडी में 350 मरीजों का ओपीडी रजिस्ट्रेशन किया गया. इसी तरह सदर अस्पताल में भी मरीजों की संख्या अन्य दिनों के मुकाबले कम रही. सामान्य दिनों में सदर अस्पताल के ओपीडी में 700 से 800 मरीज इलाज कराने पहुंचते है. शुक्रवार को महज 103 मरीज ही पहुंचे.

**बरसात में ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन को ले रेल प्रशासन चौकस**

लगातार हो रही बारिश को लेकर सुरक्षित रेल परिचालन को लेकर रेलवे प्रशासन चौकस है. इंजीनियरिंग विभाग द्वारा बरसात में ट्रेन तथा रेल पटरियों की सुरक्षा के लिए पेट्रोलिंग शुरू कर दी गयी है. बरसात में पहाड़ी क्षेत्र में पहाड़ का मलवा, चट्टान या पेड़ आदि रेल पटरी पर गिरने का भय रहता है. ऐसी स्थिति से निपटने के लिए 30 जुलाई से मॉनसून पेट्रोलिंग शुरू कर दी गयी है. इसमें दो कर्मियों को ड्यूटी पर भेजा जाता है. गझंडी से गुरपा तक 20 किमी चौबीस घंटे पेट्रोलिंग जारी है. रेल पटरी पर किसी तरह की बाधा उत्पन्न होने की स्थिति में तुरंत नज़दीकी स्टेशन को सूचना देकर परिचालन रोक दिया जाता है. पेट्रोल मैन घटनास्थल से कई मीटर पहले रेडियम लगा वर्दी पहन पटरी किनारे खड़ा होकर लाल झंडी दिखा ट्रेन रोकने का संकेत देता है. अगर उसके सूचना देने से पहले ट्रेन स्टेशन से छूट चुकी है, तो रात में लाइट का संकेत देकर घटनास्थल के पूर्व ट्रेन रुकवा देते हैं. गोमो-गया रेलखंड पर गझंडी से गुरपा तक 20 किमी घाट सेक्शन है. इस पर कई बार पहाड़ से चट्टान लुढ़कने या मलबा पटरी पर गिरने की घटनाएं हो चुकी है. इससे निबटने को रेल इंजीनियरिंग विभाग चौकस है.

## खरीदने जा रही है झारखंड पुलिस, सरकार को भेजा प्रस्ताव

**रांची, एजेंसी।** वीआइपी सुरक्षा से लेकर नक्सलियों तक के विरुद्ध झारखंड पुलिस अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल करेगी। इसकी तैयारी शुरू हो चुकी है। इन हथियारों की खरीदारी पर करीब 15 करोड़ रुपये खर्च होंगे। ये हथियार ऑर्डिनेंस फैक्ट्री तिरुचिरापल्ली से खरीदे जाने हैं।




झारखंड पुलिस ने राज्य सरकार को इससे संबंधित प्रस्ताव दिया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष के आवंटन से ही उक्त हथियार की खरीदारी होनी है।

सरकार को जो प्रस्ताव भेजा गया है, उसके अनुसार 7.62 एमएम त्रिची असाल्ट राइफल (टीएआर) की खरीदारी होनी है, जिसका साइड फोल्डेबल बट होगा। ऐसे 1597 राइफल खरीदे जाने हैं। इन हथियारों से संबंधित अन्य सामग्री की भी खरीदारी होनी है। इन हथियारों की खरीद पर कुल 15 करोड़ 28 लाख 29 हजार 706 रुपये खर्च होने हैं। पुलिस मुख्यालय ने राज्य सरकार से इससे संबंधित आवंटन मांगा है।

त्रिची असाल्ट राइफल अन्य राइफल की तुलना में कम वजन की होती है। यह एके-47 जैसी राइफल होती है। इससे सिंगल शॉट या ऑटोमैटिक फायरिंग कर सकते हैं। इसकी सही रेंज 300 मीटर है। ऑटोमेटिक रेंज में 500 मीटर व सिंगल शॉट में 1350 मीटर तक यह दुश्मन को मारने में सफल है।

मिली जानकारी के अनुसार, वर्तमान में बीएसएफ में यह राइफल उपयोग में लाया जा रहा है। कम वजनी होने के चलते इस हथियार को लंबे समय तक ढोने में जवानों को थकान नहीं होगा। नक्सल विरोधी अभियान के दौरान जंगलों में पैदल मार्च करना होता है। ऐसी स्थिति में यह हथियार बहुत कारगर साबित होगा।

## प्रधान सचिव के निर्देशानुसार अनुमंडलीय अस्पताल में जल्द शुरू होगा आंखों का ऑपरेशन : निदेशक प्रमुख

**मधुपुर, एजेंसी।** स्वास्थ्य विभाग के निदेशक प्रमुख डॉ चंद्र किशोर शाही ने शनिवार को अनुमंडल अस्पताल मधुपुर का निरीक्षण किया. उन्होंने बारी-बारी से डेंटल कक्ष, ओपीडी कक्ष, टीकाकरण कक्ष, आकस्मिक विभाग, एक्स-रे विभाग, लैब, नेत्र विभाग समेत सभी विभागों का निरीक्षण किया. कहा कि प्रधान सचिव के निर्देशानुसार यहां जल्द आंखों के ऑपरेशन करने की व्यवस्था करनी है, जिसके लिए निचले तल पर ही जगह का चयन कर लिया गया है.

मौके पर नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सक को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं. ताकि जल्द से जल्द नेत्र से संबंधित रोगियों को विशेष चिकित्सा सुविधा मिल सके. दंत कक्ष के बगल में नेत्र विभाग ओटी के लिए चयन किया गया है. इस दौरान उन्होंने बरसात के समय में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश चिकित्सकों को दिया, ताकि मौसमी बीमारी की चपेट में लोग नहीं आयें. अस्पताल में सिजेरियन बढ़ाने को उन्होंने एनेस्थेटिक की प्रतिनियुक्ति सोम, मंगल व बुधवार समेत तीन दिन करने की बात कही.



ताकि गर्भवती रोगी सहित सभी को समुचित लाभ मिल सके. निदेशक प्रमुख ने कहा कि जल्द ही अनुमंडल अस्पताल में डिजिटल एक्स-रे लगाया जायेगा. वहीं अल्ट्रासाउंड के बारे में पूछने पर कहा कि सोनोलॉजिस्ट नहीं मिलने के कारण अस्पताल में अल्ट्रासाउंड नहीं हो पा रहा है.

नियमित टीकाकरण की प्रतिशतता को बढ़ाने के लिए टीकाकरण सत्र के दौरान स्थल पर जाकर निरीक्षण करने का निर्देश अस्पताल उपाधीक्षक को दिया गया है. वहीं एमटीसी में बच्चों की संख्या बढ़ाने को कहा गया है. इसके लिए आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका से समन्वय स्थापित कर कुपोषित बच्चों को अस्पताल में भर्ती करने की बात कही. उन्होंने संबंधित विभाग के स्वास्थ्य कर्मी के कार्य में शिथिलता को लेकर नाराजगी व्यक्त की. वहीं आरबीएसके के तहत स्कूल में जांच कार्यक्रम को गति देने का निर्देश दिया. नियमित स्कूल जाने के बारे में आयुष चिकित्सक और कर्मी को निर्देश दिया. मौके पर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. मो शाहिद, डॉ. सुनील मरांडी, डॉ इकबाल अंसारी समेत ऑन ड्यूटी चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे.

# नाबालिग का अपहरण और दुष्कर्म में मुजरिम को 10 वर्ष कैद

**रांची, एजेंसी।** नाबालिग का अपहरण और दुष्कर्म करने के एक मामले में शुक्रवार को पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मुजरिम चांदमारी धनसार निवासी अरुण हाड़ी को 10 वर्ष कैद व 12 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनायी है. एक अगस्त को अदालत ने उसे भादवि की धारा 366 व पोक्सो एक्ट की धारा 4 में दोषी ठहराया था. अभियोजन का संचालन सहायक लोक अभियोजक समित प्रकाश ने किया. प्राथमिकी पीड़िता की मां के शिकायत पर धनसार थाने में दर्ज की गयी थी. इसके मुताबिक आठ जनवरी 2024 की रात्रि करीब आठ बजे आरोपी अरुण पीड़िता को शादी की नीयत से घर से बहला फुसलाकर अपने चाचा के घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया.

नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के एक मामले में शुक्रवार को पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने नामजद आरोपी जामुड़िया वर्दमान निवासी जावेद हुसैन को दोषी करार दिया है. सजा पर फैसला तीन अगस्त को होगा. जावेद इस मामले में 28 जून 2019 से फरार है. उसकी अनुपस्थिति में अदालत ने अपना फैसला सुनाया है. प्राथमिकी पीड़िता के पिता की शिकायत पर निरसा थाने में दर्ज की गयी थी. इसके मुताबिक 19 जनवरी 2017 को पीड़िता पानी भरने के लिए घर से शाम छह बजे निकली, परंतु वापस नहीं आयी. खोजबीन के दौरान देखा कि एक युवक पीड़िता के गले में रस्सी डालकर व मुंह बंद कर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास कर रहा था. हो हल्ला होने पर वह युवक भागने लगा, तभी ग्रामीण इकट्ठा हो गये. इसके बाद युवक को पकड़ लिया गया.

झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव के करीबी रंजय सिंह उर्फ रवि रंजन सिंह की हत्या मामले की सुनवाई शुक्रवार को जिला व सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में हुई. सुनवाई के दौरान सहायक लोक अभियोजक उमेश दीक्षित ने अदालत में आवेदन देकर पुलिस द्वारा जब्त किये गये वस्तुओं, खून लगा कपड़ा, गोली का खोखा, को मंगवाने की प्रार्थना अदालत से की है. अदालत ने माल खाना प्रभारी को जब्त वस्तुओं को पेश करने का आदेश दिया है. अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख निर्धारित कर दी है. बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता आयुष श्रीवास्तव ने पैरवी की.

धनसार के एक होटल में महिला मैनेजर के साथ यातना और छेड़खानी के मामले के नामजद आरोपियों ने गिरफ्तारी से बचने के लिए अग्रिम जमानत की अर्जी पर शुक्रवार को सुनवाई टल गयी. दरअसल प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश राम शर्मा की अदालत ने वरीय अधिवक्ता शाहनवाज की दलील सुनने के बाद मामले को सुनवाई के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश दस नीरज कुमार विश्वकर्मा की अदालत में स्थानांतरित कर दिया है. जहां मामले की सुनवाई शनिवार को हो सकती है.

बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के भेलाटांड़ स्थित ऋषि नगर निवासी अभिषेक कुमार की 36 वर्षीय पत्नी मणिका अखौरी उर्फ मोना हत्याकांड मामले की सुनवाई शुक्रवार को जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार विश्वकर्मा की अदालत में हुई. सास मीना देवी व ससुर ब्रजेश कुमार कोचगवे द्वारा दायर डिस्चार्ज पिटीशन पर अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक अवधेश कुमार ने बहस की. अदालत ने बचाव पक्ष की बहस के लिए अगली तारीख 16 अगस्त 2024 मुकर्रर कर दी है. बताते चलें कि मृतिका के पिता अखौरी धनेंद्र बिहारी लाल की शिकायत पर बरवाअड्डा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी. इसके मुताबिक मोना को शादी के 13 साल बाद कोई संतान नहीं हुई. इससे उसके सास, ससुर ने उसकी हत्या कर अपने पुत्र की दूसरी शादी करना चाहते थे. घटना के समय घर पर मोना के पति अभिषेक कुमार, ससुर ब्रजेश कुमार कोचगवे, सास मीना देवी मौजूद थे. तीनों ने मिलकर पांच लाख रुपये दहेज को लेकर मोना की हत्या कर दी. पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त नुकीली छीलनी वह खून से सना तौलिया अभिषेक व उसके माता-पिता के मोबाइल को जब्त किया है. श्री लाल ने अपने दामाद अभिषेक कुमार, समधी ब्रजेश कुमार कोचगवे व समधन मीना देवी पर अपनी बेटी मणिका अखौरी उर्फ मोना की हत्या गला घोंटकर करने का आरोप लगाया है. पुलिस ने 19 जुलाई 2023 की रात तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर 20 जुलाई को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया था. हालांकि फिलहाल तीनों आरोपी जमानत पर हैं.

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### स्वस्थ हो बहस

अपने आप में यह बात तसल्ली की हो सकती है कि संसद के मौजूदा मॉनसून सत्र में हंगामा और बॉयकॉट के बजाय मुख्य स्वर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच हो रही बहस का है, लेकिन यह बात भी सही है कि जितनी स्वस्थ और सकारात्मक यह बहस हो सकती थी, नहीं हो पा रही। बहस के दौरान भी वे पहलू मुद्दा बन रहे हैं, जो अपेक्षाकृत कम गंभीर हैं। विपक्ष के तल्ख तेवर - वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सदन में जो लंबा भाषण दिया उसकी काफी चर्चा रही। उनसे यह अपेक्षा तो किसी ने नहीं की होगी कि वह बजट में प्रस्तावित प्रावधानों की तारीफ करेंगे, लेकिन जितनी सख्त आलोचना उन्होंने की और जिस तरह से राजनीतिक और गैरराजनीतिक व्यक्तित्वों को आलोचना के दायरे में ले आए, क्या वह जरूरी था? ऐसे ही जाति जनगणना एक बड़ा मुद्दा कांग्रेस के लिए रही है, लेकिन बजट पर भाषण के क्रम में उसे आक्रामक अंदाज में उठाना और हलवा सेरिमनी के जरिए बजट बनाने वाले ऑफिसरों की जाति का सवाल खड़ा करना चुनावी नजरिए से जो भी फायदा-नुकसान पहुंचाए, बजट पर बहस की गुणवत्ता बढ़ाने वाला तो नहीं कहा जा सकता। अफसोस की बात यह रही कि सत्ता पक्ष भी दखल देकर बहस को कोई स्वस्थ दिशा नहीं दे सका। भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने अपने भाषण में कुछ अच्छी बातें कहीं, लेकिन राहुल गांधी के उठाए जाति जनगणना के मुद्दे पर यह कहना कि जिस नेता की अपनी जाति का पता नहीं वह जाति जनगणना कराने की बात कर रहा है, बहस के स्तर को ऊपर उठाने के बजाय उसे और नीचे की ओर ले जाने वाला साबित हुआ। इस बीच विपक्ष की ओर से बजट में राज्यों के साथ कथित तौर पर पक्षपात करने का मसला उठाया गया, जिसका वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पूरी गंभीरता से जवाब भी दिया। यह निश्चित रूप से बजट पर संसद में हुई चर्चा के स्वस्थ पहलुओं में शामिल किया जा सकता है। यह बात सही है कि संसदीय लोकतंत्र में संसद में हो रही किसी भी चर्चा को न तो राजनीति से परे माना जा सकता है और न ही यह अपेक्षा की जा सकती है कि उसका कोई चुनावी पहलू नहीं होगा। फिर भी, यह एक तथ्य है कि अभी-अभी देश में आम चुनाव संपन्न हुए हैं और उससे निकले जनादेश को न केवल सत्तारूढ़ पक्ष बल्कि विपक्ष भी सम्मानपूर्वक स्वीकार कर चुका है। ऐसे में उनसे यह उम्मीद तो की ही जानी चाहिए।

### जंगी माहौल से दुनिया में चिंता

इजरायल की आक्रामकता का नया सिलसिला फिर चर्चा में है और इसके साथ ही पश्चिम एशिया के देशों में चिंता की नई लहर दौड़ गई है। पहले लेबनान के बेरूत में आतंकी संगठन हिजबुल्लाह के कमांडर फउद का अंत कर दिया गया और उसके बाद ईरान के तेहरान में आतंकी संगठन हमास के नेता इस्माइल हनियेह की हत्या कर दी गई। बुधवार शाम तक एक ही हत्या की जिम्मेदारी इजरायल की ओर से ली गई। ईरान में हुई सनसनीखेज हत्या विश्व राजनय के लिए ज्यादा गंभीर मामला है। इसमें कोई दोराय नहीं कि इजरायल घोषित रूप से हमास और अन्य आतंकी संगठनों को समाप्त कर देना चाहता है, पर उसके तरीके को लेकर विवाद बढ़ सकता है। हिजबुल्लाह के कमांडर का तो इजरायल ने सीधे अपराध भी गिना दिया है। उसे इजरायल में 12 बच्चों की हत्या के लिए दोषी ठहराया गया है। फिलहाल, खासकर इस्माइल हनियेह की हत्या इसलिए ज्यादा मायने रखती है, क्योंकि वह युद्धविराम की बातचीत में शामिल थे। गाजा को लेकर पहले ही भयंकर विवाद चल रहा है और पिछले कुछ दिनों से इजरायल व लेबनान में संघर्ष की स्थिति बढ़ गई है। ऐसे में, लेबनान में इजरायल द्वारा की गई कार्रवाई से जंगी माहौल को ही बल मिलेगा।गौर करने वाली बात है कि हमास भले ही एक आतंकी संगठन हो, पर पश्चिम एशिया के देशों में उसे अलग नजरिये से देखने वाले बहुत हैं। तभी तो हमास ने अपने नेता की मौत पर शोक व्यक्त करते हुए उनको शहीद बताया है। इस्माइल चूंकि नए ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान के शपथ समारोह में भाग लेने गए थे, इसलिए ईरान में भी बहुत नाराजगी है। पश्चिम एशिया में आज एक बड़ा सवाल है कि क्या ईरान इजरायल पर हमलावर हो सकता है? वैसे तो इजरायल के प्रति पश्चिम एशिया के देशों में बहुत हद तक नफरत का भाव है, पर इजरायल अपने दुश्मनों पर इक्कीस साबित होता रहा है। पश्चिम एशिया के देश रह-रहकर अपना गुस्सा प्रकट करते हैं, पर सीधे इजरायल से लड़ना उनके लिए आसान नहीं है। इजरायल ने यह एहसास उन सभी देशों को करा दिया है कि खुली जंग किसी के लिए भी खतरे से खाली नहीं है। आज जिस तरह की स्थिति पश्चिम एशिया में है, साफ तौर पर यह कहना मुश्किल है कि कौन पूरी तरह सही है।

## सीधे किसानों के खाते में पहुंचे यूरिया की सबसिडी

**(चंद्रभूषण)**

> *अपने सहयोगियों के साथ मैंने एक विस्तृत मॉडलिंग अध्ययन में पाया कि मौजूदा स्तर से खाद्य उत्पादन कम किए बिना 2050 तक यूरिया की खपत को आधा करना संभव है। ऐसा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देकर, एनयूई को बढ़ाकर और नाइट्रोजन युक्त उर्वरकों में यूरिया के अनुपात को कम करके किया जा सकता है।*

इस साल अपने बजट भाषण में वित्त मंत्री ने खेती में प्रोडेक्टिव 4 और एडेप्टेबिलिटी 4 को प्राथमिकता के रूप में पेश किया। इस पहल का उद्देश्य प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना, दालों, तिलहनों और सब्जियों के उत्पादन को बढ़ाना, कृषि अनुसंधान में सुधार करना और जलवायु अनुकूल फसलों को प्राथमिकता देना है। ये लक्ष्य महत्वपूर्ण और जरूरी हैं, लेकिन इनके साथ उर्वरक क्षेत्र खासकर यूरिया को लेकर भी सुधार की जरूरत होगी।

**यूरिया का घाटा :** हरित क्रांति के बाद से देश अधिक फसल उपजाने के लिए यूरिया पर निर्भर रहा है। आज भी सभी उर्वरकों का 56 प्रतिशत और सभी नाइट्रोजन युक्त उर्वरकों का लगभग 80प्रतिशत यूरिया है। लेकिन इस अत्यधिक निर्भरता का अर्थव्यवस्था और पर्यावरण पर भारी असर पड़ा है।

**पर्यावरण को नुकसान :** यूरिया की वजह से पर्यावरण पर तीन तरह से बुरा असर पड़ता है- नाइट्रोजन प्रदूषण, ओजोन परत को नुकसान और जलवायु परिवर्तन। भारत में यूरिया का अत्यधिक उपयोग अस्थिर स्तर तक पहुंच गया है। अपने यहां नाइट्रोजन उपयोग दक्षता (एनयूई) केवल 35 प्रतिशत है। इसका मतलब कि यूरिया में मौजूद नाइट्रोजन में से केवल 35त्न का उपयोग फसलों द्वारा हो पाता है, बाकी का दो तिहाई पर्यावरण में घुलमिल जाता है जिससे जल और वायु प्रदूषण होता है। अमेरिका में एनयूई 50 प्रतिशत से अधिक है, जबकि कुछ यूरोपीय देशों में तो यह लगभग 80 प्रतिशत है।

**इकॉनमी को चपत :** भारत के कई राज्यों, विशेषकर पंजाब, हरियाणा और यूपी में सतही जल और भूजल का नाइट्रेट प्रदूषण चिंताजनक स्तर पर है। नाइट्रेट प्रदूषण कैंसर और थायराइड से जुड़ी समस्याओं समेत विभिन्न बीमारियों का कारण बनता है। स्टडी बताती हैं कि भारत में यूरिया के कारण जल प्रदूषण से होने वाला नुकसान हर साल लगभग 30 बिलियन डॉलर है। यह आंकड़ा यूरिया उद्योग के कुल कारोबार से भी ज्यादा है।

**ग्लोबल वॉर्मिंग का कारण :** यूरिया के उत्पादन और उपयोग से ग्रीनहाउस गैस निकलती हैं। नाइट्रस ऑक्साइड (एन 2 डब्ल्यू) का उत्सर्जन होता है। ग्लोबल वॉर्मिंग के लिए कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में नाइट्रस ऑक्साइड 300 गुना अधिक खतरनाक है। इससे धरती के चारों ओर मौजूद ओजोन परत को भी नुकसान पहुंचाता है। वर्तमान में भारत से होने वाले ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में यूरिया का हिस्सा 4.3 प्रतिशत और कृषि जीएचजी का 21.7 प्रतिशत है।

**सबसिडी का बोझ :** यूरिया का बोझ अर्थव्यवस्था पर भी भारी पड़ रहा है। यूरिया सबसिडी 1980-81 में 500 करोड़ रुपये से कम थी, जो 2022-23 में 168,692 करोड़ रुपये हो गई है। आज यूरिया सबसिडी उत्पादन लागत का लगभग 90 प्रतिशत है। 1980 के दशक में यह उत्पादन लागत का 20-40 प्रतिशत थी। समस्या है कि यह उत्पादन आयातित प्राकृतिक गैस (एनजी) पर आधारित है। 2022-23 में 84 प्रतिशत यूरिया आयातित एनजी से उत्पादित हुआ और कुल खपत का लगभग 21 प्रतिशत आयातित यूरिया था। तो, देश में उपभोग होने वाले लगभग 90 प्रतिशत यूरिया या तो आयातित एनजी या आयातित यूरिया पर आधारित था।

**खपत पर लगाम :** आयातित नैचरल गैस पर निर्भरता को कम करने के लिए यूरिया को कम कार्बन उत्सर्जन वाली प्रक्रिया से बनाना होगी। अच्छी बात है कि हमारे पास ऐसी टेक्नॉलजी मौजूद है। अपने सहयोगियों के साथ मैंने एक विस्तृत मॉडलिंग अध्ययन में पाया कि मौजूदा स्तर से खाद्य उत्पादन कम किए बिना 2050 तक यूरिया की खपत को आधा करना संभव है। ऐसा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देकर, एनयूई को बढ़ाकर और नाइट्रोजन युक्त उर्वरकों में यूरिया के अनुपात को कम करके किया जा सकता है।

**ग्रीन यूरिया :** सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मौजूदा प्राकृतिक गैस पर आधारित यूरिया निर्माण संयंत्रों को अगले दो दशकों में ग्रीन हाइड्रोजन और नवीकरणीय ऊर्जा में ट्रांसफर किया जा सकता है। ग्रीन हाइड्रोजन से बनने वाली ग्रीन यूरिया सस्ती भी पड़ेगी। इसकी औसत लागत लगभग 39,771 रुपये प्रति टन होगी, जबकि प्राकृतिक गैस से बनने वाली ग्रे यूरिया की लागत करीब 45,213 रुपये प्रति टन है।

**मिशन पर फोकस :** सरकार को नैशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के साथ एकीकृत ग्रीन यूरिया मिशन लॉन्च करना चाहिए, ताकि 2050 तक यूरिया निर्माण क्षेत्र को ग्रीन यूरिया में बदला जा सके। मिशन का लक्ष्य होना चाहिए कि 2050 तक गैर रासायनिक खेती को 30 प्रतिशत तक बढ़ाना, एनयूई को 30 प्रतिशत तक सुधारना और नाइट्रोजन युक्त उर्वरकों में यूरिया के अनुपात को 30 प्रतिशत तक कम करना।

**ट्रिलियन में फायदा :** यदि ग्रीन यूरिया मिशन अपनाया जाता है, तो आयात समाप्त हो जाएगा, सबसिडी में 65 प्रतिशत की कमी होगी और ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में 64प्रतिशत की गिरावट आएगी। जल और वायु प्रदूषण भी काफी हद तक कम होगा। भूमि का क्षरण उलट जाएगा। इन फायदों की कीमत अगले 25 बरसों में लगभग एक ट्रिलियन डॉलर होगी।

**सेक्टर की परेशानी :** मिशन की सफलता यूरिया क्षेत्र पर सरकार के नियंत्रण की सीमा पर निर्भर करेगी। फिलहाल तो यह सेक्टर बहुत ज्यादा रेगुलेटेड है। इससे मुनाफा कम होता है और नई टेक्नॉलजी अपनाने में दिक्कत होती है। यूरिया प्लांट्स की औसत आयु 30 बरस है। 45 प्रतिशत यूनिट 40 वर्ष से अधिक पुरानी हैं। इनको रिनोवेशिन और मॉडरिनाईजेशन के जरिये चलाया जा रहा है, लेकिन यह बहुत महंगा तरीका है।

**सिफारिश पर अमल :** सरकार को अपना नियंत्रण खत्म करके बाजार को आपस में प्रतिस्पर्धा करने देना चाहिए। 2014 में स्थापित शांता कुमार समिति ने सिफारिश की थी कि किसानों को सीधे नकद सबसिडी दे दी जाए ताकि वे अपनी जरूरत के हिसाब से उर्वरक खरीद सकें। इससे यूरिया सेक्टर में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, कीमतें कम होंगी और नई तकनीक आएगी। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## क्या है भारतीय ज्ञान परंपरा- भारतीय शिक्षा प्रणाली- नई शिक्षा नीति

**(प्रवीण गुगनानी)**

मैकॉले की शिक्षा पद्धति ने हमारी भारतीय ज्ञान परंपरा को समाप्त करने के संपूर्ण प्रयास किए थे। अंग्रेजों ने ये सब इसलिए किया क्योंकि वे जानते थे कि इस ज्ञान परंपरा के प्रवाह चलते रहने से वे हमें अपना गुलाम नहीं बना पायेंगे। इसे युगांतरकारी कदम कहा जाना चाहिये या अपनी भूमि, अपनी मिट्टी से जुड़ने का एक महत्वपूर्ण व महत्वाकांक्षी प्रयास। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को जिस प्रकार से भारतीय ज्ञान परंपरा के अध्ययन-अध्यापन, लेखन-पठन पर विशेष रूप से केंद्रित किया गया है वह अपने आप में 'स्वयं को पहचानने का एक प्रयास है'। हम पिछले दशकों में अंग्रेजों की दी हुई शिक्षा पद्धति में हम स्वयं को ही भूल चुके थे। यूजीसी द्वारा नई युवा, छात्र पीढ़ी को भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ने के अनेक सार्थक व सकारात्मक प्रयास किए जा रहें हैं। विगत दो सौ वर्षों में भारत में चल रही शिक्षा पद्धति ने हमसे हमारा राष्ट्रीय गौरव भाव छीनकर हमें आत्म ग्लानि, व हीनता के भाव से भर दिया था। अब विषय चाहे कोई भी हो, सभी में भारतीयता से जुड़े हुए विषयों का समावेशन आत्म गौरव के भाव को बढ़ाता है। मैकॉले की शिक्षा पद्धति से हमारी विमति-असहमति दशकों पूर्व से चल रही थी। असहमति के स्वर थे किंतु इस असहमति का निराकरण नहीं हो पा रहा था। गणित, चिकित्सा विज्ञान, योग विद्या, शस्त्र निर्माण, रसायन विज्ञान, वैमानिकी, कृषि विज्ञान, कला, साहित्य, संगीत, वास्तुकला, मूर्तिकला, धातु विज्ञान, वस्त्र निर्माण, न्याय, दर्शन, खगोल विज्ञान, ज्योतिष आदि आदि कई विषयों में हमारी समृद्ध, बलशाली व गौरवशाली विरासत हमें मिली है। हमें हमारी विरासत से सतत वंचित किया गया था। शिक्षाविद् सतत इस बात को कह रहे थे कि वर्तमान शिक्षा पद्धति हमें दीन-हीन स्थिति में ले जा रही है, किंतु उनके स्वर अनसुने ही रह रहे थे। मैकॉले की शिक्षा पद्धति ने हमारी भारतीय ज्ञान परंपरा को समाप्त करने के संपूर्ण प्रयास किए थे। अंग्रेजों ने ये सब इसलिए किया क्योंकि वे जानते थे कि इस ज्ञान परंपरा के प्रवाह चलते रहने से वे हमें अपना गुलाम नहीं बना पायेंगे। स्वयं के हीनता बोध को समाप्त करने हेतु भी अंग्रेजों ने भारतीय ज्ञान परंपरा को नष्ट किया। स्वातंत्र्योत्तर भारत में जो कार्य सर्वप्रथम होना चाहिये थे वह अब हो रहा है। हमारी 'स्व' आधारित शिक्षा पद्धति हमें अब मिल रही है। शिक्षा क्या है, शिक्षण क्या है और शिक्षकत्व क्या है? विशुद्ध भारतीयता अर्थात् सनातन स्वमेव ही शिक्षण को व्यक्त करता है। शिक्षण में शिक्षा और शिक्षकत्व के सभी तत्त्व समाहित हो ही जाते हैं। ईश्वर आज्ञा देता है कि विद्वान पुरुष और स्त्रियों को चाहिए कि विद्यार्थी कुमार व कुमारी को विद्या देने के लिए गर्भ की भाँति धारण करें जैसे क्रम क्रम से गर्भ के मध्य देह बढ़ती है वैसे अध्यापक लोगों को चाहिए कि अच्छी अच्छी शिक्षा से ब्रह्मचारी कुमार व कुमारी को श्रेष्ठ विद्या में वृद्धि करें तथा उनका पालन करें वह विद्या के योग से धर्मात्मा और पुरुषार्थ युक्त होकर सदासुखी हो। ऐसा अनुष्ठान सदैव करना चाहिए। वैदिक वाङ्मय में शिक्षक अर्थात् आचार्य शब्द के संदर्भ में व्याख्या है- आचार्य वह जो आचरण की शिक्षा दे, सदाचार दे, दुराचार से दूर रखे। महर्षि दयानंद सरस्वती जी ने शिक्षा शब्द को भी परिभाषित करते हुए कहा है - शिक्षा वह जिससे मनुष्य की आत्मा, धर्मात्मा बने, व्यक्ति जितेन्द्रिय हो। इस मंत्र में आचार्य अपने शिष्य से कहते हैं, मैं नाना प्रकार की शिक्षाओं से तेरी वाणी को शुद्ध करता हूं, तेरे नेत्र को शुद्ध करता हूं, तेरी समस्त इंद्रियों को शुद्ध करता हूं और इस प्रकार मैं तेरे चरित्र को शुद्ध करता हूं तेरे। वस्तुतः शिष्य का जितेन्द्रिय हो जाना ही शिक्षा को आत्मसात् कर लेना ही शिक्षा में भारतीयता है। ऐंद्रिय दृष्टि से जितेन्द्रिय हो जाने को अर्थात् विवेकशील हो जाने व शुचितापूर्ण हो जाने को ही सनातन ने प्रमाणपत्र माना है। भारतीयता सनातन की धुरी पर ही घूमती है। यहाँ प्रश्न यह उपजता है कि, भारतीयता क्या है?! या जब शिक्षा का भारतीयकरण ही हमारी शैक्षिक व्यवस्था की मूल आवश्यकता है तो ये शिक्षा का भारतीयकरण है क्या?! जीवन के विविध, विभिन्न क्षेत्रों में भारतीयता की स्थापना या उनमें देशज तत्व को स्थापित कर देना ही भारतीयता है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5452

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | 2 | 9 | | | |
| | | | | | | 1 | 7 | |
| 7 | 9 | 6 | | | 3 | 2 | | |
| | | | | 1 | 5 | | 9 | |
| 3 | 6 | | | | | | 2 | 1 |
| | 4 | | 6 | 9 | | | | |
| | | 2 | 8 | | | 3 | 1 | 4 |
| | 1 | 8 | | | | | | |
| | | | 2 | 7 | | | 5 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5451

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 | 1 | 4 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 | 6 | 5 | 7 |
| 8 | 4 | 6 | 7 | 1 | 5 | 2 | 9 | 3 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 7 | 1 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 1 | 8 | 6 | 9 |
| 6 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 4 |
| 1 | 5 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 | 3 | 2 |
| 3 | 9 | 8 | 5 | 2 | 4 | 7 | 1 | 6 |
| 4 | 6 | 2 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 5 |

## वर्ग पहेली 5452

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | | ■ |
| 6 | | | ■ | 7 | | ■ | 8 |
| | ■ | 9 | | | ■ | ■ | |
| 10 | 11 | | ■ | 12 | 13 | 14 | |
| 15 | | ■ | 16 | ■ | 17 | | |
| ■ | 18 | 19 | ■ | 20 | | | ■ |
| 21 | | | ■ | | ■ | 22 | 23 |
| | ■ | 24 | | ■ | 25 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 1965 को इस महिला ने जन्म लिया था जो अंतरिक्ष एजेंसी नासा के माध्यम से अंतरिक्ष जाने वाली भारतीय मूल की दूसी महिली बनीं (7)
6. बुरा लगना, खटकरना (3)
7. एक पहर, तीन घंटे का समय (2)
9. कम उम्र का लड़का (3)
10. कलिंद पर्वत से निकलने के कारण इस नदी का एक नाम कालिंदी भी है (3)
12. सच्चे होने की ताईद करना, सबूत (4)
15. फन, हुनर (2)
16. पृथ्वी, धरती (1)
17. रूठे हुए का प्रसन्न करना, राजी करना (3)
18. यह वाराणसी का पुराना नाम है (2)
20. नेपाल-तिब्बत सीमा पर पर्वतों पर आरोहण में निपुण पहाड़ी जन-जाति के लोग (3)
21. बीता हुआ, गया हुआ (3)
22. धोखा देकर माल या असबाब लूटने वाला (2)
24. फटा हुआ कपड़ा, चीथड़ा (2)
25. बल, शक्ति, पावर, दम (3)

**ऊपर से नीचे**
1. सुख देने वाला, सुखदाता (5)
2. श्रीराम की सेना का शिल्पकार वानर (2)
3. लंबाई के बल ताने और चौड़ाई के बुने वाले तागे (4)
4. योग्यता, शालीनता, गुण, सामर्थ्य (4)
5. दो की संख्या, निग्रह (2)
8. धीरे-धीरे आगे बढ़ना, रेंगना, सिखकना (4)
11. मेल-जोल का व्यक्ति (4)
13. युद्ध, लड़ाई (3)
14. नसीरूददीन शाह की अभिनेत्री सास (5)
19. ठंडाई पैदा करने वाला (3)
20. झूठी शान, अकड़, डींग (2)
21. पुराणानुसार एक सूर्यवंशी राजा जो दशरथ के पिता थे (2)
23. दुर्दशा, दुर्गति (2)

### वर्ग पहेली 5451 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | का | हा | थ | र | सी | ■ | स |
| नी | र | ज | ■ | वि | ना | य | क |
| न | ग | मा | ■ | सा | ■ | दि | ल |
| ■ | र | ■ | सा | र | ना | ■ | ■ |
| अ | ■ | दा | ■ | थी | सि | स | ■ |
| मे | घ | दू | त | ■ | क | ला | म |
| ज | न | ■ | मी | रा | ■ | म | ■ |
| न | क | ब | ज | न | ■ | त | क्ष |

## आज का राशिफल

### मेष
आज कार्यक्षेत्र में लाभ से भरा होगा और कुछ बड़े परिवर्तन होने से आपका मूड खुश होगा। आपको दूसरों की मदद करने करनी पड़ेगी और ऐसा करने से आप खुश होंगे और आपको सुकून मिलेगा। आज का दिन परोपकार में व्यतीत होगा। शाम में जीवनसाथी का स्वास्थ्य खराब होने से आपको कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

### वृष
आज दिन शुभ है और व्यवसायिक क्षेत्र में मन के अनुकूल लाभ होने से हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पहले की तुलन में बेहतर होगी। अगर आप व्यवसाय परिवर्तन की योजना बना रहे हैं तो इसको कर सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी और पारिवारिक उत्तरदायित्व पूर्ण होंगे। शाम में परिवार के लोगों के साथ किसी शुभ कार्य पर जाने के योग बन रहे हैं।

### मिथुन
आज दिन सम्मान से भरा होगा और भाग्यवश दोपहर तक हर्षवर्धक शुभ समाचार भी मिलने से पूरा दिन प्रसन्ता में बीतेगा।इ स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। सांयकाल के समय चिर प्रतीक्षित अतिथि के आगमन का हर्ष होगा।

### तुला
आज दिन शुभ है। आपके घर में आपकी इज्जत और बढ़ेगी। पिता के आशीर्वाद और उच्चाधिकारियों का साथ मिलने से आपकी तरक्की होगी और धनवान बनेंगे। संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा पूरी होगी। व्यस्तता अधिक रहेगी, शाम से लेकर रात्रि तक कोई वाहन प्रयोग करने से बचें वरना आपको नुकसान हो सकता है। पत्नी पक्ष के लोगों से आपको लाभ होगा।

### वृश्चिक
आज आपको राजनीतिक क्षेत्र में मनचाही सफलता मिलने से आपका दिन खुशी में बीतेगा। संतान के दायित्व की पूर्ति करने से आपका मन संतुष्ट रहेगा। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे और ऑफिस के लोगों के बीच में आपकी इमेज बेहतर होगी। शाम से लेकर रात तक परिवार के लोगों के साथ अच्छा समय बीतेगा।

### धनु
आज करियर में शानदार सफलता प्राप्त करने का दिन है। आपको अकस्मात बड़ी मात्रा में धन मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। कोष की स्थिति बेहतर होगी और आपके मुनाफे में वृद्धि होगी। व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी और मान प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी। शीघ्रता व भावुकता में लिया गया निर्णय आगे चलकर लाभ देगा। शाम से लेकर रात तक आपको कहीं यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

### कर्क
आज दौड़भाग अचानक से बढ़ सकती है और आपके लिए खर्च की स्थिति अधिक रहेगी। किसी संपत्ति के क्रय विक्रय के समय उसके बारे में अच्छे से जांच लें। सारे वैधानिक पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें। शाम के वक्त कहीं परिवार के साथ आप घूमने फिरने का कार्य कर सकते हैं। पूर्ण स्वस्थ होने में समय लगेगा।

### सिंह
आज करियर में लाभ होगा। किसी काम से यात्रा भी हो सकती है। बिजनस में बढ़ती प्रॉग्रेस से काफी खुशी होगी। विद्यार्थियों को मानसिक बौद्धिक भार से छुटकारा मिलेगा। शाम के समय घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। आपका दिमाग भी रिलैक्स होगा। माता-पिता की सलाह आशीर्वाद उपयोगी सिद्ध होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे।

### कन्या
आज लाभ होगा। आपका रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा और आपके धन में वृद्धि होगी। विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर क्रोध पर काबू रखें। राजकीय मदद भी मिलेगी। सूर्यास्त के समय अचानक लाभ होने के योग हैं। आपके धन में वृद्धि होगी और आपके कार्य सफल होंगे।

### मकर
आज दिन लाभ और सम्मान से भरा होगा। आपके लिए शिक्षा और प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के योग हैं। आय के नए स्रोत बनेंगे और आपको विशेष सम्मान की प्राप्ति होगी। भागदौड़ विशेष रहने के कारण मौसम का विपरीत प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ सकता है, सावधान रहें। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा और आपके लिए लाभ के योग बन रहे हैं।

### कुंभ
आज लाभ होगा और आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होकर धन, सम्मान, यश, कीर्ति की वृद्धि होगी। रुका कार्य पूर्ण होगा। प्रियजनों से भेंट होगी। वाणी पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। सांयकाल प्रियजनों से भेंट एवं रात्रि में सैर सपाटे मौज मस्ती का अवसर प्राप्त होगा।

### मीन
आज दिन अधिक खर्च वाला रहेगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। अधीनस्थ कर्मचारी के कारण तनाव बढ़ सकता है। कारोबार में पार्टनर्स के साथ रुपये पैसे के लेन-देन में सावधानी बरतें, धन फंस सकता है। दिन में कोर्ट कचहरी के चक्कर काटने पड़ सकते हैं इसमें अन्ततः आपकी विजय हो जाएगी। आपके विरुद्ध सभी षड़यंत्र असफल हो जाएंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

# सत्ता जिहाद कर रही बीजेपी, अहमद शाह अब्दाली का नाम ले अमित शाह पर बरसे उद्धव ठाकरे

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला करते हुए पार्टी पर सरकार बनाने के लिए राजनीतिक दलों को तोड़कर 'सत्ता जिहाद' में लिप्त होने का आरोप लगाया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा ठाकरे पर किए गए 'औरंगजेब फैन क्लब' वाले कटाक्ष को लेकर पलटवार करते हुए शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख ने शाह को अफगान शासक अहमद शाह अब्दाली का राजनीतिक वंशज बताया, जिसने पानीपत की तीसरी लड़ाई में मराठा को हराया था।

ठाकरे की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि ठाकरे द्वारा (शाह की आलोचना करने के लिए) इस्तेमाल की गई भाषा से पता चलता है कि वह कितने घबराए हुए हैं, जो उनके बौद्धिक दिवालियेपन को भी दर्शाता है। पुणे में शिव संकल्प रैली में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ठाकरे ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार पर 'मुख्यमंत्री लाडकी बहिन योजना' जैसी योजनाओं के रूप में मतदाताओं को रेवड़ियां देकर रिश्वत देने का आरोप लगाया। इस योजना के तहत राज्य की पात्र महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपये मिलेंगे।

भाजपा पर पार्टियां तोड़ने का आरोप लगाते हुए ठाकरे ने कहा, 'अगर मुसलमान हमारे साथ हैं, क्योंकि हमने उन्हें अपना हिंदुत्व समझाया है, तो हम (भाजपा के अनुसार) औरंगजेब फैन क्लब हैं। फिर आप जो कर रहे हैं, वह सत्ता जिहाद है।' पिछले दिनों एक कार्यक्रम में शाह ने ठाकरे पर हमला करते हुए उन्हें 'औरंगजेब फैन क्लब का प्रमुख' करार दिया था, जो 'उन लोगों के साथ बैठते हैं, जिन्होंने 1993 के मुंबई सीरियल बम धमाकों के दोषी याकूब मेमन के लिए माफी मांगी थी।' शाह का इशारा स्पष्ट रूप से शिवसेना द्वारा 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के बाद भाजपा से नाता तोड़ने और महा विकास आघाडी सरकार बनाने के लिए



कांग्रेस और एनसीपी से हाथ मिलाने की ओर था।

ठाकरे ने कहा, 'अमित शाह अहमद शाह अब्दाली के राजनीतिक वंशज हैं। वह भी शाह थे। वह अहमद शाह थे और वह अमित शाह हैं। क्या वह हमें हिंदुत्व की शिक्षा देंगे? आपने नवाज शरीफ के जन्मदिन का केक खाया और हमें आपसे हिंदुत्व सीखना चाहिए' ठाकरे ने हाल में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर निशाना साधते हुए कहा कि 'या तो आप रहेंगे या मैं (राजनीति में) रहूंगा।'

इस टिप्पणी पर स्पष्टीकरण देते हुए शनिवार को ठाकरे ने कहा कि उन्होंने किसी व्यक्ति का संदर्भ नहीं दिया था। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, 'कुछ लोगों को लगा कि मैंने किसी को चुनौती दी, लेकिन मैं खटमलों को चुनौती नहीं देता। यहां 'मैं' का मतलब मेरा सभ्य महाराष्ट्र है और 'आप' का मतलब महाराष्ट्र को लूटने वाली पार्टी है।' उन्होंने कहा कि खटमलों को चुनौती नहीं दी जानी चाहिए, बल्कि कुचल दिया जाना चाहिए। जवाब में फडणवीस ने कहा कि शाह के खिलाफ ठाकरे की टिप्पणी ने शिवसेना नेता की 'औरंगजेब फैन क्लब' के सदस्य के रूप में पहचान स्थापित कर दी है। ठाकरे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूछते हैं कि कांग्रेस ने 60-70 साल में क्या किया, लेकिन उन्हें यह बताना चाहिए कि संसद की नयी इमारत, जो बमुश्किल एक साल पहले बनी थी, में 'लीकेज' क्यों शुरू हुआ। उन्होंने कहा, ''यह (केंद्र की) सरकार लीकेज सरकार है। पेपर लीक भी हो रहे हैं।' ठाकरे ने भाजपा पर जातियों के बीच विभाजन पैदा करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ''यह वह हिंदुत्व नहीं है जो छत्रपति शिवाजी ने हमें सिखाया था। यह (जिसे भाजपा ने अपनाया है) औरंगजेब ने सिखाया होगा, जिस पर हम विश्वास नहीं करते। हमारा हिंदुत्व छत्रपति शिवाजी के महाराष्ट्र धर्म को आगे बढ़ाता है।' अपने खिलाफ बगावत करने वाले विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने के मामले में फैसला आने में हो रही देरी को लेकर कटाक्ष करते हुए ठाकरे ने कहा, 'हमें न्यायपालिका पर भरोसा है। इसका नतीजा 5 से 50 साल में आ जाएगा।' शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख ने यह भी कहा कि लोकतंत्र की दिनदहाड़े 'हत्या' की जा रही है लेकिन जनता की अदालत में न्याय होगा। उन्होंने कहा, 'विधानसभा का कार्यकाल खत्म हो रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### फरीदाबाद में दो सांडों की लड़ाई, बाइक से जा रहे प्रॉपर्टी डीलर को गंवानी पड़ी जान

**फरीदाबाद, एजेंसी।** फरीदाबाद के भारत कॉलोनी में शुक्रवार रात सड़क पर लड़ रहे दो सांडों की लड़ाई में एक प्रॉपर्टी डीलर को जान गंवानी पड़ी। दरअसल, अंधेरा होने कारण बाइक सांड से टकरा गई। इस हादसे में उसकी जान चली गई। इस हादसे में जान गंवाने वाले मृतक की पहचान भारत कॉलोनी निवासी 24 वर्षीय रवि के रूप में हुई है। वह छह भाइयों में सबसे छोटा था। खेड़ीपुल थाना की पुलिस जांच शुरू कर दी है। पुलिस लावारिस पशुओं को लेकर नगर निगम को एक पत्र लिखेगी। स्थानीय लोग सरकारी अमलों की उदासीनता से युवक की मौत होना मान रहे हैं। हादसा सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस के अनुसार मृतक रवि अपने भाइयों के साथ प्रापर्टी डीलर का काम करता था और अविवाहित था। सभी भारत कॉलोनी में अलग-अलग मकानों में रह रहे थे। शुक्रवार रात करीब 10 बजे रवि अपने एक भाई से मिलकर बाइक से घर जा रहा था। इस दौरान भारत कॉलोनी स्थित खेड़ी मार्ग पर छाए अंधेरे में कई लावारिस पशु घूम रहे थे। उनमें से एक अस्पताल के पास दो सांड लड़ रहे थे। सड़क पर अंधेरा होने के चलते रवि उन सांडों को नहीं देख पाया और उसकी बाइक उनसे जा टकराई। सांड से बाइक टकराने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने रवि को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि मामले में पीड़ित परिजन की ओर से लापरवाही बरतने वाले संबंधित विभाग के खिलाफ शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर संबंधित विभाग के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। मृतक के बड़े भाई राम कुमार ने बताया कि सड़क पर लगी स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी है। इससे सड़क पर शाम होते ही अंधेरा पसर जाता है। इसके अलावा मार्ग पर जगह-जगह लावारिस पशुओं का हर समय जमावड़ा रहता है। इससे आए दिन लोग उन लावारिस पशुओं के चपेट में आ रहे हैं। आरोप है कि संबंधित विभाग लावारिस पशुओं सड़क से हटाने का कोई काम नहीं कर रहे।

### 32 किमी घट जाएगी दूरी, ढाई घंटे का सफर महज एक घंटे में; किन शहरों से गुजरेगा आगरा-ग्वालियर कॉरिडोर

**आगरा-ग्वालियर एजेंसी।** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि हाई स्पीड आगरा-ग्वालियर कॉरिडोर अब विकास की नई गाथा लिखेगा। इस 6 लेन नेशनल हाई स्पीड कॉरिडोर से अब आगरा-ग्वालियर की दूरी मात्र 88 किलोमीटर रह जाएगी। सितंबर में इसके टेंडर के साथ ही कार्य की शुरुआत हो जाएगी। आगरा-ग्वालियर कॉरिडोर के आसपास नए उद्योग क्षेत्रों के साथ ही विकास का नया अध्याय शुरू होगा। इस कॉरिडोर को आगरा के पहले यमुना एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जाएगा, ताकि ग्वालियर और दिल्ली मात्र पौने तीन घंटे में पहुंचा जा सके। इससे ग्वालियर को राष्ट्रीय राजधानी परियोजना क्षेत्र का लाभ मिल सकेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, इसके बनने के बाद आगरा से ग्वालियर की दूरी 121 किलोमीटर से घटकर करीब 88 किमी हो जाएगी। आगरा-ग्वालियर हाईवे से होकर फिलहाल दोनों शहरों की यात्रा में ढाई घंटे लगते हैं। मगर, आगरा-ग्वालियर हाई स्पीड रोड कॉरिडोर से यह सफर केवल एक घंटे में पूरा हो जाएगा। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि नेशनल हाई स्पीड कॉरिडोर मेरा सपना था। कार से आगरा जाने में 3 घंटे का समय लग रहा था और पुराने नेशनल हाईवे पर वाहनों व भारी वाहनों का सर्वाधिक भार था। उन्होंने बताया कि इस कॉरिडोर का 4613 करोड़ रुपये की लागत आएगी। 88 किलोमीटर लंबे इस 6 लेन कॉरिडोर में 8 ब्रिज और 6 फ्लाईओवर बनाए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि इसे ढाई वर्ष में ही पूरा कर यातायात शुरू कर दें। ग्रीनफील्ड कॉरिडोर बनने पर ग्वालियर, मुरैना, धौलपुर और आगरा के अंदरुनी क्षेत्रों में विकास के नए रास्ते खुलेंगे। उसके आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को इस कॉरिडोर का बड़ा फायदा मिलेगा। जहां पिपरसेवा इंड्रस्टीज एरिया शुरू हुआ है जिनमें लगने वाले उद्योगों को आगरा रूट की बेहतर कनेक्टिविटी नजदीक से मिलेगी।



## नोएडा-ग्रेटर नोएडा के लिए बिजली विभाग लाया 400 ट्रांसफार्मर वाला नया प्लान

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा समेत पूरे गौतमबुद्ध नगर जिले में उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति के लिए 16 केवीए के नए 400 ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। इसके लिए विद्युत निगम ने सर्वे कर मेरठ मुख्यालय को प्रस्ताव भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। प्रस्ताव भेजने के बाद स्वीकृति मिलते ही नए ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

जिले में विद्युत निगम के साढ़े तीन लाख उपभोक्ता हैं। इन उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति के लिए विद्युत निगम नए सिरे से तैयारी कर रहा है। अभी देखने में आया था कि किसी एक लाइन या ट्रांसफार्मर में दिक्कत आने के बाद पूरे ब्लॉक और कॉलोनी की सप्लाई बाधित हो रही थी। ऐसे में काफी संख्या में उपभोक्ताओं को कटौती का सामना करना पड़ता था। इसी तरह औद्योगिक सेक्टरों में भी लाइन और ट्रांसफार्मर में दिक्कतें आने पर काफी संख्या में औद्योगिक इकाइयों की आपूर्ति बाधित हो जाती थी। ऐसे में विद्युत निगम को उपभोक्ताओं की काफी नाराजगी झेलनी पड़ती थी। इस तरह की तमाम परेशानियों को देखते हुए विद्युत निगम ने काफी संख्या में 16 केवीए के नए ट्रांसफार्मर लगाने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही समय अवधि पूरी कर चुके 16 केवीए के ट्रांसफार्मरों को भी हटाया जाएगा।

विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार इस बार की गर्मियों में सबसे ज्यादा 16 केवीए के ट्रांसफार्मरों में दिक्कतें आईं। इन ट्रांसफार्मरों को दुरुस्त करने में विद्युत निगम को काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इन गर्मियों में 16 केवीए के 31 जुलाई तक 65 से अधिक ट्रांसफार्मर फूंक चुके हैं। जिले में अभी 16 केवीए के करीब 800 ट्रांसफार्मर लगे हैं। 400 सौ नए ट्रांसफार्मर लगने से उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति में मदद मिलेगी। विद्युत निगम के मुख्य अभियंता हरीश बंसल ने कहा, इस बार की गर्मियों में सबसे ज्यादा 16 केवीए के ट्रांसफार्मर फुंके हैं, जिसकी वजह से उपभोक्ताओं को परेशानी हुई। अब 16 केवीए के चार सौ नए ट्रांसफार्मर लगाने की योजना बनाई जा रही है। इसके लिए जल्द ही प्रस्ताव बनाकर मेरठ मुख्यायल को भेजा जाएगा। सेक्टर-47 के लोगों को लोकल फॉल्ट और ट्रिपिंग की वजह से बिजली जाने की समस्या से निजात मिलेगी। सेक्टर में 28 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बिजली की सभी ओपन लाइनें अंडरग्राउंड की जाएंगी। इसके लिए प्राधिकरण ने टेंडर जारी कर दिया है। 13 अगस्त को टेंडर खुलेगा। फिर एजेंसी का चयन होने के बाद काम शुरू कर दिया जाएगा। करीब 20 वर्ष पहले स्थापित हुए सेक्टर-47 में चार ब्लॉक है। इन चारों ब्लॉक में 11 सौ से अधिक मकान बने हैं।

## गुरुग्राम से आइजीआइ पहुंचना होगा आसान, यहां बनेंगे 3 नए फ्लाईओवर

**गुरुग्राम एजेंसी।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा तक बेहतर पहुंच के लिए सर्वे करने वाली कंपनी ने तीन फ्लाईओवर बनाने की सिफारिश की है। इसके अनुसार ओल्ड दिल्ली रोड पर अतुल कटारिया चौक से दिल्ली के समालखा तक, रेजांगला चौक पालम विहार से द्वारका एक्सप्रेसवे तक और द्वारका एक्सप्रेसवे से एसपीआर के ऊपर से गुरुग्राम-सोहना हाईवे तक एलिवेटेड फ्लाईओवर बनाने की आवश्यकता है। रिपोर्ट में दावा किया है कि इससे दिल्ली-जयपुर हाईवे पर यातायात का दबाव कम हो जाएगा और दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचना सुगम होगा। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) ने निपोन कोइ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनकेआई) को कनेक्टीविटी को बेहतर बनाने के लिए यातायात का अध्ययन करने की जिम्मेदारी सौंपी थी। गत 30 जुलाई को इस कंपनी ने जीएमडीए, एनएचएआई और डॉयल के समक्ष अध्ययन रिपोर्ट का प्रस्तुतिकरण दिया।

## चेहरा देखने लायक नहीं, पैर देख पहचानने पड़ रहे शव; वायनाड त्रासदी की दर्दनाक कहानी

**वायनाड , एजेंसी।** वायनाड में भूस्खलन की त्रासदी के बाद ऐसी दुखद और भयावह कहानियां सामने आ रही हैं जिन्हें सुनकर भी रोंगटे खड़े हो जाते हैं। इस त्रासदी ने 300 से ज्यादा लोगों को निगल लिया और अब भी 200 से ज्यादा लापता हैं। आंकड़ों के मुताबिक 'वायनाड जिले के भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों से अब तक 215 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं, जिनमें 87 महिलाएं, 98 पुरुष और 30 बच्चे शामिल हैं। अब तक 148 शव सौंपे जा चुके हैं और 206 लोग लापता हैं। विभिन्न अस्पतालों में 81 लोगों का इलाज जारी है।'

वायनाड के गांव में आई त्रासदी में कई परिवार पूरी तरह तबाह हो गए। कालाथिंगल नौशीबा के परिवार के भी 11 लोग इस भूस्खलन का शइकार हो गया जिनमें उनके पिता, मां, बड़े भाई, दो ननद और 6 भतीजे-भतीजी शामिल हैं। ये सभी मुंडाक्काई में पुराने घर में रुके हुए थे। इसके अलावा नौशीबा के पति



के परिवार के भी पांच लोगों की भूस्खलन में मौत हो गई। इसमें उनकी सास, दो ननद और उनके दो बच्चे शामिल हैं।

जब भी मलबे में से कोई नया शव निकाला जाता है तो वह अपनी आंखों में एक डर लिए उसे पहचानने के लिए आ जाती हैं। शनिवार को एक सफेद कपड़े से ढका एक बच्ची का शव लाया गया था। इसपर नीली स्याही से लिखा था, नंबर 168 फीमेल चाइल्ड। पूछा गया कि क्या शव को पहचानने वाला वहां कोई मौजूद है। इसपर नौशीबा आगे आईं और देखने लगीं कि क्या वह उनकी भतीजी है। लेकिन पता चला कि यह किसी और का शवव था। नौशीबा अपनी बेटी नाहला के साथ शव की पहचान करने गई थीं। वॉलंटियर ने शव का चेहरा दिखाने से इनकार कर दिया। उनका कहना था कि चेहरा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है और देखने लायक नहीं है। लेकिन जब हाथ की मेहंदी देखी तो नौशीबा को लगा कि यह उनकी भतीजी का शव हो सकता है। नौशीबा ने जब पैर देखा तो पता चला कि पैरों में पायल थे। उनकी बेटी नाहला ने बताया कि वह पायल नहीं पहनती थी। नौशीबा ने अपनी दर्दनाक कहानी बताई। उन्होंने कहा, मेरा पूरा परिवार खत्म हो गया। मैं केवल यह देखने आई हूं कि उन सबके शव मिलते हैं या नहीं। वे सभी मेरे पिता के पुराने मकान में रहते थे जो कि मस्जिद के सामने है। मेरा बड़ा भाई और उसके पांच सदस्यों का परिवार भी छुट्टी मानने आया था। घर में 11 लोग थे जो कि आपदा के बाद से गायब हैं। भूस्खलन में पूरा घर तबाह हो गया। उन्होने कहा कि उनके पिता, मां और दो भतीजों की लाशें मिल गई हैं। इसके अलावा भाई मंसूर, उसकी पत्नी मुसिना, दो बच्चे शाहला और शाफना औरर उनके छोटे भाई की पत्नी, दो बच्चे लापता हैं। उन्होंने बताया, मेरे पति छुट्टी पर आए थे इसलिए मैं दूसरे मकान में रहने चली गई थी नहीं तो मैं भी इस त्रासदी का शिकार हो जाती। उन्होंने कहा कि भतीजी शाहला की शादी 22 सितंबर को होने वाली थी।

## दलित एसआई को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप, कांग्रेस विधायक और उनके बेटे पर केस दर्ज

**बैंगलूरू , एजेंसी।** कर्नाटक पुलिस ने दलित सब-इंस्पेक्टर को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में कांग्रेस विधायक चन्नारेड्डी तन्नूर और उनके बेटे पंपनगौड़ा तन्नूर के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस उप-निरीक्षक ने तैनाती के 7 महीने के भीतर उनका तबादला कर देने के बाद आत्महत्या कर ली थी। गृह विभाग के शीर्ष सूत्रों ने बताया कि इस मुद्दे पर विवाद बढ़ने के बाद राज्य सरकार ने इसकी जांच ष्टढ्ढष्ठ को सौंप दी है। परशुराम की पत्नी श्वेता एन.वी. की शिकायत पर विधायक और उनके बेटे पर ऐक्शन लिया गया। इनके खिलाफ शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करने, आत्महत्या के लिए उकसाने समेत प्रासंगिक धाराओं में मामला दर्ज किया गया। श्वेता ने आरोप लगाया कि पिता-पुत्र ने उनके पति से तबादला नहीं हो इसके ऐवज में 30 लाख रुपये की मांग की थी। उन्होंने दावा किया कि परशुराम तबादले के बाद से ही रो रहे थे और उन्होंने (परशुराम) बताया था कि वह आत्महत्या करने की सोच रहे हैं। जब गर्भवती श्वेता अपने बच्चे के जन्म के लिए अपने मायके रायचूर गईं, तो उन्हें पता चला कि परशुराम को नाक और मुंह से खून बहने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद दलित संघर्ष समिति के सदस्यों ने परशुराम के लिए न्याय की मांग करते हुए सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। श्वेता भी प्रदर्शन में शामिल हुईं। मीडिया को संबोधित करते हुए श्वेता ने आरोप लगाया कि पुलिस विभाग उनके पति का नहीं बल्कि विधायक का समर्थन कर रहा है। घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने कहा कि उन्होंने मामले की गहन जांच के आदेश दिए हैं। हालांकि, उन्होंने इस बात से इनकार किया कि यह आत्महत्या थी।

## बारिश में भीगने निकली महिला से छेड़छाड़, आर्किटेक्ट ने इंस्टाग्राम पर सुनाई आपबीती; तब पुलिस ने की एफआईआर

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा सेक्टर-48 में तीन दिन पहले घर के बाहर बारिश में नहाने निकली आर्किटेक्ट से एक व्यक्ति ने छेड़छाड़ की। घटनास्थल के पास में पार्क भी है। सेक्टर-49 पुलिस द्वारा सुनवाई न करने पर पीड़िता ने शनिवार को सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड कर अपना दर्द बयां किया। इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने पीड़िता से लिखित शिकायत लेकर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

पुलिस के मुताबिक युवती मूलरूप से पश्चिम बंगाल की है। वह यहां सेक्टर-48 में किराये के घर में रहती है। युवती नोएडा में ही एक कंपनी में बतौर आर्किटेक्ट काम करती है। शनिवार को सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर एक वीडियो वायरल हुआ। एक मिनट 27 सेकेंड के इस वीडियो में युवती ने एक अज्ञात व्यक्ति पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया। पीड़िता ने कहा कि उसे बारिश में भीगना बेहद पसंद है। वह 31 जुलाई की शाम बारिश में भीगने के लिए घर से बाहर निकली थी। घर के पास पार्क भी है।

घर के बाहर ही एक व्यक्ति आया और उसने गलत नीयत से शरीर को छुआ। विरोध करने पर आरोपी धक्का देकर भाग गया। इस दौरान वहां से दो महिलाएं भी गुजर रही थीं। उन्होंने इस घटना को देखा, लेकिन पीड़िता न तो आरोपी को जानती है और न ही उन महिलाओं को पहचानती है। पीड़िता का आरोप है कि इस संबंध में उसने पुलिस से शिकायत की, लेकिन पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की। इसके चलते लोगों को अलर्ट करने के लिए आपबीती बताते हुए वीडियो बनाया और इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दिया। हालांकि, कुछ घंटे बाद ही वीडियो को इंस्टाग्राम से डिलीट भी कर दिया, लेकिन तब तक वीडियो तेजी से वायरल हो चुका था। पीड़िता ने सेक्टर में लगे सीसीटीवी कैमरों के संचालन पर भी सवाल उठाए। उसका आरोप है कि घटना के बाद जब उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखने का प्रयास किया तो पता चला कि कई कैमरे काम ही नहीं कर रहे। जो काम कर रहे हैं, उनकी फुटेज देखने के लिए उनके पास एक्सिस ही नहीं है। सेक्टर-48 के बीसीडी ब्लॉक के अध्यक्ष पवन गोयल ने बताया कि जिस सड़क का मामला बताया जा रहा है, उस पर सभी कैमरे काम कर रहे हैं। तेज बारिश की वजह से बिजली गुल हो गई थी। इसकी वजह से कैमरा भी बंद हो गए थे। प्रकरण की कुछ फुटेज कैमरे में कैद हैं, जो अस्पष्ट हैं। डीसीपी रामबदन सिंह का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आशंका है कि छेड़छाड़ करने वाला आरोपी पीड़िता का परिचित है। घटनास्थल और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला जा रहा है।

## आतंकियों पर लगाम के लिए 'पुलिस-पब्लिक' फॉर्मूला, जम्मू में पुलिस ने शुरू किया स्पेशल प्लान

**जम्मू , एजेंसी।** जम्मू कश्मीर में हालिया दिनों में आतंकी घटनाओं में इजाफा हुआ है। अब इस पर लगाम लगाने के लिए स्पेशल प्लान तैयार किया गया है। इसके तहत 'पुलिस-पब्लिक' फॉर्मूला आजमाया जा रहा है। जम्मू पुलिस ने आम नागरिकों के लिए इसका विवरण जारी कर दिया है। बता दें कि बीते दिनों में खासतौर पर जम्मू आतंकियों के निशाने पर रहा है। लाइन ऑफ कंट्रोल पर घुसपैठ की कोशिशें भी खूब हुई हैं। आतंकी हमलों में जम्मू में करीब 22 लोग मारे गए हैं, जिनमें 11 सुरक्षा जवान, एक गांव रक्षा गार्ड का सदस्य भी शामिल है। यह घटनाएं राजौरी, पुंछ, रियासी, ऊधमपुर, कठुआ और डोडा जिलों में हुई हैं। वहीं, पिछले महीने कठुआ और डोडा जिले में दो एनकाउंटर्स के दौरान पांच आतंकियों को भी मार गिराया गया।

नए प्लान के बारे में दक्षिणी जम्मू के एसपी सिटी अजय शर्मा ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इससे आतंकियों और संदिग्धों की




पहचान और उनकी धर-पकड़ में आसानी होगी। आम लोगों के लिए जारी इस सलाह में कहा गया है कि अगर कोई भी संदिग्ध व्यक्ति को देखे तो उसका पूरा विवरण दर्ज कर ले। इसमें संदिग्ध की लंबाई, उसके कपड़े, क्या उसने हथियार लिए थे या नहीं या क्या वह अपनी पहचान छिपाने की कोशिश कर रहा था। जब उनसे पूछा गया कि क्या बढ़ती आतंकी घटनाओं के मद्देनजर नए सिरे से लोगों को अलर्ट किया जा रहा है इस पर अजय शर्मा ने कहा कि मैं नहीं कहूंगा कि अलर्ट लेवल बढ़ाया रहा है। हकीकत तो यह है कि हम हमेशा ही अलर्ट हैं। बता दें कि केंद्र सरकार ने शुक्रवार को बीएसएफ के डीजी नितिन अग्रवाल और उनके डिप्टी स्पेशल डीजी (वेस्ट) वाईबी खुरानिया को यहां से हटा दिया। इन दोनों को उनके राज्य कैडर में भेज दिया गया है। भारत-पाकिस्तान की संवेदनशील सीमा की रक्षा करने वाले बीएसएफ ने घुसपैठ की किसी भी घटना से इनकार किया है। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते जम्मू-कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा ने कहा कि पाकिस्तान जम्मू में शांति भंग कर रहा है। उन्होंने कहाकि आतंकी देश को जम्मू की तरक्की पसंद नहीं है। इसलिए वह आतंकियों को यहां भेजकर खून-खराबा करा रहा है।

## संस्कृत शिक्षा में 2827 पदों पर होंगी भर्तियां, भजनलाल कैबिनेट के अहम फैसले

**जयपुर , एजेंसी।** राजस्थान में संस्कृत शिक्षा में 2827 पदों पर होंगी भर्तियां। सीएम कार्यालय में आयोजित राज्य मंत्रिमंडल की अहम बैठक हुई। इस बैठक में प्रदेश में मेट्रो रेल परियोजनाओं के विकास व संचालन के लिए संयुक्त उपक्रम, अक्षय और ताप विद्युत परियोजनाओं और विद्युत प्रसारण परियोजनाओं के लिए संयुक्त उपक्रम, इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट, संस्कृत शिक्षा विभाग में पदनाम परिवर्तन व चिकित्सा शिक्षा विभाग में सुपर स्पेशियलिटी शिक्षकों की कमी दूर करने से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कैबिनेट की मीटिंग के बाद उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, उद्योग व वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने मीडिया को फैसलों की जानकारी दी। दरअसल, प्रदेश की भजनलाल सरकार ज्वाइंट वेंचर कंपनी के जरिए प्रदेश में मेट्रो परियोजनाओं को गति देने की तैयारी में है। सीएम भजनलाल ने शनिवार को कैबिनेट की बैठक में इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट, संस्कृत शिक्षा विभाग में पदनाम परिवर्तन व चिकित्सा शिक्षा विभाग में सुपर स्पेशियलिटी शिक्षकों की कमी दूर करने से जुड़े अहम निर्णय लिए. साथ ही 2027 तक प्रदेश को बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की नीति पर भी निर्णय हुआ। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने बताया कि मेट्रो रेल नीति 2017 के अनुसार केंद्र सरकार और राज्य के बीच संयुक्त उद्यम (जेवी) कंपनी के गठन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। यह संयुक्त उद्यम राजस्थान में वर्तमान में चल रही व भविष्य की मेट्रो रेल परियोजनाओं के विकास, परिचालन और क्रियान्वयन के लिए होगा।

# नीरज चोपड़ा ने ओलंपिक्स में जीता गोल्ड तो सभी को मिलेगा मुफ्त वीजा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत ने अभी तक पेरिस ओलंपिक खेलों में अभी तक तीन पदक जीते हैं और तीनों ही कांस्य पदक हैं। भारत की उम्मीदें नीरज चोपड़ा से बनी हुई हैं जिन्होंने टोक्टो ओलंपिक खेलों में भारत को एथलेटिक्स में पहला गोल्ड दिलाया था। इस बार भी उनके गोल्ड की उम्मीदें हैं। ऐसे में एटलीज के संस्थापक मोहक नाहटा ने लिंक्डइन पर यह वादा किया है कि अगर चोपड़ा पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल करते हैं, तो एटलीज अपने सभी उपयोगकर्ताओं को मुफ्त वीजा प्रदान करेगा। यह ऑफर एक दिन के लिए होगा। इसका मतलब है कि कोई भी व्यक्ति, चाहे वह किसी भी राष्ट्रीयता का हो, बिना किसी लागत के किसी भी देश के लिए वीजा के लिए आवेदन कर सकता है।

लिंक्डइन पर नाहटा ने पोस्ट किया, अगर नीरज चोपड़ा ओलंपिक में स्वर्ण जीतते हैं तो मैं व्यक्तिगत रूप से सभी को मुफ्त वीजा भेजूंगा। चलो चलें। नाहटा ने स्पष्ट किया कि मुफ्त वीजा सभी देशों के लिए दिए जाएंगे और आवेदक को इसके लिए बिल्कुल भी खर्च नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, 30 जुलाई को, मैंने सभी से वादा किया था कि अगर नीरज चोपड़ा स्वर्ण जीतते हैं तो उन्हें मुफ्त वीजा दिया जाएगा। चूंकि आप में से बहुत से लोगों ने विवरण मांगा है, तो यहां बताया गया है कि यह कैसे काम करेगा = नीरज चोपड़ा 8 अगस्त को पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। यदि वह स्वर्ण पदक जीतते हैं, तो हम सभी उपयोगकर्ताओं को एक पूरे दिन के लिए एक निःशुल्क वीज़ा प्रदान करेंगे।



क्या हम आपसे कोई शुल्क लेंगे? आपके वीजा की लागत शून्य होगी - यह पूरी तरह से हम पर निर्भर है। इस ऑफर के अंतर्गत कौन से देश शामिल हैं? सभी देश - चुनें कि आप अगली बार कहां यात्रा करना चाहते हैं, इस ऑफर का लाभ उठाने के लिए आपको क्या करना होगा? एटलीस एक यात्रा वीजा और आपके यात्रा गंतव्य के बारे में नवीनतम जानकारी प्रदान करता है। कंपनी वीजा और अन्य आवश्यक यात्रा दस्तावेज प्राप्त करना आसान बनाती है। इसका ऐप यात्रियों को वीजा आवेदन, आवश्यक अपॉइंटमेंट शेड्यूल करने, घर पर पासपोर्ट फोटो लेने और भविष्य में उपयोग के लिए यात्रा दस्तावेज और जानकारी सुरक्षित रूप से संग्रहीत करने में सक्षम बनाता है। इसके अतिरिक्त, एटलीस विभिन्न देशों में पर्यटकों के लिए प्रमुख प्रतिबंधों और आवश्यकताओं की निगरानी करता है।

## पेरिस ओलंपिक

### दो बार की ओलंपिक चैंपियन फ्रेजर चोट के कारण 100 मीटर दौड़ से हटी



**सेंट डेनिस (फ्रांस), एजेंसी।** ओलंपिक में महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में दो बार की स्वर्ण पदक विजेता शेली एन फ्रेजर प्राइस अज्ञात चोट के कारण पेरिस ओलंपिक खेलों की इस स्पर्धा से हट गई हैं। जमैका की फ्रेज़र प्राइस ने शनिवार को सेमीफाइनल से पहले हटने का फैसला किया। ओलंपिक अधिकारियों के अनुसार उनकी चोट अज्ञात है। टीम मैनेजर लुडलो वॉट्स ने जमैका ऑब्जर्वर से कहा, 'हमें केवल इतनी जानकारी मिली है कि वह चोटिल है। टीम का एक डॉक्टर उनकी स्थिति पर नजर रखे हुए है। फ्रेजर प्राइस ने बीजिंग ओलंपिक 2008 और लंदन ओलंपिक 2012 में 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने कहा था कि यह उनका पांचवा और अंतिम ओलंपिक होगा। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया पर जारी अपनी पोस्ट में अपने समर्थकों का आभार व्यक्त किया लेकिन अपनी चोट के बारे में खास जानकारी नहीं दी। फ्रेजर प्राइस ने कहा, 'मैं अपनी निराशा को शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकती। मैं जानती हूं कि मेरी इस निराशा में मेरे समर्थक मेरे साथ हैं। मैं वास्तव में भाग्यशाली हूं कि 2008 में मेरे ओलंपिक पदार्पण के बाद से मुझे अपने प्रशंसकों का अपार समर्थन मिला है। आप सभी हर जीत, हर कदम पर मेरे साथ रहे। यह स्टार एथलीट पहले राउंड में 10.92 सेकंड के साथ अपनी हीट में दूसरे स्थान पर रही थी।

### कुछ लोग महिला होने की परिभाषा पर अपना अधिकार जमाना चाहते हैं: आईओसी चीफ थॉमस बाख



**पेरिस, एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष थॉमस बाख ने दो महिला मुक्केबाजों, इमाने खलीफ और लिन यू-टिंग, की पेरिस 2024 ओलंपिक में भागीदारी का समर्थन किया है। इन दोनों मुक्केबाजों को जैविक रूप से पुरुष होने के कारण विवादों का सामना करना पड़ रहा है। खलीफ अल्जीरिया की मुक्केबाज हैं और लिन ताइवान की दो बार की विश्व चैंपियन हैं। इन दोनों को अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) के पात्रता मानकों को पूरा नहीं करने के कारण, 2023 विश्व चैंपियनशिप से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। आईबीए के नियमों के अनुसार, पुरुष एक्सवाई गुणसूत्र वाले एथलीट, जिन्हें मेडिकल तौर पर जैविक रूप से पुरुष माना जाता है, महिलाओं की स्पर्धाओं में भाग नहीं ले सकते हैं। इसी कारण से खलीफ और लिन को महिला प्रतिस्पर्धी होने के बावजूद अयोग्य घोषित कर दिया गया था। शनिवार को मीडिया को संबोधित करते हुए, बाख ने आईओसी के रुख को दोहराया, और इस बात पर जोर दिया कि दोनों एथलीटों का जन्म, पालन-पोषण, कानूनी और पेशेवर रूप से महिला के रूप में हुआ है।

### लीजेंड्स इंटरकांटिनेंटल टी20 लीग का पहला सीजन 18 अगस्त से होगा शुरू




**नई दिल्ली, एजेंसी।** लीजेंड्स इंटरकांटिनेंटल टी20 के पहले सीजन का आयोजन 18 से 30 अगस्त तक होने जा रहा है। टूर्नामेंट के आयोजकों ने शनिवार को यह शेड्यूल जारी किया। इस टूर्नामेंट में सात टीमें खिताब के लिए मुकाबला करेंगी। इन टीमों में इंडो किंग्स, एशियन एवेंजर्स, यूरो रेंजर्स, अमेरिकन मैवेरिक्स, ट्रांस-तस्मान टाइटंस, अफ्रीकन लायंस और कैरिबियन वाइकिंग्स शामिल हैं। लीग के राउंड रॉबिन फॉर्मेट के बाद टॉप चार टीमें नॉकआउट स्टेज में पहुंचेंगी। कुल मिलाकर 24 मैच खेले जाएंगे, जिसमें हर दिन दो मैच होंगे। टूर्नामेंट का आगाज इंडो किंग्स और एशियन एवेंजर्स के बीच होगा, जबकि लीग स्टेज का आखिरी मैच ट्रांस-तस्मान टाइटन्स और अफ्रीकन लायंस के बीच 28 अगस्त को खेला जाएगा। सेमीफाइनल 29 अगस्त को और फाइनल 30 अगस्त को होगा।

लीग के चेयरमैन और सीओओ अरुण पांडे ने कहा, लीजेंड्स इंटरकांटिनेंटल टी20 सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है, बल्कि क्रिकेट की वैश्विक भावना का जश्न है।

हम इन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए देखने के लिए उत्साहित हैं। यह टूर्नामेंट लीजेंड्स के लिए न केवल अपने सुनहरे दिनों को दोहराने का, बल्कि अगली पीढ़ी के क्रिकेटरों को प्रेरित करने का भी एक मंच है। अब हम एक्शन शुरू होने का इंतजार नहीं कर सकते। लीग के सीईओ विशाल शर्मा ने कहा, एलआईटी20 को साकार रूप देना एक बड़ा प्रयास रहा है, और हम खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों के लिए एक असाधारण अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### ओलंपिक मुक्केबाजी की विवादित स्कोरिंग ने निशांत से छीना पदक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुक्केबाजी में विजेता का फैसला एक दूसरे पर घूंसों की बरसात से होता है लेकिन इसकी स्कोरिंग प्रणाली आज तक किसी को समझ में नहीं आई और ताजा उदाहरण पेरिस ओलंपिक में भारत के निशांत देव का क्वार्टर फाइनल मुकाबला है।

निशांत 71 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में दो दौर में बढत बनाने के बाद मैक्सिको के मार्को वेरडे अलवारेज से 1-4 से हार गए तो सभी हैरान रह गए। हर ओलंपिक में यह बहस होती है कि आखिर जज किस आधार पर फैसला सुनाते हैं। निशांत का मामला पहला नहीं है और ना ही आखिरी होगा। लॉस एंजिलिस में 2028 ओलंपिक में मुक्केबाजी का होना तय नहीं है और इस तरह की विवादित स्कोरिंग से मामला और खराब हो रहा है। तोक्यो ओलंपिक 2020 में एम सी मेरीकोम प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबला हारने के बाद रिंग से मायूसी में बाहर निकली थी क्योंकि उन्हें जीत का यकीन था। उन्होंने उस समय कहा था, 'सबसे खराब बात यह है कि कोई रिव्यू या विरोध नहीं कर सकते। मुझे यकीन है कि दुनिया ने इसे देखा होगा। इन्होंने हद कर दी है। निशांत के हारने के बाद कल पूर्व ओलंपिक कांस्य पदक विजेता विजेंदर सिंह ने एक्स पर लिखा, 'मुझे नहीं पता कि स्कोरिंग प्रणाली क्या है लेकिन यह काफी करीबी मुकाबला था। उसने अच्छा खेला। कोई ना भाई। अमैच्योर मुक्केबाजी की स्कोरिंग प्रणाली बीतें बरसों में इस तरह बदलती आई है और धीरे धीरे जजों ने अपनी विश्वसनीयता खो दी।

## सरफराज खान को मिली जिम्मेदारी

### बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले रहाणे की जगह बने इस टीम के कप्तान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत को श्रीलंका दौरे के बाद बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में हिस्सा लेना है और इसमें एक बार फिर से सरफराज खान खेलते हुए नजर आ सकते हैं।

भारत को इस टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज अक्टूबर में खेलना है, लेकिन इससे पहले सरफराज खान को मुंबई क्रिकेट टीम का कप्तान बुची बाबू टूर्नामेंट के लिए बनाया गया है। अजिंक्य रहाणे फिलहाल मुंबई के लिए उपलब्ध नहीं है इसकी वजह से सरफराज खान को ये जिम्मेदारी सौंपी गई है। सरफराज खान ने इस साल इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में डेब्यू किया था। अब मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) द्वारा सरफराज को कप्तान बनाए जाने के बाद ऐसा लग रहा है कि टीम इस स्टार बल्लेबाज को अगले कप्तान के रूप में तैयार कर रही है। एमसीए ने बुची बाबू टूर्नामेंट के लिए 17 सदस्यीय टीम का ऐलान किया और इस टीम में सरफराज खान के छोटे भाई मुशीर खान को भी शामिल किया गया। मुशीर कान ने अंडर 10 वर्ल्ड कप में अपने प्रदर्शन से सबके खूब प्रभावित किया था और इंडिया के लिए जमकर रन बनाए थे।

अजिंक्य रहाणे इस वक्त काउंटी क्रिकेट खेल रहे हैं और इसकी वजह से ही उन्हें मुंबई की टीम का कप्तान नहीं बनाया गया जबकि शम्स मुलानी जो मुंबई के उप-कप्तान रणजी ट्रॉफी 2023-24 के दौरान थे वो भी इस टीम का हिस्सा नहीं हैं। शम्स मुलानी इस वक्त बेंगलुरु में एनसीए में हैं और अपनी इंजरी से उबरने की कोशिश कर रहे हैं।

## पेरिस ओलंपिक

### शूटिंग में बढ़ रही भारतवासियों की रुचि, पिचले 20 सालों में एक तिहाई मेडल निशानेबाजी में



**पेरिस, एजेंसी।** भारत ने पेरिस ओलंपिक खेलों में अब तक तीन पदक जीते हैं और तीनों पदक भारत शूटिंग में मिले हैं। शूटिंग में भारतवासियों की दिलचस्पी बढ़ रही है और इसकी शुरूआत साल 2004 के ओलिंपिक खेलों में राज्यवर्धन सिंह राठौर ने की जब उन्होंने निशानेबाजी में पदक जीता। पिछले 4 ओलिंपिक खेलों से निशानेबाजी पदकों की सबसे बड़ी उम्मीद रहे हैं और भारत को खुशनुमा परिणाम भी मिले हैं। साल 2004 से भारत ने ओलिंपिक में कुल 22 पदक जीते हैं, जिनमें से 7 पदक, यानी एक तिहाई से सिर्फ एक कम अकेले निशानेबाजी में मिले हैं।

#### ओलिंपिक में भारत

भारत ने ओनिफिक में अब तक सखेलों में 38 पदक जीते हैं। इनमें सबसे ज्यादा 12 पदक हॉकी में मिले हैं। दूसरे नंबर पर भारत को 7-7 पदक शूटिंग और कुश्ती में मिले हैं। कुश्ती में भारत को पहला पदक 1952 में मिल गया था, जबकि शूटिंग की शुरुआत ही 2004 में हुई थी। पिछ्ले 5 ओलिंपिक खेलों में देश की सबसे ज्यादा ग्रोथ निशानेबाजी में हुई है। फिलहाल हॉकी, शूटिंग और एथलेटिक्स ही ऐसे खेल है, जिनमें भारत के पास कम से कम एक गोल्ड है। ओलिंपिक, वर्ल्ड कप, वर्ल्ड चैम्पियनशिप, एशियन गेम्स और कॉमनवेल्थ जैसे मेजर शूटिंग इवेंट्स में भारत 150 गोल्ड और कुल 400 मेडल जीत चुका है।

#### तेजी से बढ़ रही शूटिंग खिलाड़ियों की संख्या

आंकड़ों के मुताबिक साल 2016 में हुई 60वीं नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप के राइफल और पिस्टल इवेंट में कुल 4575 शूटर्स ने हिस्सा लिया था। वहीं मौजूदा समय में नेसनल राइफल एसोसिएशन के पास रजिस्टर्ड शूटर्स की संख्या कुल 35,150 है। भोपाल स्थित एसोसिएशन की शूटिंग रेंज के स्थानीय कोच जफवर्धन सिंह चौहान के मुताबिक के रिपोर्ट में कहा गया है कि साल 2023 में 66वीं नेशनल प्रतियोगिता में अकेले फिफटल में ही 5 हजार से अधिक निशानेबाज पहुंचे थे।

#### इसलिए बढ़ रही खिलाड़ियों की रुचि

जयवर्धन के मुताबिक इस खेल में पारदर्शिता के कारण खिलाड़ी अधिक रुचि दिखा रहे हैं। यह व्यक्तिगत खेल है जिसमें हर खिलाड़ी का स्कोर कंप्यूटर में रिकॉर्ड होता है। इसके अलावा नेशनल टीम में अंदर-बाहर होने के लिए खिलाड़ियों को कम से कम स्कोर का क्राइटेरिया विभिन्न नेशनल टूनमिंट में पूरा करना होता है। यह स्कोर पूरा होने पर टीम में जगह मिल जाती है, स्कोर कम होने पर टीम से ड्रॉप हो जाते हैं।

#### भारत में पिछले 5 सालों में हुए तीन वर्ल्ड कप

देश में अब तक 53 मान्यता प्रप्त स्टेट यूनिट और एसोसिएशन हैं और 5 हजार से ज्यादा शूटिंग रेंज का नेटवर्क है जहां जिला स्तर से नेशनल लेवल तक की ओपन प्रतियोगिताएं होती रहती हैं। साल 2019 के बाद से भारत में 3 आईएसएसएफ वर्ल्ड कप हो चुके हैं। इनमें दो दिल्ली और एक भोपाल में हुआ है।

## गौतम गंभीर ज्यादा समय टिक नहीं पाएंगे

### टीम इंडिया को वर्ल्ड कप जिताने वाले खिलाड़ी ने 3 वजहें बताकर चौंकाया



**नईदिल्ली, एजेंसी।** गौतम गंभीर अब टीम इंडिया के नए हेड कोच हैं. श्रीलंका दौरे से उन्होंने टीम की कमान संभाल ली है. टी-20 सीरीज में भारत के श्रीलंका के खिलाफ क्लीन स्वीप करते ही गौतम गंभीर ने अपनी कोचिंग में पहली सीरीज जीत का स्वाद भी चख लिया है. लेकिन, इन सबके बीच टीम इंडिया की वर्ल्ड कप जीत के हीरो रहे एक खिलाड़ी का चौंकाने वाला बयान वायरल हो रहा है. उनके मुताबिक गौतम गंभीर टीम इंडिया को संभाल तो सकते हैं पर यहां ज्यादा दिन टिकने नहीं वाले.

**गौतम गंभीर ज्यादा समय टिक नहीं पाएंगे- जोगिंदर शर्मा**

गौतम गंभीर को लेकर इस तरह का बयान देने वाले हैं जोगिंदर शर्मा, जो कि 2007 में टी-20 वर्ल्ड कप का पहला खिताब जीतने वाली टीम इंडिया के हीरो रहे थे. गौतम गंभीर भी उस आईसीसी टूर्नामेंट को जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे थे. जोगिंदर शर्मा का कहना है कि जितना वो गंभीर को जानते हैं, उसके मुताबिक वो ज्यादा दिन भारतीय टीम में नहीं टिकेंगे.

**गंभीर पर दिए बयान के पीछे हैं 3 वजहें**

जोगिंदर शर्मा का ये हैरतअंगेज बयान सोशल मीडिया पर तेजी से जोर पकड़ रहा है, जिसके पीछे उन्होंने 3 वजहें बताई हैं.

उन्होंने पहली बात ये कही कि कई दफा गौतम गंभीर के कुछ फैसले ऐसे हो जाते हैं, जो ज्यादा लोगों को पसंद नहीं आते. ऐसा इसलिए क्योंकि वो सीधी बात करते हैं. जोगिंदर शर्मा के मुताबिक दूसरी बात ये है कि, गंभीर किसी के पास जाने वाले नहीं हैं. चापलूसी करना उनकी आदत नहीं रही है. तीसरी और आखिरी वजह उन्होंने बताई कि गंभीर अपना काम करने में यकीन रखते हैं और कभी ये भी नहीं चाहते कि उन्हें उसका क्रेडिट मिले.

**राहुल द्रविड़ की जगह हेड कोच बने गौतम गंभीर**

टीम इंडिया में गौतम गंभीर ने राहुल द्रविड़ की जगह ली है. टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में जीत के साथ ही टीम इंडिया के साथ राहुल द्रविड़ का कार्यकाल भी खत्म हो गया, जिसके बाद गौतम गंभीर को जिम्मेदारी मिली. फिलहाल, गौतम गंभीर की कोचिंग में भारतीय टीम श्रीलंका दौरे पर है, जहां वनडे सीरीज खेली जा रही है. टी-20 सीरीज जीतने के बाद गंभीर की नजर वनडे सीरीज में भी जीत का पताका फहराने पर है.

## एक नजर

### डाकबंगला चौराहा के पास स्पा और पार्लरों में छापा

**पटना (नि.सं.)।** राजधानी में पार्लर और स्पा के आड़ में गलत धंधे की आशंका पर कोतवाली थाने की पुलिस ने रविवार को डाकबंगला चौराहा स्थित स्पा और पार्लरों में छापेमारी की। हालांकि पुलिस के आने से पहले ही ग्राहक वहां से भाग गए। पुलिस ने स्पा और पार्लरों में काम करनेवालों से पूछताछ की। कुछ संदिग्ध नहीं मिलने पर पुलिस जांच-पड़ताल कर वापस लौट गई। दरअसल, वरीय पुलिस अधिकारियों को सूचना मिली थी कि स्पा और पार्लर के आड़ में गलत धंधा हो रहा है। पुलिस अधीक्षक चंद्रप्रकाश ने स्पा और पार्लरों की जांच के आदेश दिए। सिटी एसपी के निर्देश पर डीएसपी कोतवाली कृष्ण मुरारी के नेतृत्व में पुलिस ने लोकनायक भवन में चल रहे स्पा और पार्लरों में छापेमारी की। सूत्रों की मानें तो अधिकतर ग्राहक पुलिस के पहुंचने के पहले ही वहां से निकल गए थे। जांच के दौरान पुलिस को कई खामियां दिखीं। संचालकों को उसे दूर करने का निर्देश दिया गया। पुलिस की मानें तो 15 अगस्त को देखते हुए स्पा और पार्लरों की सघन जांच की जा रही है। कोतवाली थानेदार राजन कुमार ने बताया कि लोकनायक भवन में चल रहे स्पा और पार्लरों की जांच की गई, लेकिन उसमें कुछ नहीं मिला।

# पांच नक्सलियों पर 3-3 लाख का इनाम घोषित एक गिरफ्तारी, चार की तलाश में जुटी है पुलिस

कार्यालय संवाददाता



औरंगाबाद। बिहार सरकार की ओर से नक्सलियों की क्षमता के अनुसार उनपर इनाम की राशि तय हुई है। औरंगाबाद पुलिस ने कुल 5 नक्सलियों पर तीन-तीन लाख रुपए के इनाम की घोषणा की है। जिसमें बीते शुक्रवार को एक नक्सली को गिरफ्तार किया जा चुका है। जबकि चार अन्य नक्सलियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस विशेष अभियान चला रही है। इस दौरान नक्सली सब-जोनल कमांडर राजेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया गया है। इस पर 21 मुकदमे दर्ज हैं। सरकार ने इस पर तीन लाख रुपए इनाम की घोषणा की थी। गया जिला के कोठी थाना क्षेत्र के कनरगढ़ टोला समथा निवासी राजेंद्र यादव उर्फ विवेक यादव उर्फ सुनील यादव उर्फ ब्रेक पर तीन लाख रुपए का इनाम घोषित है। उस पर कुल 30 मुकदमे दर्ज हैं। पूर्व से इस पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। दूसरी ओर गया जिला के मैगरा थाना क्षेत्र के तरवाडीह गांव निवासी नंदलाल यादव उर्फ नीतेश जी उर्फ इरफान पर भी तीन लाख रुपए का इनाम घोषित है। नक्सली पर 27 कांड दर्ज हैं। झारखंड के पलामू जिला के छतरपुर थाना क्षेत्र के देवगंज गांव निवासी संजय यादव उर्फ गोदराई पर भी तीन लाख रुपए का इनाम है। उस पर कुल 21 मुकदमे दर्ज हैं। औरंगाबाद जिले के ही एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र के सलवां गांव निवासी सीताराम रजवार उर्फ रमन पर तीन लाख रुपए का इनाम है। पूर्व में भी उस पर एक लाख रुपए का इनाम था। 2021 में यह राशि घोषित हुई थी। उस पर कुल 10 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम ने बताया कि कुल पांच नक्सलियों के खिलाफ इनाम घोषित करने का प्रस्ताव औरंगाबाद पुलिस के स्तर से बिहार सरकार को भेजा गया था। इनके खिलाफ पुलिस पर हमला करने, गाड़ी जलाने, बम विस्फोट करने, हत्या सहित कई अन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं।


## 13 अगस्त तक चलेगा बुलडोजर, अतिक्रमण करने वालों पर हजारों का भी जुर्माना

निज संवाददाता

**पटना** । पटना शहर में सोमवार से प्रमंडलीय आयुक्त कुमार रवि के निर्देश पर अतिक्रमण के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए डीएम डॉ। चंद्रशेखर सिंह और एसएसपी राजीव मिश्रा ने पांच टीमें बनाई हैं। इस अभियान के तहत 13 अगस्त तक शहर के मुख्य सड़कों से अतिक्रमण हटाया जाएगा। जिसमें बेली रोड, अटल पथ, जेपी गंगा पथ, बाइपास समेत अन्य सड़के नशामिल हैं। अभियान के दौरान अस्थायी अतिक्रमण पर पांच हजार और स्थायी अतिक्रमण पर 20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया जाएगा। दोबारा अतिक्रमण करने वालों पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। इस दौरान अतिक्रमण में इस्तेमाल सामान भी जब्त किया जाएगा। यह अभियान पटना नगर निगम के चार अंचलों, नूतन राजधानी अंचल, पाटलिपुत्र, बांकीपुर व कंकड़बाग अंचल और नगर परिषद दानापुर निजामत में चलाया जाएगा। आयुक्त ने कहा कि जनहित में नेहरू पथ, अटल पथ, बाइपास जैसी मुख्य सड़कों को अतिक्रमण मुक्त रखना जरूरी है। इसमें किसी तरह की बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सड़कों पर अवैध व्यावसायिक गतिविधियां करने वालों पर कार्रवाई होगी। आयुक्त ने कहा कि आईजीआईएमएस, पीएमसीएच, एम्स आदि के आसपास अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। मरीजों, डॉक्टरों व एंबुलेंस के आवागमन में किसी तरह की बाधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने एसएसपी को निर्देश दिया कि थाना प्रभारी अतिक्रमण हटाने का विवरण स्टेशन डायरी में भी अंकित करें। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाए। प्रत्येक टीम में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, महिला बल, पुलिस बल एवं लाठी बल की प्रतिनियुक्ति की गयी है। नगर निकायों से कार्यपालक पदाधिकारी, नगर प्रबंधक, मुख्य सफाई निरीक्षक, कर्मी एवं वीडियोग्राफर तैनात रहेंगे। आयुक्त ने कहा कि संबंधित अनुमंडलों के डीसीएलआर अतिक्रमण हटाओ अभियान का नेतृत्व करेंगे। आयुक्त ने नेहरू पथ, खगौल कैनाल रोड, अटल पथ, चितकोहरा, गर्दनीबाग, बोरिंग रोड, कंकड़बाग, चिरैयाटांड़ पुल, बांकीपुर, कुम्हरार, बाइपास, अशोक राजपथ, पटना सिटी एवं अन्य सभी क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाओ अभियान नियमित रूप से चलाने का निर्देश दिया। खाली जगहों पर पौधारोपण किया जाये। अभियान चलाने से पूर्व एसडीओ एवं नगर कार्यपालक पदाधिकारी क्षेत्र में बकायदा माइकिंग करेंगे। आयुक्त ने कहा कि अतिक्रमण हटाने की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करायी जायेगी। अतिक्रमण हटाओ अभियान में बाधा उत्पन्न करने वालों से सख्ती से निपटने का निर्देश दिया गया है। जिन स्थानों पर अतिक्रमण हटाया गया है, वहां दोबारा अतिक्रमण न हो, इसके लिए फॉलोअप टीम कार्रवाई करेगी। अतिक्रमण के खिलाफ विशेष अभियान की कार्रवाई की निगरानी के लिए पांच सदस्यीय टीम गठित की गई है। इसमें एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, एसपी लॉ एंड ऑर्डर, ट्रैफिक एसपी, अपर नगर आयुक्त और सिटी मजिस्ट्रेट सह प्रभारी मजिस्ट्रेट, जिला नियंत्रण कक्ष को शामिल किया गया है।

# पड़ोसी ने किया हमला, पति की मौत इलाज के दौरान गई जान, पत्नी घायल

निज संवाददाता



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा में रविवार को मारपीट में एक हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना हसपुरा थाना क्षेत्र के इटवां गांव की है। मृतक की पहचान सरजू प्रसाद के रूप में की गई है वहीं उनकी पत्नी पुनम देवी घायल हो गई हैं। घटना के संबंध में हसपुरा थाना प्रभारी नरोत्तम ने बताया कि रविवार की सुबह करीब 7 से 8:00 बजे के बीच जानकारी मिला कि मारपीट में एक व्यक्ति की हत्या हो गई है। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में जुट गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतक सरजू प्रसाद बीती रात्रि अपनी पत्नी से गाली-गलौज कर रहा था, लेकिन उसके पड़ोसी राकेश कुमार उर्फ भोला को लगा की वह मुझे गाली गलौज कर रहा है। इसके बाद (मृतक) सरजु प्रसाद को राकेश कुमार उर्फ भोला ने लाठी डंडे से मारपीट कर दिया। रात में वह जख्मी हो गया। परिजनों ने इलाज के लिए कहीं लेकर नहीं गए रविवार की सुबह में तबियत बिगड़ी तो परिजनों ने समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसपुरा लेकर आए, लेकिन डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। रविवार की दोपहर में घटनास्थल पर एस आई चंद्रशेखर कुमार अपने दल बल के साथ पहुंचे शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल में भेज दिया। मृतक की पत्नी की इलाज किया जा रहा है। मृतक किसान था। हसपुरा थाना अध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम उपरांत परिजनों को शव सौंप दिया जाएगा। परिजनों के आवेदन के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## दो पक्षों के बीच मारपीट, 11 लोग घायल, दो की हालत नाजुक



निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद जिला के रफीगंज थाना क्षेत्र के कोना गांव में रविवार को बच्चों को सड़क पर खेलने के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें कोना गांव के नागेश भुइयां, दीपक भुइयां, शिव भइयां, संजीवन भुईयां, पूजा देवी, सरिता देवी, अंजलि कुमारी, बिंदिया देवी दूसरे पक्ष से प्रमोद भुइयां, संजय भुइयां, विनोद भुइयां घायल हो गया। घायलों को रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर एस नारायण द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद नागेश भुइया एवं दीपक भुइयां को बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल के परिजन सचिन भुइयां ने बताया कि बीते रात्रि सड़क पर मेरे घर एवं गांव के कुछ बच्चे खेल रहे थे। इस बीच संजीवन भुईयां बाइक के माध्यम से रफीगंज घर से अपने घर लौट रहे थे तभी सड़क पर बच्चों को खेलता देख बोला कि सड़क पर मत खेलो। इस बात को लेकर विनोद भुइयां गाली गलौज करने लगा। रविवार की सुबह विनोद भुइयां फिर से गाली गलौज करने लगा। गाली गलौज पर हम लोगों ने माना किया तो उक्त लोगों ने मारपीट कर दी।

## जम्होर में साप्ताहिक गायत्री यज्ञ का आयोजन

निज संवाददाता



**जम्होर (औरंगाबाद)।** सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के समाजसेवी चंद्रशेखर सिंह उर्फ ललन बाबू के आवास पर साप्ताहिक गायत्री यज्ञ के निमित श्री राम प्रज्ञा मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा यज्ञ सफलता पूर्वक क्रियान्वित किया गया। सुबह सवेरे योग्य आचार्यों के सान्निध्य में मां गायत्री की विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात दो पाली में यज्ञ को संपन्न कराया गया। जिला गायत्री परिवार ट्रस्ट के सहायक ट्रस्टी नवनीत कुमार ने बताया कि साप्ताहिक यज्ञ में दिन प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। श्रद्धालु भक्त सवेरे से ही पंडाल में आ जाते हैं और यज्ञ करने के लिए उत्सुक रहते हैं। वही ग्राम जम्होर के ही अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन के समीप अवस्थित गायत्री शक्तिपीठ के प्रांगण में भी साप्ताहिक गायत्री यज्ञ के निमित भक्तिमय वातावरण में गायत्री यज्ञ आयोजित की गई।उपस्थित लोगों ने शक्तिपीठ में अवस्थित मां गायत्री एवं अन्य देवी देवताओं की पंचोपचार विधि से पूजन अर्चन किया। तत्पश्चात हवन का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। व्यवस्थापक जितेंद्र कुमार ने बताया कि प्रत्येक सप्ताह में यहां यज्ञ कराई जाती है।साथ ही साथ गायत्री महामंत्र लेखन को भी सुचारू पूर्वक क्रियान्वित किया जा रहा है मौके पर रामध्यान प्रसाद,अशोक प्रसाद शौंडिक सहित अन्य लोगों ने विशेष सहभागिता निभाई।

## अपराधियों ने की कई राउंड फायरिंग छह खोखा भी पुलिस ने किया बरामद



निज संवाददाता | पटना

पटना के फतुहा थाना क्षेत्र के सौदागर कोठी में शनिवार की देर रात कई राउंड फायरिंग हुई। इसके बाद सभी बदमाश मौके पर से फरार हो गए। घटना देर रात करीब 3 बजे की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि करीब 22 राउंड फायरिंग हुई है। अपराधियों ने गली में लगे एक कार पर फायरिंग की। इससे कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं, एक घर के शटर में भी गोली का निशान दिखा है। अभी तक गोलीबारी के पीछे क्या कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। स्थानीय लोगों के मुताबिक मामला जमीन विवाद से जुड़ा हो सकता है। क्योंकि, गोलीबारी करने आया अपराधी चिल्लाकर बोल रहा था कि 'मेरा 2 करोड़ का नुकसान तुम्हारे कारण ही हुआ है, घर से बाहर निकलो'। अपराधियों के जाने के बाद लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय थाने को दी। मौके पर से 6 खोखा भी बरामद किया गया है।

### बदमाशों ने सब्जी दुकानदार को घोंपा चाकू

**आरा (नि.सं.)।** अगिआंव बाजार गांव स्थित नहर पुल के समीप शनिवार की रात छिनतई का विरोध करने एक सब्जी दुकानदार को चाकू मार दिया। इसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी दुकानदार अगिआंव बाजार गांव निवासी रजुली साह का 22 वर्षीय पुत्र मनजीत साह है। वह अगिआंव बाजार स्थित हाई स्कूल के बगल में सब्जी की दुकान लगाता है।

## 'सावन में लग गई आग' गाने पर जमकर थिरकीं महिलाएं

निज संवाददाता



**पटना।** सावन का महीना महिलाओं के लिए काफी खास होता है। पटना में महिला विकास मंच की ओर से सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। हरी-हरी साड़ी और चूड़ियां पहनकर महिलाओं ने जमकर ठुमके लगाए। सावन क्वीन का खिताब मधु यादव, फर्स्ट रनर अप रागिनी, सेकंड रनर अप सुरभि अग्रवाल को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल शामिल हुए। दिलीप जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि महिला विकास मंच के कार्यों से मैं अवगत हूं। आप लोग बहुत हिम्मत का काम कर रहे हैं। संगठन के कार्यों से प्रभावित होकर बहुत जल्द ही राज्य सरकार से सम्मान दिलवाऊंगा। साथ ही महिला विकास मंच को सरकार से जरूरत संसाधन भी मुहैया कराई जाएगी। कार्यक्रम में प्रदेश सहित यूपी और झारखंड से लगभग 300 महिलाओं ने हिस्सा लिया। 'सावन में लग गई आग' गाना बजते ही हॉल में बैठीं तमाम महिलाएं थिरकने लगी। इस दौरान कई तरह के प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें डांस, गायन, रैंप वॉक इत्यादि शामिल है। महिला विकास मंच की संरक्षक वीना मानवी ने बताया कि सावन महोत्सव का ये आयोजन हम महिलाओं के लिए बेहद खास है। हमारे लिए ये किसी उत्सव से कम नहीं है। इसलिए महिला विकास मंच का पूरा परिवार एक जगह इकट्ठा हुआ और हमने खूब मस्ती की।

## छिनतई के विरोध पर बदमाशों ने सब्जी दुकानदार को चाकू घोंपा

**आरा(नि.सं.)।** अगिआंव बाजार गांव स्थित नहर पुल के समीप शनिवार की रात छिनतई का विरोध करने एक सब्जी दुकानदार को चाकू मार दिया। इसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी दुकानदार अगिआंव बाजार गांव निवासी रजुली साह का 22 वर्षीय पुत्र मनजीत साह है। वह अगिआंव बाजार स्थित हाई स्कूल के बगल में सब्जी की दुकान लगाता है। उसके भाई गोरख साह ने बताया कि वह रोज की तरह शनिवार की रात अपना सब्जी का दुकान बंद कर घर वापस लौट रहा था।

